RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 313
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




फडणवीस का उद्धव पर पलटवार

राष्ट्रीय-9

# कांग्रेस अध्यक्ष के लिए 'एक व्यक्ति, एक पद' का नियम

## गहलोत-थरूर में सीधा मुकाबला, राजस्थान में खुल सकती है पायलट के सीएम बनने की राह

- कमलनाथ, पृथ्वीराज व मनीष तिवारी जैसे वरिष्ठ नेता भी उतर सकते हैं मैदान में
- अधिसूचना जारी, 22 साल बाद हो रहे चुनाव से पार्टी को मिलेगा गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कोच्चि



एर्नाकुलम में पत्रकारों को संबोधित करते राहुल गांधी

**राहुल** गांधी के फिर इनकार करने के बाद कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होंगे और इसकी अधिसूचना बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई। नए पार्टी प्रमुख के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं तिरुअनंतपुरम के सांसद शशि थरूर के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है। लगभग 22 साल बाद हो रहे इस चुनाव के जरिए पार्टी को गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष मिलेगा। कांग्रेस हाईकमान आधिकारिक रूप से गहलोत का समर्थन कर रहा है, इसलिए माना जा रहा है कि चुनाव केवल औपचारिकता ही है। विशेष बात यह कि उदयपुर डिक्लेरेशन के तहत राहुल गांधी द्वारा एक व्यक्ति, एक पद की नीति पर दृढ़ रहने के चलते राजस्थान में सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की राह भी खुलती दिख रही है। अपनी भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान एक ठहराव पर पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि हमने उदयपुर चिंतन शिविर में जो फैसला लिया था, वह पार्टी का वादा था। मुझे उम्मीद है कि एक व्यक्ति, एक पद के वादे के उस सिद्धांत को अपनाया जाएगा।

अध्यक्ष पद के लिए अभी तक गहलोत और थरूर में सीधी टक्कर होती प्रतीत हो रही है। हालांकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ, पृथ्वीराज चौहान और मनीष तिवारी के भी अपनी उम्मीदवारी पेश करने की संभावना है। चुनावी प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यह भी कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के प्रमुख का पद वैचारिक है और जो भी इस जिम्मेदारी को संभालता है, उसे यह याद रखना चाहिए कि वह भारत के एक नजरिए का प्रतिनिधित्व करेगा। इससे एक दिन पहले ही, कांग्रेस अध्यक्ष पद के एक संभावित उम्मीदवार के रूप में देखे जा रहे अशोक गहलोत ने यह संकेत दिया था कि वह अध्यक्ष पद और राजस्थान के मुख्यमंत्री का पद दोनों संभाल सकते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की इस ताजा टिप्पणी से इसकी संभावना बढ़ गई है कि कांग्रेस का अध्यक्ष चुने जाने पर गहलोत को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ सकता है। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण की ओर से अधिसूचना जारी होने के साथ ही देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल के सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाले व्यक्ति को चुनने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से आरंभ हो गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री की अध्यक्षता वाले केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण की ओर से यह अधिसूचना जारी की गई। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, (शेष पेज 8)

# 15 राज्यों में पीएफआई के ठिकानों पर एनआईए-ईडी के छापे

- आतंकी वित्त पोषण में शामिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 106 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में पीएफआई के महासचिव अनीस अहमद (दाएं से दूसरे) को पकड़ कर कोर्ट में पेश करने ले जाती एनआईए टीम

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अगुवाई में कई एजेंसियों ने बृहस्पतिवार को 15 राज्यों में 93 स्थानों पर एक साथ छापे मारे और देश में आतंकवाद के वित्त पोषण में कथित तौर पर शामिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 106 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने पीएफआई के खिलाफ इसे अब तक का सबसे बड़ा जांच अभियान करार दिया। उन्होंने बताया कि केरल में पीएफआई के सबसे अधिक 22 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में इसके अध्यक्ष ओ. एम. ए सलाम भी शामिल हैं। पीएफआई की स्थापना 2006 में की गई थी। यह भारत में हाशिए पर पड़े वर्गों के सशक्तिकरण के लिए नव सामाजिक आंदोलन चलाने का प्रयास करने का दावा करता है। अधिकारियों ने बताया कि सबसे अधिक गिरफ्तारी केरल (22) में की गई। इसक अलावा महाराष्ट्र (20), कर्नाटक (20), तमिलनाडु (10), असम (9), उत्तर प्रदेश (8), आंध्र प्रदेश (5), मध्य प्रदेश (4), पुडुचेरी (3), दिल्ली (3) और राजस्थान (2) में गिरफ्तारी की गईं। गिरफ्तार किए गए सभी पदाधिकारियों का विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं है।

अधिकारियों ने कहा कि एनआईए, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और संबंधित राज्यों के पुलिस बल ने गिरफ्तारियां की हैं अधिकारियों के मुताबिक, आतंकवदियों को कथित तौर पर धन मुहैया कराने, उनके लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने और लोगों को प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ने के लिए बरगलाने में कथित तौर पर शामिल व्यक्तियों के परिसरों पर छापे मारे गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को एक बैठक की। समझा जाता है कि बैठक में पीएफआई से जुड़े परिसरों में की जा रही छापेमारी तथा आतंकवाद के संदिग्धों के खिलाफ कार्वाई पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा (शेष पेज 8)

## लग सकता है प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** इन छापों के बाद पीएफआई पर प्रतिबंध की संभावना है। अधिकारियों ने कहा, यह संगठन कथित लव जिहाद की घटनाओं, जबरन धर्म परिवर्तन, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शनों में अपनी भूमिका, मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, धन शोधन एवं प्रतिबंधित समूहों से संपर्क को लेकर विभिन्न एजेंसियों की निगाह में था। एनआईए ने कहा कि कई हिंसक कृत्यों में कथित संलिप्तता के लिए पीएफआई, उसके नेताओं और सदस्यों के खिलाफ पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में आपराधिक मामले दर्ज किए गए। ऐसे कृत्यों में केरल में एक कॉलेज के प्रोफेसर (शेष पेज 8)

# भागवत पहली बार पहुंचे मस्जिद इमामों के प्रमुख ने कहा राष्ट्रपिता

- मदरसे में भी पहुंचे, छात्रों ने कुरान पढ़कर सुनाया और वंदे मातरम, जय हिन्द के नारे लगाए
- भड़के असदुद्दीन ओवैसी, कहा, संघ प्रमुख से मिल रहे मुस्लिम बुद्धिजीवियों को जमीनी हकीकत पता नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मुस्लिम** समुदाय तक अपनी पहुंच के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को एक मस्जिद और मदरसे का दौरा किया।

उन्होंने इस दौरान ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख के साथ आपसी सौहार्द बढ़ाने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की। इमाम संगठन के प्रमुख ने दोनों की मुलाकात के बाद भागवत को राष्ट्रपिता कहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मध्य दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित एक मस्जिद में गए और उसके बाद उन्होंने उत्तरी दिल्ली के आजादपुर में मदरसा तजावीदुल कुरान का दौरा भी किया।

संघ प्रमुख का यह दौरा उस दिन हुआ, जब जांच एजेंसियों ने देश में आतंकी गतिविधियों के समर्थन के आरोपों से (शेष पेज 8)

# फोर्टिस के पूर्व प्रोमोटरों को छह छह माह की जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मलेशिया की कंपनी आईएचएच हेल्थकेयर को शेयर बेचने से जुड़े मामले में फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के पूर्व प्रोमोटर्स मलविन्दर सिंह और शिविन्दर सिंह को छह-छह महीने कारावास की सजा सुनाई है। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली पीठ ने अवमानना के मामले में पहले दोषी ठहराए गए फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रोमोटर्स को छह महीने कारावास की सजा सुनाई। शीर्ष अदालत ने फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के शेयरों की बिक्री की फॉरेंसिक ऑडिट का भी आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अब इसकी जिम्मेदारी आदेश का निष्पादन कराने वाली अदालत को सौंपी जाती है। गौरतलब है कि फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के पूर्व प्रोमोटर्स जापान की एक कंपनी दाइची सानक्यो के साथ भी अदालती लड़ाई में उलझे हुए हैं। जापानी कंपनी ने सिंगापुर न्यायाधिकरण में सिंह भाइयों के (शेष पेज 8)

# जयशंकर ने भारतीयों की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश मंत्री से जताई चिंता



ब्रिटेन के समकक्ष जेम्स क्लेवरली के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/न्यूयॉर्क

- विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ब्रिटेन के संपर्क में हैं ताकि हिंसा की घटनाएं फिर न हों

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अपने ब्रिटिश समकक्ष जेम्स क्लेवरली से मुलाकात के दौरान ब्रिटेन में भारतीय समुदाय की सुरक्षा एवं कल्याण को लेकर अपनी चिंता साझा की।

वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि लेस्टर हिंसा के बाद भारतीयों पर हमले नहीं हो इसके लिए हम ब्रिटेन के संपर्क में हैं। जयशंकर ने ट्वीट किया कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली से मुलाकात कर ब्रिटेन में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। इस संबंध में उनसे मिले आश्वासन का स्वागत करता हूं। लेस्टर और बर्मिंघम में भारतीय (शेष पेज 8)

# बाइडन ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता का किया समर्थन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत, जापान और जर्मनी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का स्थाई सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया है। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बुधवार को कहा कि अभी इस दिशा में बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, हम पहले भी यह मानते थे और आज भी इस बात को मानते हैं कि भारत, जापान और जर्मनी को सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनाया जाना चाहिए। इससे पहले, राष्ट्रपति बाइडन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में अपने संबोधन में सुरक्षा परिषद में सुधार की बात दोहराई। बाइडन ने कहा कि उनका मानना है कि वक्त आ गया है, जब संस्था को और समावेशी बनाया जाए, ताकि यह आज के युग की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद के सदस्य, जिनमें अमेरिका भी शामिल है, (शेष पेज 8)

# पंजाब सरकार अड़ी, 27 को विस सत्र बुलाने का ऐलान

- राज्यपाल के सत्र बुलाने का फैसला वापस लेने के खिलाफ विधायकों का मार्च, सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और राज्यपाल के बीच खींचतान तेज होती प्रतीत हो रही है। विश्वास मत हासिल करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने से राज्यपाल द्वारा रोके जाने को आप सरकार ने गलत बताया और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि 27 सितंबर को सत्र बुलाया जाएगा।

यही नहीं, राज्य सरकार ने राजभवन के कदम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का भी फैसला किया है। इस बीच, आप के विधायकों ने राज्यपाल के फैसले के विरोध में मार्च निकाला। मंत्रिमंडल की बैठक से पहले मान ने यहां विधानसभा परिसर में आप के सभी विधायकों के (शेष पेज 8)

## भाजपा का प्रदर्शन पानी की बौछार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** की आम आदमी पार्टी नीत सरकार के खिलाफ भाजपा ने बृहस्पतिवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास की ओर बढ़ रहे पार्टी कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने पानी की बौछार की। पंजाब में आप सरकार पर छह महीने में सभी मोर्चों पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए भाजपा की पंजाब इकाई ने मुख्यमंत्री के सरकारी आवास का घेराव करने की घोषणा की थी। भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और जीवन गुप्ता तथा सुभाष शर्मा (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,119 | ↓ | 337 | |
| निफ्टी | 17,629 | ↓ | 88 | |
| सोना | 50,399 | ↑ | 442 | /10g |
| चांदी | 58,580 | ↑ | 558 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रुपया 90 पैसे और टूटकर सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने और आगे भी सख्त रूख बनाए रखने के स्पष्ट संकेत से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिसके चलते बृहस्पतिवार को रुपया 90 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 80.86 प्रति डॉलर (अस्थाई) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व के दरों में बढ़ोतरी करने और यूक्रेन में भूराजनीतिक तनाव बढ़ने की वजह से निवेशक जोखिम उठाने से बच रहे है। वही विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती, घरेलू शेयर बाजार में गिरावट और कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी भी रुपए को प्रभावित कर रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 80.27 पर खुला। दिन में यह और गिरकर 80.95 पर पहुंच गया था।

# संविधान पीठ की कार्यवाही का 27 से सीधा प्रसारण

- सुप्रीम कोर्ट ने अपने कामकाज में पारदर्शिता व पहुंच बढ़ाने की मंशा से लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने अपने कामकाज में पारदर्शिता एवं पहुंच बढ़ाने की कवायद के तौर पर 27 सितंबर से सभी संविधान पीठ के मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने का निर्णय किया है। उच्चतम न्यायालय ने 2018 में इस संबंध में ऐतिहासिक फैसला दिया था और ठीक चार साल बाद उसकी कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित की अगुवाई में उच्चतम न्यायालय के 30 न्यायाधीशों ने स्वप्निल त्रिपाठी मामले में 2018 के उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करने का मंगलवार शाम को सर्वसम्मति से निर्णय लिया। उच्चतम न्यायालय ने पहली बार 26 अगस्त को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अगुवाई वाली एक पीठ की कार्यवाही का एक वेबकास्ट पोर्टल के जरिए सीधा प्रसारण किया था। यह एक रस्मी कार्यवाही थी क्योंकि न्यायाधीश रमण 26 अगस्त को ही सेवानिवृत्त हो रहे थे।

चार वर्ष पहले 26 सितंबर 2018 को उच्चतम न्यायालय ने संवैधानिक और राष्ट्रीय महत्व के मामलों की अदालती कार्यवाही के सीधे प्रसारण को अनुमति देकर न्यायपालिका के कामकाज में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया था। उसने कहा था कि यह पारदर्शिता सूरज की रोशनी की तरह है जो सबसे अच्छा निस्संक्रामक है। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि वैवाहिक विवादों या यौन शोषण से जुड़े संवेदनशील मामलों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण नहीं किया जाना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ को अगले सप्ताह कई महत्वपूर्ण मामलों पर सुनवाई करनी है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संविधान के 103वें संशोधन, नागरिकता संशोधन कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं तथा अन्य मामलों पर होने वाली सुनवाई शामिल है। हाल में कार्यकर्ता-वकील इंदिरा जयसिंह ने सीजेआई यूयू ललित को एक पत्र लिखकर 2018 के फैसले को लागू करने तथा संविधान पीठ के मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, शुरुआत में उच्चतम न्यायालय यूट्यूब के जरिए कार्यवाही का सीधा (शेष पेज 8)

# नौसेना के दो जहाजों का विशाखापत्तनम में जलावतरण

- लगभग 80 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से बने इन पोतों से और शक्तिशाली होगी भारतीय नौसेना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विशाखापत्तनम में जलावतरण के लिए तैयार डाइविंग सपोर्ट वेसल

**भारतीय** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को विशाखापत्तनम में नौसेना के दो डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) का जलावतरण किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में एडमिरल कुमार ने कहा कि डीएसवी का जलावतरण भारत के पोत निर्माण उद्योग और अनुभव की परिपक्वता को दर्शाता है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि डीएसवी अपनी तरह के पहले पोत हैं और इनका डिजाइन तथा निर्माण हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड, विशाखापत्तनम ने नौसेना के लिए किया है। नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि निस्तार और निपुण के निर्माण में प्रयुक्त लगभग 80 प्रतिशत सामग्री स्वदेशी है जो कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया एक बड़ा कदम है। बयान में कहा गया कि डीएसवी परियोजना ने स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा किए और स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहित किया जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नौसेना प्रमुख की पत्नी और नौसेना देखभाल (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022



# 26 को लॉन्च होगी प्राधिकरण की वाणिज्यिक भूखंड योजना

● ग्रेटर नोएडा में शीघ्र ही 11 कॉम्प्लेक्स और बन सकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की चार एफ एआर की अनुमति वाले 11 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना आगामी 26 सितंबर को लॉन्च हो जाएगी। अगर ये सभी भूखंड आवंटित हो गए तो ग्रेटर नोएडा में शीघ्र ही 11 कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और बन सकेंगे। ग्रेटर नोएडावासियों को रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने में और सुविधा हो जाएगी।

वाणिज्यिक भूखंड योजना लॉन्च करने से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने बिल्डरों की संस्था क्रेडाई व अन्य वाणिज्यिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बृहस्पतिवार को बैठक की। सीईओ ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीईओ ने बताया कि इन भूखंडों पर एफ एआर फ्लोर एरिया रेश्यो चार है। आवंटी कुल ग्राउंड कवरेज का 400 फ ीसदी निर्माण कर सकता है। प्लॉट के 40 फ ीसदी एरिया पर ग्राउंड कवरेज की अनुमति है। ग्रेटर नोएडा में अब हाईराइज कॉमर्शियल इमारतें बन सकेंगी। ऑक्शन के जरिए भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। आवेदन से लेकर आवंटन तक की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। एसबीआई पोर्टल के जरिए आवेदन किया जाएगा।

आवेदन के समय बतौर पंजीकरण राशि भूखंड की कुल कीमत का 10 फीसदी देना होगा। शेष धनराशि आवंटन से 90 दिनों में करना होगा। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ दीप चंद्र व अमनदीप डुली, वाणिज्यिक विभाग के ओएसडी संतोष कुमार, जीएम वित्त विनोद कुमार, प्रभारी जीएम सलिल यादव के अलावा क्रेडाई की तरफ से मनोज गौड़, राकेश सिंघल, अनिल कुमार, प्रेम मिश्र, आशुतोष गुप्त, राजीव जैन, दीपक अरोड़ा, हर्षित अग्रवाल, एस राघव, निखिल हवेलिया, आशीष अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, एलएन झा, संजय शर्मा, अमित जैन, अमित मोदी, अंकुर मितत्तल, मनोज गर्ग, रिषभ जैन, बृजेश कुमार, कुनाल भल्ला, राजेश जैन, संदीप बत्रा, किशोर कुमार आदि मौजूद रहे। अल्फा टू कॉमशियल बेल्ट और ईकोटेक-12 स्थित भूखंड के रिजर्व प्राइस में कुल कीमत का 10 प्रतिशत मेट्रो लोकेशन चार्ज भी शामिल हैं। सभी भूखंडों का रिजर्व प्राइस रुपये प्रति वर्गमीटर में है।

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि शिखा आनंद/सुदर्शन कुमार (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00002130320 तथा पता लैट नंबर 803, 8वां तल, ब्लॉक-ए, अमृतसर वन, शुभम एन्क्लेव, एनएच-1, अमृतसर, पंजाब के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 19 सितम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एटीएम एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 23 सितम्बर, 2022 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

परफेक्टपैक लिमिटेड
सीआईएन:- एल72100डीएल1972पीएलसी005971
पंजी. कार्यालय: 910, चिरंजीव टावर 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली 110019
फोन नंबर: 011 2644 1015 18, वेबसाइट: www.perfectpac.com
ई मेल आईडी : complianceofficer@perfectpac.com

इक्विटी शेयर्स के उप विभाजन/विभाजन हेतु
रेकार्ड तिथि की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार, 15 सितम्बर, 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग अथवा अन्य ऑडियो विजुअल साधनों के माध्यम से आयोजित कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित अनुसार कम्पनी के रू. 10/ (रूपए दस) प्रत्येक के अंकित मूल्य के पूर्ण प्रदत्त हर 1 (एक) इक्विटी शेयर के रू. 2/ (रूपए दो) प्रत्येक के अंकित मूल्य के 5 (पांच) इक्विटी शेयर्स में उप विभाजन/विभाजन हेतु हकदार शेयरधारकों के नाम के अभिनिश्चयन के प्रयोजन हेतु बृहस्पतिवार, 22 सितम्बर, 2022 को सर्कुलेशन के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर शुक्रवार, 21 अक्टूबर, 2022 को "रेकार्ड तिथि" अनुमोदित तथा नियत की है।

उपरोक्त सूचना कम्पनी वेबसाइट www.perfectpac.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

वास्ते परफेक्टपैक लिमिटेड
हस्ता./
स्थान : नई दिल्ली — संजय राजगढ़िया
तिथि : 22 09 2022 — प्रबंध निदेशक

# ठेकेदार सुंदर यादव की लग्जरी गाड़ियां जब्त

**दीवार गिरने का मामला**

## प्राधिकरण के दो एसीईओ और ओएसडी ने घटना स्थल पर पहुंचकर जुटाए तथ्य

● आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस की चार टीमें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


जांच के लिए पहुंचे सीईओ मानवेंद्र , प्रवीण मिश्रा और ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह।

नोएडा में दीवार गिरने और चार लोगों की मौत के मामले में प्राधिकरण ने जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार को दोपहर को नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ मानवेंद्र सिंह, एसीईओ प्रवीण मिश्रा और ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह सर्किल-2 के जेई शेखर को लेकर घटना स्थल पहुंचे। यहीं दो दिन पहले दीवार गिरने से मजदूरों की मौत हुई थी।

इस दौरान अधिकारियों ने दीवार की मजबूती देखी और घटना स्थल पर जेई से सवाल जवाब भी किए। घटना का पूरा विवरण भी लिया गया। बता दे घटना के कुछ देर बाद ही एसीईओ सीईओ ऋतु माहेश्वरी के साथ यहां आए थे। सीईओ ने इस मामले में एसीईओ मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाई है। जिनको 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट देनी है।

थर्ड पार्टी तकनीकी संस्था फ ॉर्ट्रेस इंफ्राकॉन लिमिटेड इनका सहयोग करेगी। सूत्रों ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। पहले दिन जांच में एसीईओ की ओर टेंडर संबंधित दस्तावेज और जानकारी ली गई।

जिसमें कंपनी का बैकग्राउंड, काम करने का तरीका और किन-किन अधिकारियों की क्या जिम्मेदारी थी, इसके बारे में जानकारी ली गई। दो से तीन दिन में एसीईओ की अध्यक्षता वाली ये टीम साइट विजिट करेगी। चार मजदूरों के मौत के मामले में मुख्य आरोपी ठेकेदार सुंदर यादव अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

पुलिस का दावा है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सुंदर यादव की लग्जरी गाड़ियों को जब्त किया है। इसमें एक कार गाजियाबाद और दूसरी नोएडा से रजिस्टर्ड है। लेकिन दोनों के नंबर वीआईपी श्रेणी के है। दोनों गाड़ियों को उसके निवास से उठाकर पुलिस कोतवाली सेक्टर.20 ले आई है। वहीं परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस की चार टीम लगी हुई है। जिन्होंने नोएडा, गाजियाबाद और आसपास के जनपदों में छापेमारी की है।

# गाजियाबाद में बीच सड़क पर भिड़े छात्र, तभी कार ने मारी टक्कर

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के हाईटेक कॉलेज के बाहर बुधवार को दो छात्र गुटों में झगड़ा हो गया। सड़क पर ही जमकर लात.घूसे चले। इसी दौरान एक कार ने आपस में लड़ रहे छात्रों को टक्कर मार दी। इससे छात्र हवा में उछल कर सड़क पर गिर गए। इसका वीडियो सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि बीच सड़क पर बड़ी संख्या में छात्र आपस में लड़ रहे हैं। एक तेज रफ्तार कार आती है और दो छात्रों को टक्कर मार देती है। दोनों छात्र हवा में उछल कर सड़क पर गिर जाते हैं। गाड़ी का अगला शीशा भी टूट जाता है। बताया जा रहा है कि हाईटेक कॉलेज के बाहर बुधवार को जिन दो गुटों में लड़ाई हुई। उसमें कुछ वर्तमान और कुछ पास आउट छात्र थे।

# हाई कोर्ट से श्रीकांत त्यागी को मिली जमानत

● 44 दिन से जेल में बंद है कथित भाजपा नेता

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

श्रीकांत त्यागी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। गैंगस्टर के मामले में श्रीकांत त्यागी को जमानत मिली है। गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय में गैंगस्टर की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। जिसके बाद श्रीकांत ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका डाली। जिस पर हाई कोर्ट से जमानत मिल गई। अब बहुत ही जल्द श्रीकांत त्यागी जेल से बाहर आ सकते है।

श्रीकांत त्यागी 9 अगस्त से जेल में बंद है। बीते 5 अगस्त को श्रीकांत त्यागी ने महिला के साथ अभद्रता की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।


फाइल फोटो

जिसके बाद यह मामला हाईलाइट हो गया था। जेल जाने के करीब 44 दिन बाद श्रीकांत को जमानत मिली है।

अन्य मामलों में श्रीकांत को जिला न्यायालय से पहले ही जमानत मिल चुकी है। श्रीकांत त्यागी ने नोएडा के सेक्टर-93बी में स्थित ग्रैंड ओमेक्स हाउसिंग सोसाइटी में बालकनी को कवर किया गया था और बालकनी के आसपास काफी संख्या में पेड़-पौधे लगाए हुए थे।

बीते 5 अगस्त को सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने वहां से एक पौधा उखाड़ दिया था। जिसके बाद श्रीकांत त्यागी मौके पर आ गया और महिला से पेड़ उखाड़ने वाली बात पर उलझ गया।

इसी दौरान महिला ने कहा कि उसने अवैध कब्जा किया हुआ है। इसी बात को लेकर श्रीकांत त्यागी और महिला के बीच नोकझोंक बढ़ गई। श्रीकांत ने महिला के साथ बदसलूकी करते हुए धक्का दे दिया था। इस दौरान उसने महिला को गाली भी दी थी।

वायरल श्रीकांत ने महिला से गाली गलौज की। इसका वीडियो वहां मौजूद कुछ लोगों ने बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर श्रीकांत के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और श्रीकांत को 9 अगस्त को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया गया।

# झूठी शान के चलते भतीजी के प्रेमी का गला काटा

● शराब पिलाकर दिया वारदात को अंजाम, आरोपी चाचा गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर जिले के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के कुलेसरा गांव में रहने वाले एक युवक (21) की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शव को बरामद कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतक और आरोपी की भतीजी के बीच प्रेम प्रसंग थे, लेकिन दोनों की शादी नहीं हो पा रही थी, जिससे आक्रोशित आरोपी ने अपनी भतीजी के प्रेमी की हत्या कर दी।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि कुलेसरा गांव की संजय विहार कॉलोनी में रहने वाले अतुल के उसके पड़ोस में रहने वाली 18 वर्षीय युवती से प्रेम संबंध थे। कुमार के अनुसार, जाति अलग होने और अन्य कारणों से दोनों का विवाह नहीं हो पा रहा था। युवती के चाचा अनिल ने अतुल को 19 सितंबर की रात को अपने पास बुलाया और उसे कुलेसरा गांव के ठेके के पास लेकर गया, जहां दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। कुमार के मुताबिक, इसके बाद अनिल ने अतुल की गर्दन पर ब्लेड से वार कर दिया और उसकी हत्या कर दी। जब अतुल अपने घर नहीं पहुंचा तो उसके चाचा ने ईकोटेक-3 थाने में अनिल को नामित करते हुए अपने भतीजे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# डॉक्टरों ने निकाली नवजात की गर्दन से बड़ी गांठ

नोएडा। नोएडा के एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने गर्दन में ब्रेन फ्लुईड से भरी एक गांठ सर्वाइकल मे निंगोमाइलोसील जैसी दुर्लभ कंडीशन से जूझ रहे नवजात का सफलतापूर्वक इलाज किया। तुरंत सर्जरी कर नहीं निकालने पर इस गांठ के फटने का जोखिम बहुत अधिक था।

डॉ राहुल गुप्ता के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने इस नवजात का ऑपरेशन किया जो 3 घंटे तक चली सर्जरी के बाद सूजी हुई गांठ को गर्दन से निकाल दिया। सर्जरी के बारे में डॉ गुप्ता ने बताया यह बहुत दुर्लभ कंडीशन होती है और इसकी सर्जरी करना भी बहुत मुश्किल होता है।

# नोएडा प्राधिकरण बनाएगा ढांचागत ऑडिट नीति

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ढांचा ऑडिट नीति बनाने जा रहा है। प्रदेश की पहली ऑडिट नीति होगी। इसे हरियाणा में लागू स्ट्रक्चरल पॉलिसी की तर्ज पर बनाया जा रहा है। प्राधिकरण के एसीईओ और प्लानिंग सेक्शन इस पर काम कर रहे हैं। इस पॉलिसी को आगामी बोर्ड में रखा जाएगा। इसके तहत शहर में ऊंची इमारतों का स्ट्रक्चरल ऑडिट किया जाएगा।

ऑडिट का खर्चा सोसाइटी आपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन एओए को देना होगा। शहर में 400 सोसाइटी हैं। इसमें 18 निर्माणाधीन हैं। इन सोसाइटी में करीब 70 हजार फ्लैट बने हैं, जिनमें 2.5 लाख लोग रहते हैं। करीब 35 हजार फ्लैट बन रहे हैं। गुरुग्राम में हुए हादसे के बाद वहां अप्रैल 2022 में स्ट्रक्चरल ऑडिट पालिसी को लागू किया गया था। वहां हाइराइज इमारतों की सेफ्टी के लिए इसे बनाया गया। इसी तरह नोएडा भी ऑडिट नीति बना रहा है। ये काम प्राधिकरण के एसीईओ के अंडर किया जा रहा है। बिल्डर प्रोजेक्ट निर्माण के बाद प्राधिकरण में कंपलीशन सर्टिफि केट सीसी के लिए अप्लाई करता है। इसके लिए उसे इमारत की ऑडिट नीति लगानी होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रेटर नोएडा में फिर चला बुलडोजर



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह की पहल पर गठित अतिक्रमण उन्मूलन दस्ते का असर दिखने लगा है। प्राधिकरण ने दो जगहों पर कार्रवाई की है। एक तरफ सुनपुरा में 35 हजार वर्गमीटर जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को ढहाया, जिसकी कीमत करीब 70 करोड़ रुपये आंकी गई है। दूसरी तरफ ईकोटेक 10 व 11 के बीच आवाजाही के लिए बने संपर्क मार्ग पर अवैध कब्जे को भी स्थानीय पुलिस की मदद से हटा दिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने अधिसूचित एरिया में हो रहे अवैध कब्जे को रोकने और अतिक्रमण को ध्वस्त करने के लिए अतिक्रमण उन्मूलन दस्ते का गठन किया है। इस दस्ते में प्राधिकरण ने अपने खर्च पर आर्मी के सेवानिवृत्त जवानों की तैनाती की है।

### बदमाशों ने की दुकानदार से लूट

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में जिया फोटोग्राफर नाम से दुकान चलाने वाले रोहित के साथ दुकान में घुसकर लूट की घटना का मामला सामने आया है। दुकान संचालक का कहना है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों में से एक बाहर खडा रहा जबकि दो उसकी दुकान में अंदर घुसे जिन्होंने उसे फोटो खिचवाने के लिए कहा अंदर जाने पर अंदर घुसे युवकों ने रोहित को अंदर बांध कर उसके दो हजार रुपये व एक कैमरा लेकर फरार हो गए। घटना के कुछ देर बाद पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को इंद्रापुरी पुलिस चौकी पर जाकर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

### घरोंदा बाल संरक्षण केंद्र से दो बच्चे लापता

**गाजियाबाद।** कविनेगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हापुड़ रोड गोविंदपुरम कॉलोनी के निकट स्थित घरोंदा के नाम से चलाये जा रहे बाल संरक्षण केंद्र के संचालक व प्रबंधक की लापरवाही उस समय उजागर हो गई कि जब इस बाल आश्रम में रहने वाले दो अबोध बच्चे सुबह सवा सात बजे के आस.पास रहस्यमय हालात में लापता हो गये। पुलिस को दी गई तहरीर में घरोंदा एनजीओ के संस्थापक ओंकार सिंह व क्रेद अधीक्षक अंजू सिंह ने पुलिस को बताया कि दोनों बच्चे सुबह के समय इमारत की दिवार कूदकर भाग ये है। इस संदर्भ में एसएचओ थाना कविनगर अमित सिंह का कहना है कि पुलिस ने सूचना मिलते ही रिपोर्ट दर्ज करके दोनों बच्चों की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

### सड़क पर बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 में सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले एक अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में आज मौत हो गई है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 के पास एक 60 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति पुलिस को सड़क पर गंभीर हालत में मिले थे। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मानसिक तनाव के चलते की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर.15 के ई. ब्लॉक में रहने वाले एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना फेस वन के प्रभारी निरीक्षक विरेशपाल गिरी ने बताया कि सेक्टर 15 के ई. ब्लॉक में रहने वाले सत्या 45 वर्ष नामक व्यक्ति ने आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि मृतक ने एक सुसाइड नोट लिखा है। पुलिस उसके आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### बिकने की कगार पर जीआईपी मॉल

**नोएडा।** नोएडा का सबसे प्रतिष्ठित द ग्रेट इंडिया प्लेस यानी जीआईपी मॉल बिकने जा रहा है। एक समय इसे देश का सबसे बड़ा मॉल कहा जाता था। यहां बड़ी संख्या में लोग शॉपिंग करने और घूमने आते हैं। इस मॉल में वंडर्स ऑफ वंडर के साथ मनोरंजन पार्क भी शामिल हैं। द ग्रेट इंडिया प्लेस को अप्पू घर ग्रुप और द यूनिटेक ग्रुप ने डेवलेप किया था। इसका रख.रखाव एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड कर रहा है। यह नोएडा सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन से सटे सेक्टर 38-ए में है। मॉल को 2 हजार करोड़ रुपए में बेचने की बात चल रही है। हालांकि, अभी तक इसकी आधकारिक पुष्टी नहीं की गई है। ये मॉल करीब 147 एकड़ में बनाया गया है। 1.7 मिलियन वर्ग फुट एरिया में डेवेलप है। बाकी एरिया अभी भी खाली है। खरीदार इसका इस्तेमाल कॉमर्शियल बिल्डिंग को बनाने में भी कर सकता है। दरअसल जब मॉल बिकेगा, तो इसका ट्रांसफर ऑफ मेमोरेंडम किया जाएगा।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | यशवंत प्लेस सर्विस स्टेशन/ राज कुमार गोयल/ रजनी गोयल/प्रदीप मेहरा/ LBNOD00005311294/ LBNOD00005119999 | प्लॉट नंबर 163, मोती बाग- II, सत्य निकेतन, दिल्ली/ सितंबर 17,2022 | जून 09, 2022 रु. 4,51,58,484/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 23, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लि.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुशरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समुनदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुकुमार सिंह/ रीता सिंह/ 9200002078/ QZZRH00005034714 | फ्लैट नंबर 3, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक बी 14, पॉकेट 1, सेक्टर 34 रोहिणी, दिल्ली/ सितंबर 19, 2022 | अप्रैल 01, 2022/ ₹ 15,15,789/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मंसूर/ इशरत झान/- 13300000731/ QZDEL00005014824 | प्रॉपर्टी नंबर 926, बी -1, अपर ग्राउंड फ्लोर, खसरा नंबर 93, गली नंबर 8, गोविंदपुरी, कालकाजी, दिल्ली, नई दिल्ली/ सितंबर 19, 2022 | अप्रैल 01, 2022/ ₹ 18,49,549/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 23, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लि.

SRF LIMITED
Regd. Office: The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
Corporate Office: Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

NOTICE

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SRF0118764 | V K GUPTA | 573855-7 | 26259367 | 26259516 | 150 |
| 2 | SRF0109520 | H B STOCKHOLDINGS LIMITED | 90032084-5 | 7315466 | 7315545 | 80 |
| | | | 90119986-7 | 7315386 | 7315405 | 20 |
| 3 | SRF0103341 | SHLOK DEEPANKAR (Deceased Shareholder) | 394136 | 17498825 | 17498874 | 50 |
| | | INDRA GUPTA (Jt. Holder 1 & Claimant) | | | | |
| 4 | SRF0042115 | GORDHANDAS LILADHER (Deceased Shareholder) | 90088163-5 | 9605306 | 9605405 | 100 |
| | | MRUDULA GORDHANDAS (Jt. Holder 1 & Claimant) | 90197375 | 15210515 | 15210564 | 50 |
| | | PANKAJ GORDHANDAS (Jt. Holder 2) | | | | |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.
Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

for SRF LIMITED
Sd/-
RAJAT LAKHANPAL
Vice President (Corporate Compliance) & Company Secretary
Place: Gurugram
Date: 22-09-2022

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि अम्बरेश चंद्र वर्मा/आरती वर्मा (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002074973 तथा पता यूनिट नंबर सी-503, ब्लॉक-सी, अमृतसर वन, शुभम एन्क्लेव, जी.टी. रोड, अमृतसर, पंजाब के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 17 सितम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एटीएम एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 23 सितम्बर, 2022 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि मुरली कृष्ण चितलूरी/लक्ष्मी (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00001849295 तथा पता यूनिट नंबर जी-1106, 11वां तल, ग्रैण्ड सवाना, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 21 सितम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि केडीपी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।


कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 23 सितम्बर, 2022 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# डीडीएमए बैठक : बूस्टर डोज लगवा कोविड-19 को दें मात

● मुख्यमंत्री ने की अपील, त्योहारी मौसम में अपने परिवार को संक्रमण से रखें सुरक्षित,


एलजी वी.के सक्सेना


सीएम अरविंद केजरीवाल

कोरोना वायरस से बचने के लिए सभी एहतियात बरतें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। इसे देखते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की गुरुवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने पर लगने वाले 500 रुपये के जुर्माने को समाप्त कर सकता है।

साथ ही कोविड-19 के मामलों में लगातार हो रही कमी के मद्देनजर अस्पतालों में तैनात कर्मचारियों तथा उपकरणों को भी चरणबद्ध तरीके से कम किया जाएगा। इस आशय के संकेत डीडीएमए की बैठक में मिले। बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए।

बैठक में कोविड-19 के हालात पर चर्चा की गई। साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने के लिए अस्पतालों को दिए गए संसाधनों की समीक्षा भी हुई।सूत्रों ने बताया कि बैठक में आइएलआइ-एसएआरआइ मामलों की निगरानी बढ़ाने का फैसला लिया गया ताकि शुरुआती चेतावनी का पता चल सके। वहीं एहतियाती टीके की खुराक लगवाने को मौजूदा 24 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 40-50 प्रतिशत करने पर भी सहमति बनी।

स्वास्थ्य विभाग (किसी भी आपदा से निपटने के लिए) कार्य योजना तैयार करेगा। बैठक में जीनोम सीक्वेंसिंग के आंकड़ों के विश्लेषण पर भी जोर दिया गया ताकि मामलों की संख्या में वृद्धि या किसी नये स्वरूप के सामने आने पर पता चल सके। वहीं विशेषज्ञ सदस्यों ने जोर दिया कि अभी ढीला नहीं पड़ना चाहिए। वहीं मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली वालों से कोविड-19 टीके की बूस्टर खुराक जरूर लेने की अपील की है। त्योहारों के मौसम में अपने परिवार को कोरोना से सुरक्षित रखें।

कोरोना से बचने के लिए सभी एहतियात बरतें। इससे पहले डीडीएमए की बैठक पांच महीने पहले अप्रैल में हुई थी।

उस बैठक में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया था और इसका उल्लंघन करने वालों पर 500 रुपये जुर्माने का प्रविधान किया गया था।

## स्कूलों में अज्ञात शिक्षक घोटाले की जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** एलजी और दिल्ली सरकार में तनातनी कम नहीं हो रही है। ताजा मामले में एलजी विनय कुमार सक्सेना ने आम आदमी पार्टी की सरकार के स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में गड़बड़ी और अज्ञात शिक्षकों के वेतन भुगतान में धन के गबन के आरोपों की विभागीय जांच के आदेश हैं।

उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव शिक्षा निदेशक को रिर्पोट देने के लिए कहा है कि वह अपने स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति, उपस्थिति और वेतन से संबंधित जानकारियां एक महीने में मुहैया कराएं। उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव को भेजे गए नोट में कहा, एलजी ने पाया है कि फर्जी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति और धन गबन के मामले गंभीर चिंता का विषय हैं और यह प्रधानाचार्या, उप प्रधानाचार्या, लेखा कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हो सकता। सक्सेना ने हाल में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा को सरकार के एक स्कूल के चार उप-प्रधानाचार्यों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की अनुमति दी थी। इन पर फर्जी अतिथि शिक्षकों के माध्यम से कथित धन घोटाले का आरोप है।

## हंसाने वाले राजू को भीगी पलकों से दी विदाई


निगम बोध घाट पर बृहस्पतिवार को हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव को मुखाग्नि देते हुए उनके बेटे आयुष्मान।

● अंतिम विदाई देने निगम बोध घाट पर पहुंचे बड़ी संख्या में प्रशंसक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रख्यात हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव का बृहस्पतिवार को यहां परिजनों, करीबी दोस्तों और प्रशंसकों की मौजूदगी में निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

जिंदगी पर सभी को हंसाने वाले राजू श्रीवास्तव को अंतिम विदाई देते समय हर किसी की आंखे नम थी। श्रीवास्तव के पार्थिव शरीर को बुधवार को उनके परिवार को सौंपे जाने के बाद दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में द्वारका स्थित उनके घर पर ले जाया गया था। वहां से सफेद फूलों से सजी एम्बुलेंस कश्मीरी गेट स्थित निगम बोध श्मशान घाट के लिए रवाना हुई। उसमें हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा और अशोक चक्रधर भी मौजूद थे।

भाई दीपू श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे श्रीवास्तव का हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे आयुष्मान ने उन्हें मुखाग्नि दी। हास्य कलाकार सुनील पाल, एहसान कुरैशी, निर्देशक मधुर भंडारकर और गायक राम शंकर सहित सैकड़ों प्रशंसक श्रीवास्तव को अंतिम विदाई देने पहुंचे। दीपू ने कहा कि राजू भाई को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके इतने सारे प्रशंसकों व सहयोगियों को यहां आते देखकर दिल को काफी तसल्ली मिली। उन्होंने बताया कि परिवार ने प्रार्थना सभा के लिए जगह अभी तय नहीं की है।

## बारिश से कई इलाकों में जलभराव, यातायात प्रभावित


स्कूल की छुट्टी के बाद बारिश में मस्ती।

● पुलिस ने लोगों की मदद को जाम से जुड़ी सूचनाएं की साझा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानीमें बृहस्पतिवार को हुई वर्षा के कारण यातायात थम सा गया। अलग-अलग हिस्सों में मध्यम बारिश होने के कारण जलभराव की समस्या भी पैदा हो गई है।

दिल्ली यातायात पुलिस यातायात और जाम से जुड़ी ताजा सूचनाएं ट्विटर पर साझा कर रही है ताकि लोगों को मदद मिल सके। यातायात पुलिस ने ट्वीट किया है, महिपालपुर लाल बत्ती से महरौली जाते हुए जलभराव के कारण कैरिजवे पर यातायात प्रभावित है।

जलभराव के कारण फिरनी रोड और नजफगढ़ में तुड़ा मंडी लाल बत्ती पर भी यातायात प्रभावित है। एक ट्वीट में कहा गया कि मोती बाग जंक्शन से धौला कुंआ जाते हुए महात्मा गांधी मार्ग से बचें क्योंकि शांति निकेतन के पास जलभराव हो गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली और आसपास के इलाकों में गरज के साथ हल्की और भारी बारिश होने का अनुमान है। यात्रियों ने भी ट्विटर पर शहर में जाम लगने की समस्या और उससे हो रही परेशानी के बारे में शिकायत की।

एक व्यक्ति ने लिखा है, हमदर्द नगर से अंबेडकर नगर बस डिपो पर भयंकर जाम। एक अन्य यूजर ने लिखा है, भारी बारिश के कारण विभिन्न जगहो पर फंसे वाहन चालकों को दिशा दिखाने के लिए यातायात पुलिस का कोई कर्मी मौजूद नहीं है।

द्वारका पालम फ्लाईओवर पर डीटीसी की एक बस खराब होने से दोपहर करीब एक बजे, 45 मिनट तक जाम में फंसा रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### मौलाना आजाद कॉलेज से पढ़कर निकले 484 डॉक्टर


छात्रा को डिग्री प्रदान करते एलजी वी.के सक्सेना

**नई दिल्ली।** मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और स्नातकोत्तर के करीब 484 डॉक्टर पढ़कर निकले। वर्ष 2020 में उत्तीर्ण हुए लगभग 236 एमबीबीएस और पिछले साल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले 248 छात्रों को समारोह में डिग्री प्रदान की गई। इसके अलावा वर्ष 2020-21 बैच के कुल 356 स्नातकोत्तर छात्रों को भी डिग्री प्रदान की गई। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यहां मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) के छात्रों को डिग्री प्रदान की। इस मौके पर उपराज्यपाल ने कहा कि शिक्षण और प्रशिक्षण के साथ-साथ किसी भी चिकित्सा संस्थान के लिए अनुसंधान को प्रोत्साहित करना एक महत्वपूर्ण कार्य होना चाहिए। उन्होंने मानव विकास के लिए बुनियादी अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया।

### ऑनलाइन निवेश का लालच देकर ठगने वाले दो धरे

**नई दिल्ली।** फर्जी ऑनलाइन निवेश के संदेश भेजकर लोगों से लाखों रुपए ठगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लोगों को आकर्षक योजनाओं में निवेश करने का झांसा देकर उन्हें फर्जी लिंक के संदेश भेजते थे। इन लोगों की पहचान पीतमपुरा निवासी पुनीत कुमार और कराला के रोहित कुमार के रूप में की गई है। पीड़ित ने कहा था कि उसे सोशल मीडिया पर एक अज्ञात प्रोफाइल से, घर बैठे काम करने संबंधी एक संदेश मिला। कहा गया कि वह एक ई-वाणिज्य परियोजना में काम करती है और शिकायतकर्ता को पैसे कमाने के लिए एक लिंक पर जाकर पंजीकरण करवाना होगा। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने पंजीकरण करवाने के बाद उस लिंक पर दिए गए टास्क को पूरा करना शुरू कर दिया जिससे उसे 4,35,000 रुपए की चपत लग गई।

### जूते बनाने वाली फैक्टरी में आग



**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के नरेला इलाके में जूते बनाने वाली एक फैक्टरी में बृहस्पतिवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आग लगने की सूचना उन्हें पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे मिली, जिसके बाद 15 दमकल वाहनों को घटनास्थल की ओर रवाना किया गया। अधिकारी ने बताया कि इस फैक्टरी में एक भूमिगत तल, भूतल और उसके ऊपर दो तल हैं। आग पहली और दूसरी मंजिल पर लगी है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



# जनहित के लिए हैं जनप्रतिनिधि और अधिकारी : विधायक सिंगला

### साउथ सिटी-1 में लगाया गया विधायक आपके द्वार कार्यक्रम का दरबार

### विधायक ने कई समस्याओं का मौके पर ही किया समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम साउथ सिटी-1 में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुवार को साउथ सिटी-1 में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। कुछ समस्याओं का उन्होंने मौके पर ही समाधान कर दिया। बाकी बची समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला का क्षेत्र के लोगों से स्वागत किया। कम औपचारिकताओं के साथ विधायक ने अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों की समस्याएं सुननी शुरू कीं। इस दौरान उनके समक्ष सड़कें, पानी, बिजली, सीवरेज की समस्याएं रखी गई। इन सामूहिक समस्याओं को सुनने के बाद विधायक ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को एक-एक शिकायत पर त्वरित काम करने के लिए निर्देशित किया। कुछ समस्याएं ऐसी थी, जिन्हें मौके पर ही निपटा दिया गया। विधायक ने अधिकारियों को निश्चित समय में सभी का समाधान करने का आदेश दिया। क्षेत्रवासियों ने विधायक को बताया कि वहां पर सामुदायिक केंद्र नहीं है। इस कारण से छोटे-छोटे कार्यक्रम करने के लिए उन्हें काफी दिक्कत होती है। विधायक ने उन्हें कम्युनिटी सेंटर बनाने के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री से इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी, सभी जनता के हितों के लिए हैं। जनहित के किसी भी काम में देरी और लापरवाही नहीं होनी चाहिए। तय समय में काम पूरे होने चाहिए। छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान अधिकारियों को अपने स्तर पर तुरंत ही कर देना चाहिए। ऐसा ना हो कि जनता भटकती रही। उन्होंने कहा कि जनता हर सुविधा की हकदार है। समय पर सभी सुविधाएं देना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान ज्वाइंट कमिश्नर एमसीजी सतीश यादव, एक्सईएन विशाल गर्ग व अन्य अधिकारियों ने सभी समस्याओं को जल्द निपटाने का भरोसा दिया। लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला के विधायक आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना की। इससे लोगों को भटकना नहीं पड़ता।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, अनिल राव, महामंत्री अशोक डबास, स्वाती टंडन, राम गुप्ता, सुनील मित्तल, अश्विनी दुग्गल, इंद्र, अशोक भारद्वाज, दीपक शर्मा, बरखा शर्मा, राजीव शर्मा, राज चोपड़ा, हेमंत सिंह, राजेश अरोड़ा, सागर भोला, मुकेश मलिक सीएम गुप्ता, अनिल गुप्ता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# नवीन गोयल के प्रयासों से कालेजों में फिर से खुला दाखिले का पोर्टल

### नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री का जताया आभार

**गुरुग्राम।** प्रदेश के महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने से वंचित रह गए छात्रों के लिए खुशखबरी है। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के प्रयासों से दाखिलों के लिए आवेदन करने को ऑनलाइन पोर्टल तीन दिन (22 से 24 सितम्बर तक) के लिए खोला गया है। सरकार के इस निर्णय के लिए नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल का आभार जताया है।

नवीन गोयल ने बताया कि प्रदेश के महाविद्यालयों में दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद ऑनलाइन पोर्टल को उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से बंद करके दाखिले की अगली प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। श्री गोयल ने छात्र हित में कदम बढ़ाते हुए नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल और उच्चतर शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों के समक्ष पूरी स्थिति की जानकारी दी और सलाह दी कि ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल का कुछ समय के लिए फिर से खोल दिया जाए, ताकि वंचित विद्यार्थियों को दाखिला मिल जाए और महाविद्यालयों में सभी सीटें भी भर जाएं।

सरकार के निर्देशों पर उच्चतर शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल को 22 से 24 सितम्बर तक के लिए खोल दिया है। 24 सितम्बर शाम 5 बजे तक आवेदन किए जा सके हैं। इसके बाद 25 सितम्बर को फिजिकल ओपन काउंसलिंग होगी। इस दौरान विद्यार्थियों को दाखिला मिलेगा। नवीन गोयल ने इस सकारात्मक कार्य के लिए सरकार का आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डिजिटल नहीं असली गेम्स में लगाएं बच्चों को : नवीन गोयल



**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूल खेलों में जिमनास्टिक चैंपियनशिप में गुरुग्राम के निर्भय शर्मा पुत्र दर्पण शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया है। निर्भय शर्मा की इस उपलब्धि पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बधाई देते हुए उसे सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, ललित क्रांतिकारी, मनीष नारंग, प्रवीन, मोहित वत्स, विजय वर्मा, सुधीर, सुधीर कलसन आदि मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्कूलों में शिक्षा के साथ किसी न किसी खेल से भी जोड़ें। बचपन से ही हमें बच्चों का सर्वांगीण विकास करना चाहिए। जिम्नास्टिक खेल बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि स्कूल हो या घर, बच्चों का ध्यान मोबाइल स्क्रीन से हटाकर खेलों की तरफ लगाना चाहिए। आज के समय में अधिक समय स्क्रीन पर बिताने के चलते बच्चों की आंखों पर बुरा असर पड़ता है। बच्चों की आंखों को बचाने के लिए उन्हें घूमने की आदत डालें। बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के लिए जरूर है कि अपनी पौराणिकता की ओर हम बढ़ें। खेतों में ना सही आसपास के पार्कों में बच्चों को सुबह-शाम घुमाना चाहिए। इससे बच्चे मोबाइल से भी दूर रहेंगे और हरियाली में घूमने से उनकी आंखों की रोशनी भी बढ़ेगी। श्री गोयल ने कहा कि कई सर्वे में यह सामने आ चुका है कि मोबाइल बच्चों की आंखों की रोशनी छीन रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम बच्चों को डिजिटल गेम्स की बजाय असली खेलों की तरफ लेकर जाएं। इससे बच्चे मजबूत बनेंगे। उनकी शरीर मजबूत बनेगा और मानसिक मजबूती भी होगी।

### बिजली लाइन पर आसमानी बिजली गिरने से आपूर्ति हुई ठप

**सोहना।** बिजली लाइन पर आसमानी सोहना के 66 केवीए पावर हाउस की बिजली सप्लाई ठप हो गई। करीब आधा घंटा की कड़ी मशक्कत के बाद पावर हाउस में ठप सप्लाई को चालू किया गया। गुरुवार को वैसे तो सोहना शहर के अंदर बना 66 केवीए पावर हाउस से बिजली सप्लाई दिन के 12 बजे के बाद ठप हो गई। बिजली सप्लाई ठप होने का असर निगम का कामकाज पर भी पड़ा। जहां बिजली का बिल जमा करने आए उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़े होने के बाद भी बिल जमा नहीं कर सके। इतना ही नहीं शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई का हाल आयाराम-गयाराम की तरह से रही। लेकिन दोपहर 3 बजकर 54 मिनट पर शहर में स्थापित 66 केवीए पावर हाउस की समस्त बिजली सप्लाई एक साथ ठप हो गई। जिसका कारण आसमान में कड़की जोरदार बिजली का बताया गया। पावर हाउस के प्रभारी उमेश प्रसाद ने बताई कि यहा से 6/7 किलोमीटर दूर लाइन पर आसमानी बिजली गिर जाने से सारा पावर हाउस ठप हो गया। बारिश होने के कारण पैट्रोलिंग नहीं की जा सकी। पावर हाउस में ही सप्लाई को चालू करने के लिए बार-बार ट्राइल किया गया। करीब 30 मिनट तक ऐसा करने के बाद ठप सप्लाई चालू हो गई।

### युवाओं के पढ़ने से देश आगे बढ़ेगा: अश्विनी वशिष्ठ



**सोहना।** खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोंडसी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ने प्रथम तथा अभयपुर स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समाज में फैल रही कुरीतियों को दर्शाते हुए उन्हें दूर करने का संदेश दिया। गुरुवार को भोंडसी के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें खंड के 10 राजकीय स्कूलों से आए करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चौधरी सुभाष राघव स्कूल प्रबंधन कमेटी सदस्य व डाइट से डॉक्टर सोना यादव और डॉक्टर अश्विनी वशिष्ठ व प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डॉक्टर श्याम राघव मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रोल प्ले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोंडसी की टीम ने प्रथम स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अभयपुर की टीम ने द्वितीय स्थान व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बादशाहपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फोक डांस में राजकीय कन्यावरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोंडसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व द्वितीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिकली की टीम रही। तीसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ली लाला की टीम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाइट से डॉक्टर अश्विनी वशिष्ठ ने कहा कि वर्तमान समय में समाज के अंदर कुरीतियां तेजी से बढ़ रही है। जिसका मूल कारण शराब पीने वालों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। दूसरा वर्तमान में युवा पीढ़ी मोबाइल पर अधिक देर तक ध्यान देना। जिसके कारण आज समाज में असामानताएं बढ़ती जा रही है। इन असमानताओं को समाप्त करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। युवा तभी समाज और देश का संभाल सकता है। जब वह पढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में फैलती जा रही कुरीतियों को समाप्त करने के लिए युवाओं को चेतना पड़ेगा।

# पूर्व चेयरमैन होशियार सिंह को महंगा पड़ सकता है दबंगई दिखाना

**गुरुग्राम।** ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन नौरंगपुर गांव निवासी होशियार सिंह ने दबंगई दिखाते हुए नौरंगपुर के पास ही सेक्टर-78-79 माउंट विला में सड़क बना रहे मजदूरों को पिस्टल के बल पर वहां से हटाया और अपने गांव नौरंगपुर की सड़क बनवा ली।

इस मामले में गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण (जीएमडीएम) की ओर से खेड़कीदौला पुलिस थाना में कई धाराओं में उन पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। आधी रात को उनकी इस तरह से दबंगई के क्षेत्र में खूब चर्चे हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार बीती 18 सितम्बर की रात को जीएमडीए की ओर से सेक्टर-78-79 में मुख्य सड़क का निर्माण किया जा रहा था। इसी दौरान रात करीब 12 बजे ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन होशियार सिंह करीब दो दर्जन लोगों को साथ लेकर वहां पर पहुंचे। आरोप है कि कुछ लोगों के पास हथियार थे, तो कुछ लाठियां लिए हुए थे। सड़क बना रहे मजदूरों को उन्होंने डराया-धमकाया और सड़क निर्माण के सामान समेत लेबर को अपने गांव नौरंगपुर में ले गए। वहां पर पीडब्ल्यूडी की सड़क को उन्होंने जबरदस्ती बनवा लिया। जीएमडीए के ठेकेदार की ओर से इस घटना की जानकारी जीएमडीए के अधिकारियों को दी गई।

# अभिषेक गुप्ता को मिला 'गंगा का लाल' सम्मान

### केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जल** संकट से निपटने, उसकी समस्या एवं समाधान के लिए बुधवार, 21 सितंबर 2022 को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में दोपहर 4 बजे से 'गंगा का लाल' कार्यक्रम का अयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हमारे पास जल की कमी नहीं है बस कमी है तो अच्छे प्रबंधन की है। कृषि क्षेत्र में हम जल का समुचित उपयोग कैसे कर सकते हैं। इस पर हमें विचार करना चाहिए और उसका प्रबंधन करना चाहिए। क्योंकि उपयोग में आने वाले सबसे अधिक पानी कृषि में प्रयोग किया जाता है। हमें अपने वाटर ईको सिस्टम बनाए रखने के लिए वर्षा के जल को संरक्षित रखने की जरूरत है। जल संरक्षण के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है। इस पर हमें सोचना चाहिए और हम सबको इस अभियान के साथ अवश्य जुड़ना चाहिए।

स्पेशल गेस्ट अनुभव मोहंती (सांसद, केन्द्रपाड़ा ओडिशा), जस्टिस करुणा नंद बाजपाई एवं गेस्ट ऑफ ऑनर रविन्द्र कुमार (जिलाधिकारी, झांसी) ने जल संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में 'गंगा का लाल' नाम से ही एक लघु फिल्म भी दिखायी गयी जिसमें रविन्द्र कुमार द्वारा माउंट एवेरेस्ट



यात्रा के मध्यम से लोगों की दिया गया संदेश एवं जल संरक्षण का विधाओं को फिल्माया गया है।

इस कार्यक्रम में जल संरक्षण, गलेशियरों का संरक्षण, भूमिगत जलस्तर, पेय जल, जल प्रदूषण सहित जल से संबंधित विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गयी। साथ ही देश भर से आए हुए प्रतिष्ठित समाजसेवी, पर्यावरणविद एवं जल संरक्षण में विशिष्ट योगदान देने वाले विद्वान जनों को सम्मानित किया किया गया। स्वच्छ जल से होगा सुनहरे कल का निर्माण। जल संरक्षण, संवर्धन एवं उसके प्रबंधन के विषय पर अपने लेख के मध्यम से लोगों को जागरूक करने वाले एवं प्रदुषण मुक्त समाज का निर्माण करने वाले स्तम्भकार, राजनीतिक विश्लेषक तथा राजनीतिक चिंतक अभिषेक गुप्ता को अपने लेख के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में अतुलनीय योगदान के के लिए गंगा का लाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिषेक गुप्ता हिंदी पत्रकारिता के विद्वान तथा पद्मश्री राम बहादुर राय द्वारा सम्पादित पाक्षिक पत्रिका प्रथम प्रवक्ता से अपने लेखन कार्य की शुरुआत की थी। वर्तमान समय में कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में सामाजिक सरोकार से जुड़ें विषयों पर सम्पादकीय लेखन का कार्य कर एक गंभीर स्तम्भकार की पहचान बनाई है।

# सिल्ट सफाई की फिर खुली पोल सोहना के रोडों पर हुआ जलभराव

### नालों के क्षमता के अनुसार पानी की निकासी न करने से सोहना बना ताल तलैया

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



सामान्य बस स्टैंड मार्ग पर बारिश के कारण हुआ जलभराव से परेशान आम नागरिक।

**गुरुवार** को दोपहर बाद रुक-रुक कर हुई बारिश ने शहर में नालों की कथित तौर पर की गई सिल्ट सफाई की पोल खोल कर रख दी। नालों के क्षमता के अनुसार पानी की नगर से बाहर निकासी सही ढंग से न करने से सोहना ताल तलैया में तब्दील हो गया। शहर के मुख्य बाजार में जलभराव होने से आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस वर्ष के नालों की लाखों रुपये खर्च करके सफाई कराई थी। नगर परिषद ने बस स्टैंड मार्ग से लेकर वार्ड 19 में मंगलनगर कॉलोनी, नागरिक अस्पताल के पीछे वाला नाला, बाईपास चौक के निकट बनी पुलिया, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक की पुतलिया, दमदमा मोड़ के सामने बनी पुलिया आदि स्थानों पर सफाई कराई। लोक निर्माण विभाग ने भी गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग के साथ बना नाले की सफाई करवाई थी। दोनों ही विभाग ने 10 से 15लाख रुपये खर्च किए थे। बीएण्डआर विभाग ने तो नाले के ऊपर अवैध कब्जा करके बैठे होटल-बाबा वालों को हटाया था, लेकिन फिर से नालों के ऊपर अवैध कब्जा हो गए है।

**बारिश ने खोल दी फिर पोल :** गुरुवार की दोपहर बाद शुरू हुई हल्की रुक रुक बारिश ने सरकारी विभागों की कार्य की पोल खोलकर रख दी है। नालों का पानी नालों से ऊपर से बह रहा था। जिससे रास्ते व यहा कि सड़कों जलभराव ने सभी नाक में दम कर दिया। नालों में कचरा-कूड़ा होने का बारिश का पानी शहर से बाहर सही से नहीं निकल रहा था।

**कहां-कहां हुआ जलभराव :** शहर के सामान्य बस स्टैंड मार्ग, अस्पताल मार्ग, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, माता मंदिर रास्ता, अग्रसैन चौक, बालूदा मार्ग, जखोपुर, बाईपास चौक, नूंह मार्ग के सर्विस रोड आदि स्थानों पर जलभराव हुआ। इतना ही नहीं जिस जिस मार्ग पर पानी दो से तीन फुट भरकर चला पानी दुकानों में घुसने से लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ।

# अमेजन डॉट इन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022: डील्स रिवील

### 23 सितंबर से ग्रेट इंडियन फेस्टिवल का हुआ शुभारंभ, प्राइम मेंबर्स को मिलेगी 24 घंटे पहले एक्सेस

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**अमेज़न** डॉट इन का सबसे बड़ा फेस्टिव सेलीब्रेशन अमेजॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 लाखों सेलर्स, छोटे और मध्यम बिजनेस (एसएमबी), और लोकप्रिय ब्रांडों के प्रोडक्ट पर शानदार डील्स ऑफर करता है। कस्टमर्स स्मार्टफोन, एप्लायंसेस, कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, ग्रॉसरी, अमेजॅन डिवाइस, होम एंड किचन और अन्य कैटेगारी में टॉप ब्रांड के प्रोडक्ट के विशाल सलेक्शन पर शानदार डील्स प्राप्त कर सकते हैं।

कस्टमर्स को सभी कैटेगरी में टॉप इंडियन और ग्लोबल ब्रांडों और





लाखों छोटे बिजनेस के शानदार ऑफर के साथ अमेजन लॉन्चपैड, अमेजॅन सहेली, अमेजॅन कारीगर जैसे प्रोग्राम के अंतर्गत अमेजन सेलर्स के प्रोडक्ट खरीदने का मौका मिलेगा। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले कस्टमर्स एसबीआई बैंक जैसे प्रमुख पार्टनर बैंकों के आकर्षक ऑफर प्राप्त कर सकते हैं; एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर 10 फीसदी इंस्टेंट डिस्काउंट, डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड से आकर्षक ऑफर, और भी बहुत कुछ इस प्रकार है। 11 लाख सेलर्स और दो लाख लोकल स्टोर्स से खरीदारी करें। द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (GIF) 11 लाख से अधिक सेलर्स के साथ सेलीब्रेट करता है, अमेज़न डॉट इन पर कस्टमर्स को करोड़ों प्रोडक्ट पेश करता है, जिसमें भारतीय एसएमबी और लोकल स्टोर्स के यूनीक प्रोडक्ट शामिल हैं। सबसे बड़े ब्रांडों के विशोल सलेक्शन में से चुनें

ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में 2000 से अधिक नए प्रोडक्ट लॉन्च और सैमसंग, आईक्यू, एमआई, रेडमी, एप्पल, वनप्लस, एलजी, सोनी, कोलगेट, बोट, एचपी, लीनीओ, फायर-बोल्ट, नोइज, हाईसेंस, वीयू, टीसीएल, एस्सर, एस्सर, अलेन सोली, बीबा, मैक्स, प्यूमा, एडिडास, अमेरिकन टूरिस्टर, सफारी, मेबेलिन, शुगर कॉस्मेटिक्स, लोरियल, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, नीविया, जिलेट, टाटा टी, हग्गीज़, वंशावली, हिमालय, हैस्ब्रो, ओमरोन, फिलिप्स, दावत, आशीर्वाद, टाटा संपन्न, सर्फ एक्सेल, यूरेका फोर्ब्स, हैवेल्स, स्टोरीञ्चहोम, अजंता, विप्रो, प्रेस्टीज, बटरफ्लाई, मिल्टन, सोलिमो, द स्लीप कंपनी, योनेक्स, निविया, हीरो साइकिल, बॉश, ब्लैक+डेकर, हिट, ट्रस्ट बास्केट जैसे टॉप ब्रांड की विशाल सलेक्शन की पेशकश करता है।

# दिल्ली में एसएमई के मालिकों को बिजनेस के लिए योग्य कर्मी उपलब्ध कराने में सहायता कर रहा इनडीड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पिछले** कुछ वर्ष एसएमबी के लिए चुनौतीपूर्ण रहे हैं, इनमें से ज्यादातर एसएमबी ने महामारी के इस दौर के समय में अपने आप को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए अच्छा काम किया है। यहां पर समस्या यह है कि एसएमबी न केवल अपने स्तर के बिजनेस बल्कि अपने पास उचित प्रतिभा को काम देने के लिए भी बड़े बिजनेस के साथ प्रतिस्पर्धा में हैं।

डिजिटलीकरण के युग में सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा करने के लिए, एक कुशल कार्यबल समय की आवश्यकता है, जिससे एसएमबी के लिए अपनी बेहद जरूरी विकास यात्रा के लिए सही प्रतिभा को नियुक्त करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। इनडीड के द्वारा भारतीय उद्यमियों को बिल्कुल उचित कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में सहायता मिलती है। आज के समय में ज्यादातर एसएमबी इनडीड की वेबसाइट के जरिए एक बेहद विशाल कर्मचारियों की रेंज तक पहुंच सकते हैं जिससे उन्हें अपने व्यवसाय में सबसे बेहतरीन कर्मचारियों की भर्ती के लिए इनडीड के शानदार प्रोडक्ट्स एवं फीचर के उपयोग से सहायता मिल सकती है। इनडीड जोकि दुनिया की नंबर वन जॉब साइट है, अब भारत में छोटे एवं मध्यम वर्ग के बिजनेस के लिए भर्ती प्रक्रिया को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है। इनडीड इंडिया एक ऐसा मंच प्रदान करता है जोकि बिल्कुल नए शुरू हुए बिजनेस को उचित कर्मचारियों तक पहुंच प्रदान करते हैं ताकि इन छोटे बिजनेस को अपने पैर जमाने में सहायता प्राप्त हो सके। इसके अलावा इनडीड का इस्तेमाल कर 250 मिलियन से अधिक नौकरी चाहने वाले कर्मचारी अपने लिए उचित रोजगार की तलाश कर पाते हैं। लघु और मध्यम व्यापार क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार जैसे बेहद जरूरी इकोनॉमिक इंडिकेटर की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस क्षेत्र के तेजी से विकास के परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार का सृजन हुआ है।

एसएसबी में भर्ती प्रक्रिया को और भी आसान बनाने के लिए इनडीड का 'हायर बेटर' अभियान इनडीड के सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक, अगले 5 वर्षों में एसएमबी के क्षेत्र से 20 लाख से अधिक नौकरियां आने की उम्मीद है। भारतीय हायरिंग इकोसिस्टम भी सकारात्मक विकास के दौर से गुजर रहा है। वैश्विक मुद्रास्फीति की स्थिति में भी अप्रैल से जून 2022 में नियोक्ताओं की भर्ती में 29प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। निशिता लालवानी, निदेशक, इनडीड भारत एंड एसईए ने कहा हमारा अभियान एसएमबी के लिए केंद्रित है जोकि भारत की अर्थव्यवस्था को ऊंचाई पर पहुंचाने में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। इस अभियान में तीन फिल्में दिखाई जाएंगी जिनके माध्यम से कंपनियों को कर्मचारियों को काम पर रखने में आने वाली समस्याओं का समाधान प्राप्त होगा। इनडीड का उद्देश्य भारत में एसएमबी के लिए भर्ती प्रक्रिया को आसान बनाना है।

# सज रहा मंच, कल से शुरू होगी श्रीदुर्गा रामलीला

**गुरुग्राम।** शहर के जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंच सजाने के साथ मैदान में दर्शकों के बैठने के स्थान की साफ-सफाई आदि कराकर महिलाओं-पुरुषों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। शनिवार से श्रीदुर्गा रामलीला का मंचन शुरू हो जाएगा। रामलीला का उद्घाटन ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 बाबा प्रकाशपुरी मंदिर के शिष्य महंत रवि पुरी जी महाराज, साध्वी आत्म चेतना गिरी जी और गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, समाजसेवी गोपाल दास बतरा करेंगे।

श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी के मीडिया प्रभारी राज सैनी बिसरवाल के मुताबिक 24 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक चलने वाली रामलीला की रिहर्सल के दौरान निर्देशक अशोक सौदा व गोपाल जलिंद्रा द्वारा सभी कलाकारों को तराशा जा चुका है। शारीरिक हाव-भाव और डायलॉग में सभी कलाकारों का प्रदर्शन बेहतर रहा। चयन कमेटी की ओर से कलाकारों का फाइनल सूची रोल के हिसाब से तैयार कर ली गई है। कलाकारों की अभिनय के हिसाब से ड्रेस आदि भी तैयार हैं। कमेटी के चेयरमैन बनवारी लाल सैनी, प्रधान कपिल सलूजा, महासचिव अशोक प्रजापति और कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि श्रीगोस्वामी तुलसीदास रचित श्रीरामचरितमानस का अनुसरण कर भव्य श्रीराम गाथा के साथ रामलीला का रचनात्मक कंचन किया जाएगा। पहले दिन 24 सितम्बर को नारद मोह से लीला का शुभारंभ होगा। 25 को दूसरे दिन श्रीराम जन्म लीला, 26 को धनुष यज्ञ लीला, 27 को श्रीराम-सीता विवाह एवं कन्यादान, 28 को श्रीराम वन गमन, 29 को श्री दशरथ प्रतिज्ञा पालन लीला, 30 को श्रीराम भरत मिलाप एवं सीता हरण, शनिवार 1 अक्टूबर को श्रीराम-सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध, 2 अक्टूबर को रावण-हनुमान संवाद एवं लंका दहन, 3 अक्टूबर को रावण-अंगद संवाद, 4 अक्टूबर को कुम्भकरण, मेघनाथ वध एवं सुलोचना सती, 5 अक्टूबर को दशहरा पर्व होगा। छह अक्टूबर को भरत मिलाप एवं राज्याभिषेक होगा।

# सीएमआरएसएल 27 सितंबर को 14.04 करोड़ रुपये का लेकर आ रही है आईपीओ

### एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विज्ञापन** तकनीक और डेटा एनालिटिक्स व्यवसाय में जुड़ी साइबर मीडिया रिसर्च एंड सर्विसेज लिमिटेड (CMRSL) रुपये 14.04 करोड़ मूल्य के 780,000 शेरों का अपना IPO ला रही है। इश्यू 27 सितंबर को खुलेगा और 29 सितंबर 2022 को बंद होगा और बाद में एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध होगा।

रुपये 10 के अंकित मूल्य पर, प्रति शेर की कीमत रुपये 171 से रुपये 180 प्रति इक्विटी शेर होगी और इसे 800 शेयरों के हिस्सों में बेचा जाएगा। 780,000 शेरों में से 3,69,600 शेयर QIB कोटा के लिए, 2,60,000 शेर रिटेल कोटा के लिए,1,11,200 शेयर HNI कोटे के लिए और 39200 शेयर मार्केट मेकर कोटा के लिए आरक्षित होंगे। इश्यू के लीड मैनेजर





स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड है और इश्यू के रजिस्ट्रार लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है। निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इनके लिए किया जाएगा। कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं का वित्तपोषण, नई परियोजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों में निवेश का वित्तपोषण, इश्यू को पूरा करने के लिए व्यय और एक ऐसे उद्योग में विज्ञापन तकनीक और डेटा एनालिटिक्स व्यवसाय में शामिल है जो तेजी से विस्तार कर रहा है। कंपनी के पास चार राजस्व धाराएं हैं, जैसे, डिजिटल मार्केटिंग (विज्ञापनदाता), प्रोग्रामेटिक मीडिया खरीदना, प्रकाशक मुद्रीकरण और डेटा एनालिटिक्स। प्रदीप गुप्ता साइबरमीडिया समूह कंपनियों के प्रमोटर और चेरमेन हैं। वह इंडियन एंजेल नेटवर्क के सह-संस्थापक हैं और विकलांगता क्षेत्र में काम करने के लिए हेलेन केलर अवार्ड के प्राप्तकर्ता हैं। प्रबंधन टीम का नेतृत्व श्री धवल गुप्ता और थॉमस जॉर्ज रहे हैं। धवल गुप्ता सीएमआरएसएल के प्रबंध निदेशक हैं और उनके पास 14 वर्षों से अधिक का अनुभव है। एक नए मीडिया अधिवक्ता के रूप में, उन्हें डिजिटल, मीडिया और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की गहरी समझ है।

# बरसात ने बढ़ाई विद्यार्थियों और नौकरी-पेशा लोगों की दिक्कत

## न तो कैब मिली, न ऑटो, पानी में से घर जाने को मजबूर हुए स्कूली बच्चे

**कविता।** फरीदाबाद




हार्डवेयर चौक पर ऑटो न मिलने से पानी में परेशान खड़े विद्यार्थी। एक नम्बर मार्केट के बाहर ऑटो व कैब का इंतजार करते दो घंटे से बरसात में खड़े डबुआ और नंगला जाने वाले लोग।

**शहर** में बृहस्पतिवार को सुबह से पूरे दिन बरसती रही मूसलाधार बरसात में ऑनलाईन कैब, ऑटो बुकिंग सब फेल नजर आए। वहीं स्कूली बच्चों से लेकर शाम को घर लौटने वाले नौकरीपेशा लोगों को परिवजन का साधन नहीं मिला। उन्हें बरसात में भींगते हुए जाना पड़ा। जिले में बुधवार को कुल 50 एमएम बरसात हुई थी। वहीं बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न इलाकों में 777 एमएम बारिश दर्ज की गई। पांच बजे के बाद देर रात तक मूसलाधार बरसात होती रही। जिससे नौकरीपेशा व दोपहर को अवकाश के बाद स्कूली बच्चे ऑटो व कैब के लिए परेशान रहे।

**इतनी हुई बरसात :** बृहस्पतिवार को पूरे दिनभर मूसलाधार बरसात होती रही। सरकारी आंकड़े के अनुसार फरीदाबाद में सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक 70 एमएम, तिगांव में 90 एमएम, बल्लभगढ़ में 116 एमएम, मोहना में 128 एमएम सर्वाधिक, दयालपुर में 126 एमएम, धौज में 100 एमएम और गौंच्छी में 83 एमएम वर्षा दर्ज की गई।

**वाहनों की बुकिंग कैंसल:** बरसात में सड़कों पर पानी भरने के कारण ऑनलाईन वाहनों की बुकिंग पूरे दिन असेप्ट होने के बाद कैंसल होती नजर आई। ऑटो चालकों ने जलभराव वाले स्थानों पर जाने से इंकार कर दिया। जिससे स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों को परेशानी हुई। वहीं ओला, रैपिड़ों पर कैब व ऑटो की बुकिंग होने के कुछ देर बाद कैंसल होती रही।

**पानी में जाना मजबूरी:** संजय कालोनी, जवाहर कालोनी, सेक्टर-23, सेक्टर-55, डबुआ, पाली, चाचा चौक, संजय इंक्लेव इत्यादी कालोनियों और सेक्टरों में पानी अधिक भरने के कारण वहां ऑटो चालकों ने जाने से साफ इंकार कर दिया। एक व्यक्ति ने बताया कि उसने छह बार ओला कैब की बुकिंग की, पांच किलोमीटर तक जाने के लिए वह 250 रुपये देने तक तैयार था, लेकिन ओला कैब चालकों ने बुकिंग के कुछ देर बाद ही कैंसल कर दी। वहीं ऑटो बुकिंग करने पर वह भी कैंसल हो गया। स्कूल से घर लौट रहे दो बच्चों ने बताया कि वह डबुआ जा रहे है, लेकिन हार्डवेयर से उन्हें डबुआ का ऑटो नहीं मिल रहा है।

# मास्टर सीवर लाइनों की सफाई और सीईटीपी की स्थापना प्राथमिकता पर

## एफएमडीए की 15वीं कोर प्लानिंग सेल की बैठक हुई आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



एफएमडी की 15वीं कोर प्लानिंग सेल की बैठक में भाग लेते सदस्य एवं अधिकारी।

**जिले** के विभिन्न सरकारी विभागों के साथ पिछले सप्ताह हुई समन्वय बैठक में एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने निर्देश दिए थे कि शहर में रासायनिक अपशिष्ट उपचार संयंत्रों (सीईटीपी) की स्थापना के अध्ययन का काम, जो फरीदाबाद नगर निगम (एमसीएफ) द्वारा भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम वैपकॉस को सौंपा गया है, सीपीसी की बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

इसी क्रम में फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एफएमडीए) की 15वीं कोर प्लानिंग सेल बैठक, एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें वाप्कोस द्वारा बनाई जा रहा सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर विकास योजना पर एक प्रस्तुति एफएमडीए, एमसीएफ, एचएसवीपी और एचएसआईआईडीसी के संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत की गई, जिन्होंने फरीदाबाद में व्यापक सीवरेज प्रणाली विश्लेषण पर चर्चा करने के लिए बैठक में भाग लिया।

वाप्कोस द्वारा 25000 उद्योगों में उनके औद्योगिक निर्वहन की क्षमता का अध्ययन करने के लिए एक सर्वेक्षण किया गया था। इसके अलावा, उनके औद्योगिक डिस्चार्ज के नमूने एकत्र किए गए और आईआईटी रूरकी द्वारा अध्ययन किया गया। निष्कर्षों और महत्वपूर्ण मापदंडों के आधार पर शहर की सीवेज प्रणाली को मजबूत करने और निर्माण की संभावित आवश्यकता को समझने के लिए एक प्रारूप तैयार किया गया और प्रस्तुत किया गया। घरेलू और रासायनिक निर्वहन को अलग करने, इन उद्योगों द्वारा अनुमानित निर्वहन की क्षमता, इन अपशिष्टों के उपचार के लिए रासायनिक अपशिष्ट उपचार संयंत्रों (सीईटीपी) की स्थापना, भूमि के आवंटन, परिचालन लागत आदि सं संबंधित पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने कहा कि फरीदाबाद में सीईटीपी (रसायन अपशिष्ट उपचार संयंत्र) की स्थापना को उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। क्योंकि उद्योगों से अनुपचारित अपशिष्ट जल का निर्वहन शहर में नालियों को और अधिक प्रदूषित कर रहा है। इन उद्योगों द्वारा घरेलू और रासायनिक निर्वहन के उपचार के लिए प्रतापगढ़ में 50 एमएलडी सीईटीपी, मिर्जापुर में 25 एमएलडी सीईटीपी और बादशाहपुर में 15 एमएलडी सीईटीपी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, विभिन्न कॉलोनियों में शहर भर के विभिन्न नालों में अपना कचरा और अनुपचारित सीवेज की डंपिंग भी की जा रही है, जिसके लिए चार सीवेज शोधन संयंत्रों का भी प्रस्ताव किया गया है। हम फरीदाबाद की सीवर लाइनों को चरणबद्ध तरीके से गादमुक्त बनाने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। उन्नत क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने की भी योजना है। इसके अतिरिक्त, उपचार के लिए एसटीपी में सीवर के सुचारू प्रवाह की सुविधा के लिए इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन मशीनरी को अपग्रेड और रीमॉडल किया जाएगा। अनुपचारित सीवर के प्रवाह को रोकने के लिए बुधिया नाला, मावाई नाला, गौंही नाला और मोहना नाले में सीवेरा प्रस्तावित किया गया है। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि एफएमडीए द्वारा एसटीपी से जुड़ी 2 फीट व्यास और उससे अधिक की सीवर लाइनों को अपने क्षेत्र में लेने के लिए की व्यवहार्यता की जांच के लिए एक सर्वेक्षण किया जाए। अधिकारियों को सभी पहलुओं का अध्ययन करने और इन सीवर लाइनों की लेआउट की ड्राइंग तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर प्लानिंग सेल की बैठक में जवाहर कॉलोनी में मौजूद परशुराम बूस्टिंग स्टेशन (एसबीएस), के पुनर्वास को एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा मंजूरी दी गई ताकी एयरफोर्स स्टेशन के नजदीकी क्षेत्र में आतेसंबंधित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति में सुधारहो सके। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मामला है और एमसीएफ को प्राथमिकता के आधार पर इस पर विचार करना है।

# प्रदूषण रोकने को एनजीटी के अनुसार कार्रवाई करें अधिकारी : राघवेन्द्र राव



वीडियो कान्फ्रेंस में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते पी राघवेन्द्र राव।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## एनजीटी की समीक्षा बैठक में अधिकारियो को दिशा-निर्देश दिए

**हरियाणा** पोलुशन बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेन्द्र राव ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की हिदायतों के अनुसार जहां जरूरत हो वहां एर्जेट एक्शन लेना सुनिश्चित करें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल अधिकारी गम्भीरता से पूरा करें। पी राघवेन्द्र राव आज विडियो कान्फ्रेंस के जरिये समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिस विभाग की जो भी जिम्मेदारी है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि डस्ट, सोलिड वेस्टमैनेज मैंट, प्लास्टिक वेस्टमैनेज मैंट सहित अन्य प्रदूषण फैलाने वाले क्षेत्र को कंट्रोल करना है। सम्बंधित विभागों के अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने विभागों के क्षेत्र को चिन्हित करके गम्भीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनवरी-2023 के बाद सीएनजी, ईरिक्शा वाले आटो ही एनसीआर के शहरों में चलेंगे। डीसी विक्रम ने विडियों कान्फ्रेंस के बाद एक-एक करके विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के उपरान्त डीसी विक्रम अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्राधिकरण एनसीआर में गम्भीरता से कार्य कर रहा है। विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके बेहतर तरीके कार्यों को अमलीजामा पहनाने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि सर्विस रोड, अपरोच रोड़ तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए उद्योगो में भी नियमानुसार पालना सुनिश्चित करें। एनजीटी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 के तहत पर्यावरण बचाव और वन संरक्षण और अन्य प्राकृतिक संसाधन सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन और क्षतिग्रस्त व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिए अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करना और इससे जुड़े हुए मामलों का प्रभावशाली तथा तीव्र गति से निपटारा करने के लिए किया गया।

# लंपी बीमारी को लेकर गोसेवा आयोग अलर्ट, प्रतिदिन हो रही है समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस उपलब्ध में मनाए जा रहे गोसेवा पखवाड़े के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने फरीदाबाद और पलवल की गौशालाओं में पहुंचे हरियाणा गो सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव ने कहा है कि लंपी बीमारी को लेकर हरियाणा गोसेवा आयोग अलर्ट है और प्रतिदिन लंपी की समीक्षा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार पशुओं में फैली लंपी बीमारी को प्रदेश से पूरी तरह समाप्त करने के लिए मजबूती के साथ लड़ रही है और हरियाणा ने दूसरे राज्यों की अपेक्षा तेजी से लंपी वैक्शीनेशन कार्य को पूरा किया है। पूरन यादव गुरुवार को फरीदाबाद के बल्लभगढ़ के ऊंचा गांव स्थित गो-मानव सेवा ट्रस्ट गौशाला में गोसेवा पखवाड़े के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पूरन यादव ने सबसे पहले पौधारोपण किया और फिर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। यहां उपस्थित पशुपालन विभाग के अधिकारियों और चिकित्सकों को निर्देश दिए कि वे इस बीमारी से निपटने में कोई कोर-कसर ना छोड़ें। पूरन यादव ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के 17 लाख 35 हजार गौवंश पशुधन का लम्पी वैक्शीनेशन पूरा किया जा चुका है। इस वजह से अब प्रदेश में लम्पी स्किन बीमारी से प्रभावित पशुओं की संख्या में भी एकदम कमी आई है। पूरन यादव के मुताबिक गौशालाओं में लंपी से ग्रस्त कोई गोवंश नहीं है।

# सरकार के नियम के अनुसार बैंक लोन देना करें सुनिश्चित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



डीसी विक्रम आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की समीक्षा करते हुए।

**डीसी** विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं पर बैंक नियमानुसार लोन देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए प्रॉपर्टी कार्ड पर भी लोगों को लोन दें।

डीसी विक्रम आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में बैंक अधिकारियों के साथ सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के बैंकिग प्रणाली की त्रैमासिक बैठक की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने समीक्षा बैठक में बैंक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बैंकों के जरिए ऑनलाइन किया जा रहा है। बैंकों के अधिकारी इन कार्यों को गंभीरता से पूरा करना सुनिश्चित करें। किसी भी बैंकिंग प्रणाली में ढिलाई ना बरतें और जो अधिकारी भिलाई बरतता पाया गया उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीसी विक्रम ने बैंक अधिकारियों को कहा कि विभिन्न बैंकों में लंबित केस पड़े हैं। वह यथाशीघ्र उनके केसों का निपटारा करना सुनिश्चित करें।

सीएम विंडो सहित अन्य केसों का निपटान करके ऑनलाइन भी करें। ताकि सरकार की जवाबदेही तय हो। डीसी विक्रम ने एमएसएमई, केबीआई, खादी बोर्ड, स्वयं सहायता समूह सहित अन्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की एक-एक करके स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी, हरियाणा ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक सहित अन्य बैंक अधिकारियों से जवाब देही ली। डीसी विक्रम ने कहा कि रोजगार के लिए जो भी बेरोजगार आदमी लोन के लिए अप्लाई करें। उसका सही रूप से क्रियान्वयन हो समय पर उन्हें लोन दे। समीक्षा बैठक में रिकवरी सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की बैंकिंग व्यवस्था बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एडीसी अपराजिता ने एडीसी कार्यालय द्वारा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन बारे में विस्तार पूर्वक बैंक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। एलडीएम ने एक-एक करके बिन्दु वार त्रिमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

वही आरबीआई के एजीएम संजीत ने बैंक अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सरकार की योजना और परियोजनाओं का की बैंकिंग व्यवस्था बेहतर तरीके से क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें।नाबार्ड के एजीएम विनय त्रिपाठी ने केंद्र सरकार की विभिन्न नाबार्ड योजनाओं के क्रियान्वयन बारे भी त्रिमासिक बैठक में विस्तार पूर्वक बताया।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने बनाई रणनीति

## एनजीओ और स्कूल-कालेज प्रभारियों संग बैठक कर पुलिस ने बनाई योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



पुलिस कमिश्नर कार्यालय महिला सुरक्षा के लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल।

**सेक्टर 21सी** स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें महिला सुरक्षा से संबंधित शहर के विभिन्न स्थानों का सर्वे करके महिला तथा कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं की सुरक्षा की रूपरेखा तैयार की गई।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इस बैठक में एसीपी मोनिका, इंस्पेक्टर सविता, ब्रेक थ्रु संस्था से प्रियंका, कृतिका व फरहान अहमद, वूमेन सेल से डॉक्टर नेहा अग्रवाल, वूमेन एंटरप्रेन्योर सेल से जया गोयल, निर्मला वर्मा, तथा विभिन्न कॉलेजो से आई प्रधानाचार्य, शिक्षक व शिक्षिका जिसमें मीनू वर्मा, डॉ पूजा कॉल, डॉ गीता ठाकुर, रितिका सिंह, डॉक्टर सोनिया, डॉ ललिता, चारु मिढ़ा, डॉक्टर मीनू दुआ, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, डॉ महेंद्र कुमार गुप्ता, डॉक्टर नरेंद्र कुमार, कृष्णकांत व अनिल गोयल मौजूद रहे। इससे पहले पुलिस उपायुक्त ने ब्रेक संस्था द्वारा डबुआ एरिया में महिला सुरक्षा के संबंध में तैयार की गई एक सर्वे रिपोर्ट जारी की थी। जिसमें महिला को सुरक्षा से सम्बंधित आने वाली परेशानियों के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्रित की गई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में अहम् कदम उठाए गए थे जिसमे महिला सुरक्षा के प्रति जागरुकता एक प्रमुख बिंदु था। इसी को आगे बढ़ाते हुए इस अभियान को फरीदाबाद के विभिन्न स्कूल कॉलेजों तक पहुंचाया जाएगा। इसके तहत कॉलेज में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को ट्रेनिंग दी जाएगी और उन्हें इस अभियान में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके पश्चात वह छात्र विभिन्न कॉलेज तथा शिक्षण संस्थानों का सर्वे करके महिला सुरक्षा के संबंध में ओर अधिक जानकारी एकत्रित करेंगे। इसकी रिपोर्ट डीसीपी मुख्यालय को सौंपी जाएगी जिसके पश्चात महिला सुरक्षा के लिए अहम कदम उठाए जाएंगे। डीसीपी अग्रवाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं तथा नागरिकों में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता वैन की सहायता ली जा सकती है। विभिन्न स्कूल कॉलेजों के बाहर जागरूकता वैन द्वारा आमजन में जागरूकता फैलाई जाएगी। इसके लिए साथ ही मानव रचना रेडियो की भी सहायता ली जाएगी जो विभिन्न प्रकार के रिकॉर्डेड प्रोग्राम तथा ऑडियो के माध्यम से जागरूकता फैलाने का काम करेंगे। सर्वे रिपोर्ट में विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया जाएगा जहां पर महिला सुरक्षा से संबंधित ज्यादा दिक्कतें आती हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस महिला सुरक्षा के संबंध में कदम उठा रही है और इसमें विभिन्न एनजीओ, कॉलेज प्रबंधन तथा छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें पुलिस विभाग का भी पूरा सहयोग रहेगा और पुलिस टीम विभिन्न स्थानों पर जाकर नागरिकों को इसके बारे में जागरूक करेंगी।

# चार वाहन चोर गिरफ्तार पांच वारदातें सुलझीं

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने चोरी के 5 मुकदमों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में इशांत उर्फ ईशु, नौशाद, रोहित तथा हिमांशु का नाम शामिल है। सभी आरोपी दिल्ली फरीदाबाद बॉर्डर एरिया में बुध विहार के रहने वाले हैं। आरोपी निशांत तथा नौशाद चोरी की इन वारदातों के मुख्य आरोपी हैं। आरोपी इशांत के खिलाफ चोरी के 7 तथा नौशाद के खिलाफ पांच मुकदमे दर्ज हैं और दोनों आरोपी कई बार जेल की सजा काट चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ फरीदाबाद में चोरी की धाराओं के तहत पांच मुकदमे दर्ज है जिसमें आरोपियों ने चार मोटरसाइकिल तथा नकदी चोरी की थी।

# संक्षिप्त समाचार

## श्रीधार्मिक लीला कमेटी में भूमि पूजन सम्पन्न



**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी 5 नम्बर एम ब्लाक फरीदाबाद में रामलीला के लिए आज विधिवत तरीके से भूमि पूजन प्रधान तेजिन्द्र खरबंदा की अध्यक्षता में हुआ। भूमि पूजन के लिये राजू नागपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिन्होंने नारियल तोडक़र शुभारम्भ किया। निर्देशक हरीश चन्द्र आज़ाद ने बताया कि भूमि पूजन के बाद रामलीला का मंच बनना आरम्भ हो। उन्होंने बताया कि इस बार रामलीला का आयोजन बहुत भव्य तरीके से किया जायेगा। कई तरह के नये नये दृश्य दिखाए जायेंगे। जिससे दर्शकों की रूचि रामलीला में बनी रहे। इस बार रामलीला में बड़ी एलईडी स्क्रीन के साथ साथ एलईडी विगंस भी लगाई जायेंगी। भूमि पूजन में गुलशन नागपाल, पंकज खरबंदा, सतीश नागपाल, अनिल नागपाल, तजिन्द्र खरबंदा, हरीश चन्द्र आज़ाद, प्रवीन बत्तरा, सुनील बत्तरा, सौरभ, रोहित खरबंदा, संदीप बत्तरा व विद्वांश खरबंदा उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कट की महिला की मौत

**फरीदाबाद।** राजधानी ट्रेन की चपेट में आने में आने से न्यू टाउन रेलवे स्टेशन यार्ड पर एक महिला की मौत हो गई। ट्रेन स्पीड में होने के कारण महिला कम से कम 200 मीटर दूर तक घसीटती गई, जिससे की शव पूरी तरह खराब हो गया और उसकी पहचान न हो सकी। इस विषय में जानकारी देते हुए जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि महिला की उम्र 35 से 40 साल तक है। महिला ने लाल रंग के सूट-सलवार पहने हुए थे और यह घटना बुधवार शाम करीब 5.45 बजे की है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचकर आसपास रहने वाले लोगों को शव की पहचान के लिए बुलाया, पर शव की पहचान नहीं हो पाई। जिस पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

## 200 नशीले इंजेक्शन समेत तस्कर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम केशव है। आरोपी दिल्ली के गांव कराला का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना डबुआ क्षेत्र से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 200 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में नशा तस्करी की धारा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने कम समय में अधिक पैसे कमाने के लालच में आकर नशे के इंजेक्शन बेचने का काम शुरू किया था। आरोपी नशे के इंजेक्शनों को दिल्ली के अशोक विहार से अमित नाम के व्यक्ति से खरीद कर लाया था। जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## भांकरी नवादा रोड का एस्टीमेट जल्द तैयार करें: त्रिखा

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मोत्सव पखवाड़ा के तहत जनसेवा संवाद के तहत बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने सोसायटी के लोगों की समस्याएं सुनीं। कामन सोसायटी में दिल्ली पुलिस सोसायटी तथा नवादा-भांखरी इंदिरा आवास कालोनी के लोगों ने एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक सीमा त्रिखा तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने विधायक सीमा त्रिखा को बताया कि भांखरी-पाली रोड की बदहाली के चलते उन्हें आवागमन में दिक्कत होती है और कई बार बारिश में सड़क टूटी होने के चलते वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी हो जाते हैं। इस मौके पर विधायक सीमा त्रिखा ने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद तुरंत पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आदेश दिया कि रोड और इसके नाले को बनवाने का एस्टीमेट तैयार किया जाए ताकि जल्द ही इसे पास करवाकर इसके निर्माण का कार्य शुरू करवाया जाए वहीं उन्होंने अधिकारियों को इस रोड पर रूके सीवरेज के कार्य को लेकर पीडब्ल्यूडी रोड की कैटिंग की परमिशन करने के लिए बोला और रोड को तुरंत प्रभाव से रोड लेबलिंग का कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बडखल क्षेत्र का समुचित विकास हो रहा है और क्षेत्र की जो भी सडक़ें टूटी है, उन्हें नए सिरे से बनवाया जा रहा है और सीवरेज लाईन भी नई डलवाई जा रही है, जिससे कि लोगों को परेशानी न हो।

## राजकीय महाविद्यालय में कविता पाठ का आयोजन



**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान में हरियाणा शहीदी दिवस के उपलक्ष में देशभक्ति कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने देश प्रेम से ओतप्रोत कविताएं सुना कर श्रोताओं में देशभक्ति की भावना को और बढ़ाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या डॉक्टर सुनीता मलिक ने अमर शहीदों के बलिदान के बारे में बताते हुए कहा कि शहीदों ने निस्वार्थ भाव से देशभक्ति का परिचय देते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया हमें ऐसे शहीदों पर गर्व करने की आवश्यकता है। डाक्टर सुनील शर्मा ने स्वरचित कविताएं लिखने तथा समाज को जागरूक करने वाली कविताओं पर विशेष ध्यान देने के लिए चार छात्राओं को प्रेरित किया। बीए, प्रथम वर्ष की छात्रा सपना ने स्वरचित कविता सुनाई जिसकी पंक्तियां थी जिनकी हर सांस देश के नाम है वह फरिश्ते उस कुदरत की पहचान है। प्रतियोगिता में नैना बीए फर्स्ट प्रथम स्थान, प्रिया बीए सेकेंड ईयर द्वितीय स्थान पर, प्रथम नियम बीए फर्स्ट ईयर तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ राजेश कुमारी तथा डॉ सुधा ने किया। विजेंद्र एवं डॉ राजेश कुमार निर्णायक मंडल में रहे।

## छह अक्टूबर से चलेगा टीबी जागरुकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपिंग एलसीडीसी यह प्रोग्राम नेशनल लेप्रसी इरेडिकेशन प्रोग्राम एनएलईपी के अंतर्गत 6 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। बृहस्पतिवार डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत ने डॉक्टरों की मीटिंग ली। इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए ट्रेनिंग दी और उनको समझाया इस प्रोग्राम को पोलियो के प्रोग्राम की भांति ही चलाना है जैसे कि पोलियो में अंगुली पर निशान लगाया जाता है और घर पर मार्किंग होती है। ऐसे ही इस प्रोग्राम में भी 2 साल से बड़ों की सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करनी है कोई भी व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए कुष्ठ रोग का वैसे तो ऑन उन्मूलन हो चुका है फिर भी कहीं कहीं कोई केस निकलता है। 22 जिलों में से यह प्रोग्राम सिर्फ 6 जिलों में चलाया जा रहा है। पानीपत, फरीदाबाद, करनाल, गुड़गांव, अंबाला झज्जर क्योंकि फरीदाबाद में माइग्रेट पॉपुलेशन होने के तहत पिछले वर्ष भी 2021 में 52 केस पाए गए थे और अभी तक 2022 में 22 नए केस पाए गए हैं। डॉ शीला भगत ने बताया कुष्ठ रोगी की पहचान करना बहुत आसान है और यह दवाइयों से पूरी तरह ठीक हो सकता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022



# पुतिन की धमकी

## यूक्रेन में पराजय का असर

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की आंशिक सैनिक लामबंदी व नाभिकीय युद्ध की अंतर्निहित धमकी को बड़बोलापन या भ्रामक स्थिति समझना गलत होगा। यह सच है कि रूस उन पांच नाभिकीय शक्ति संपन्न देशों में शामिल था जिन्होंने 3 जनवरी को एक संयुक्त बयान में कहा था, 'हम पुष्टि करते हैं कि कोई नाभिकीय युद्ध कभी जीता नहीं जा सकता है और यह कभी लड़ा नहीं जाना चाहिए।' इस बयान में शामिल अन्य चार देश अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन थे। लेकिन पूर्व केजीबी अधिकारी पुतिन को अब भी सोवियत संघ के विघटन का दु:ख है और वे ऐसे नेताओं में नहीं हैं जो अपने बयानों पर निष्ठापूर्वक डटे रहते हैं। बुधवार को टेलीविजन पर प्रसारित एक भाषण में उन्होंने घोषणा की कि आंशिक सैनिक लामबंदी में वे रिजर्व के लोग शामिल हैं जो सशस्त्र बलों में सेवा कर चुके हैं तथा उनकी प्रासांगिक सैनिक विशेषज्ञता है व उनको संबंधित अनुभव प्राप्त है। इस निर्णय का कारण यूक्रेन में सैनिक रूप से लगे धक्के हैं। जब उन्होंने फरवरी के अंतिम सप्ताह में पूर्वी यूरोपीय देश यूक्रेन पर हमला किया था तब उनको व अन्य बहुत से लोगों को उम्मीद थी कि रूस की विजय पहले से निश्चित है। आखिरकार रूस को एक वैश्विक महाशक्ति माना जाता है जिसके पास शक्तिशाली नाभिकीय शस्त्रागार समेत अद्यतन आयुध प्रणालियां हैं। लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की तथा उनके वीर व प्रतिबद्ध सैनिक इस धारणा से सहमत नहीं थे। पश्चिमी व मुख्यत: अमेरिकी हथियारों की सहायता से उन्होंने असाधारण साहस व वीरता के साथ हमले का मुकाबला किया। इस कारण जिसे रूसी बलों के लिए बहुत आसान माना जाता था वह विभीषिका में बदल गया।



यूक्रेन के हाथों अपमान झेलने व हाशिए पर धकेले जाने के बाद पुतिन ने चेतावनी दी कि रूस के पास 'पश्चिमी धमकियों' का 'जवाब देने के लिए काफी हथियार' हैं। उन्होंने कहा, 'यदि हमारे देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डाला गया तो हम सभी उपलब्ध संसाधनों से अपनी जनता की रक्षा करेंगे, यह कोरी धमकी नहीं है।' लेकिन कोई भी उस देश की क्षेत्रीय अखंडता को संकट में नहीं डाल रहा है, बल्कि इसके एकदम उलट रूस ही यूक्रेन की अखंडता में हस्तक्षेप कर रहा था। पहले उसने यूक्रेन के क्षेत्र पर कब्जा किया और अब वह ऐसे बहानों से यूक्रेन पर कब्जा कर लेना चाहता है जो हास्यास्पद कहे जा सकते हैं। उदाहरण के लिए पुतिन ने दावा किया था कि उनका उद्देश्य यूक्रेन का 'वि-सैन्यीकरण व वि-नाजीकरण' है। लेकिन जेलेन्स्की एक यहूदी हैं। हो सकता है कि पुतिन यह कहते समय सच बोल रहे हों कि वे केवल कोरी धमकी नहीं दे रहे हैं क्योंकि कोई स्वेच्छाचारी शासक घिर जाने पर कुछ भी कर सकता है। समस्या के केन्द्र में यह तथ्य है कि पश्चिम शीतयुद्ध समाप्त होने के बाद हिंसक राष्ट्रवाद के प्रसार को पहचान नहीं सका। वास्तव में उत्तर-राष्ट्रवाद की भ्रामक अवधारणा डावोस के पुरुषों व महिलाओं में फैशनेबल हो गई है जिनमें सर्वोच्च वैश्विक नेताओं से लेकर सर्वाधित प्रभावशाली सार्वजनिक बुद्धिजीवी तक शामिल हैं। सबको यह अवधारणा आकर्षक व आरामदेह लगती है। वे इतिहास का एक और तथ्य भी भूल गए कि पिछली शताब्दी में दो विश्वयुद्धों का कारण उग्र राष्ट्रवाद था। अधिकांश लोगों का विश्वास था कि अब राष्ट्रवाद इतिहास बन गया है, लेकिन बाद में इतिहास स्वयं को दुहराने लगा। जब दुनिया शी जिनपिंग की चीनी लफ्फाजी से सामंजस्य बैठा रही थी, पुतिन अपनी आक्रामकता के साथ सामने आ गए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उनको कोई आत्यन्तिक कदम उठाने से हतोत्साहित करना चाहिए।

# दक्षिणपंथियों की संभावित वापसी

## आगामी चुनाव के बाद क्या सौ साल बाद इटली में दक्षिणपंथियों की वापसी संभव है? इससे बाकी यूरोप में भी स्थितियां बदल सकती हैं।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



एक महीने में होने वाले आम चुनाव में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'इटली पार्टी' के भाइयों को दूसरों की तुलना में अधिक वोट मिलें। जार्जिया मेलोनी के नेतृत्व में कार्यरत ब्रदर्स दक्षिणपंथी हैं और उनकी छवि फासिस्ट विचारधारा में विश्वास करने वालों की है। ठीक सौ साल पहले बेनिटो मुसोलिनी की फासिस्ट पार्टी सत्ता में आई थी, हालांकि वह घटना पूरी तरह एक संयोग थी। लेकिन मुसोलिनी व अडोल्फ हिटलर का रिकार्ड ऐसा है कि किसी राष्ट्रवादी के सत्ता में आने की संभावना से ही यूरोप में रीढ़ की हड्डी में ठंड दौड़ जाती है। मुसोलिनी व हिटलर के सत्ता में आने से पहले राष्ट्रवाद को एक उचित विचारधारा माना जाता था क्योंकि यह किसी का अपने देश के प्रति प्रेम प्रदर्शित करती है। हालांकि, हिटलर ने कभी किसी संदर्भ में अपनी पार्टी के लिए 'फासिस्ट' शब्द का प्रयोग नहीं किया था, लेकिन इसके बावजूद यह छवि बनी रही। वास्तव में इटली में मुसोलिनी ने अपनी पार्टी को फासिस्ट कहा था। लैटिन भाषा में फासिस्ट शब्द की उत्पत्ति 'फैशियो' से हुई है जिसका अर्थ एक गुच्छा है। इस शब्द का उद्देश्य अराजकता के बजाय 'एकता' का संदेश देने के लिए है। संयोग से द्वितीय विश्वयुद्ध में जघन्य अपराध इटली के बजाय जर्मनी में हुए थे। इसके बावजूद राष्ट्रवाद या दक्षिणपंथ से दूर से भी जुड़ी कोई चीज यूरोपियनों का फासिज्म की याद दिला देती है। यूरोप के उदारवादी हंगरी व पोलैंड की सरकारों को लोकतांत्रिक होने के बावजूद 'कट्टरपंथी' मानते हैं। साम्यवाद व वामपंथ का लगभग 30 साल पहले अंत हो चुका है।

इसके साथ ही दक्षिणपंथियों को भी नापसंद किया जाता है जिससे केवल मध्यमार्गियों के लिए स्थान बचता है।

फासिस्ट विचारधारा क्या थी? यह निश्चित रूप से तानाशाही नहीं थी। 'फेशियो' शब्द का अर्थ एक बंडल या गुच्छा है जिससे एकता का भान होता है। यह आंदोलन प्रथम विश्वयुद्ध के बाद इटली में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी तथा अर्थव्यवस्था के लगभग विध्वंस की प्रतिक्रिया में था। उस समय संभवत: सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियां समाजवादी क्रांति के लिए परिपक्व थीं और फासीवाद को कम्युनिस्ट कब्जे से बचने का राष्ट्रवादी जवाब माना जाता था। मार्क्सवाद को 'वर्ग संघर्ष' का प्रतीक माना जाता था।

पूंजीवाद पर अब भी 'वर्गीय शोषण' का दाग लगा था और इसे लोकप्रियता नहीं मिल पा रही थी। प्रभावी होने के लिए जवाब ऐसा होना चाहिए था जो किसानों, कामगारों तथा उनकी यूनियनों के लिए आकर्षक हो। इसे 'वर्गीय सहयोग' के रूप में देखा गया जिसका प्रतिनिधित्व फासीवाद करता था। मुसोलिनी की कैबिनेट में न्याय मंत्री प्रोफेसर अल्फ्रेडो रोक्को ने 1925 में पेरूगिया में अपने भाषण के दौरान यह नई विचारधारा सामने रखी थी। उनके अनुसार समाज का अस्तित्व व्यक्ति के लिए नहीं है, बल्कि व्यक्ति का अस्तित्व समाज के लिए है। आर्थिक प्रगति में समाज का हित है तथा लोगों के सभी वर्गों को एकजुट होकर उत्पादन को अधिकतम स्तर तक पहुंचाने के प्रयास करने चाहिए। जहां भी संभव हुआ, प्रत्येक उद्योग, व्यापार या पेशे में कामगारों व सेवायोजकों को एकसाथ 'सिंडिकल असोसियेशनों' में संगठित किया गया। जहां ऐसे सिंडीकेट बनाना संभव नहीं था, वहां यूनियनें व कर्मचारियों की असोसियेशनें बनी रहीं, पर उनको गिल्डों के रूप में जोड़ा गया ताकि समन्वय व सद्भावना सुनिश्चित हो सके। यदि सामूहिक सौदेबाजी का संतोषजनक नतीजा नहीं निकलता था तो विवादों को अदालतों को सौंप दिया जाता था जहां विशेषज्ञों की सहायता उपलब्ध थी। फासिस्ट पार्टी ने इसी प्रकार वर्ग सहयोग की अवधारणा विकसित की थी। व्यवहार में अर्थव्यवस्था को पुन: शस्त्रीकरण तथा सार्वजनिक कार्यों के लिए उपयुक्त बनाया गया। बड़ी संख्या में सैनिकों की भर्ती हुई तथा इसी प्रकार कामगार फैक्ट्रियों में हथियार बनाने लगे। इससे बुर्जुआ वर्ग को मुनाफा हुआ जिससे वह सर्वहारा को अच्छी तरह भुगतान कर सकता था। शहरों में समृद्धि के कारण कृषि उत्पादों की मांग भी बढ़ी थी। इससे केवल वे बेरोजगार नौजवान ही बचे थे जिनको सशस्त्र सेनाओं में भर्ती नहीं किया जा सका था। पूरे देश से विदेशी क्षेत्रों में विजय का वादा किया गया था जिससे लूट का माल हासिल होता। फासीवाद या वर्ग सहयोग का एक और उदाहरण स्पेन में जनरल फ्रैंकों का शासन था, हालांकि इसका पैमाना बहुत छोटा था।

भारत में विस्तृत रूप से इटली या स्पैनिश अनुभव की जानकारी नहीं थी। लेकिन बुद्धिजीवी वर्ग में शामिल लोग एडोल्फ हिटलर व उनकी नाजी पार्टी के अत्याचारों से परिचित थे। हिटलर व उनके छ: साथियों ने 1920 में नाजी पार्टी की स्थापना की थी। उस समय जर्मनी की आर्थिक वंचना इटली की तुलना में बहुत अधिक थी। फासीवाद पर कोई भी लेखन प्रथम विश्व युद्ध के उल्लेख के बिना पूरा नहीं हो सकता है। इसके अंत में बोल्शेविक क्रांति के परिणामस्वरूप रूस ने समय से पूर्व आत्मसमर्पण कर दिया था। मास्को पर लेनिन व उनके साथियों के कब्जे के फौरन बाद 'लाल' तथा 'रसियन व्हाइट्स' कहे जाने वाले कम्युनिस्ट-विरोधियों के बीच गृह युद्ध छिड़ गया था। यह बहुत कठोर संघर्ष था। लगभग दो साल बाद 'रसियन व्हाइट्स' पराजित हुए और उनमें से अधिकांश रूस छोड़ कर बाहर भाग गए। उनकी पराजय के बाद यूरोप के पूंजीपति कम्युनिस्टों से घृणा करने लगे तथा भयभीत हो गए। इस परिघटना के साथ ही मुसोलिनी और हिटलर ने अपनी पार्टियां बनाईं और वे बर्लिन, म्यूनिक, रोम व फ्लोरेंस की सड़कों पर कम्युनिस्टों का विरोध करने लगे। उनके बिना पूंजीपति व औद्योगिक वर्ग बिल्कुल असहाय हो जाते। इसी प्रकार बुर्जुआ वर्ग के पैसे के बिना हिटलर व मुसोलिनी इस सीमा तक सफल न हो पाते।

# जारी है चीन-भारत संबंधों में खींचतान



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

भारत ने पिछले हफ्ते समरकंद शिखर सम्मेलन में विघटन और डी-एस्केलेशन प्रक्रिया को कम करने का एक अच्छा मौका गंवा दिया, जब चीन ने शिखर सम्मेलन से तीन दिन पहले हॉट स्प्रिंग्स से हटने की आश्चर्यजनक रियायत दी थी। हालांकि प्रधान मंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी के साथ सार्वजनिक रूप से नज़रें मिलाने से परहेज किया, लेकिन उन्होंने दो गोलमेज सत्रों में भाग लिया और दो औपचारिक फोटो सेशन में एक साथ उपस्थित थे और एक में, एक दूसरे के बगल में खड़े थे। लेकिन किसी भी नेता ने सार्वजनिक हाथ मिलाने या अलग होने का कोई प्रयास नहीं किया।

पिछले विघटन के 13 महीने बाद और समरकंद शिखर सम्मेलन के साथ पिछले कोर कमांडर की वार्ता के दो महीने बाद चीन ने विघटन का इशारा क्यों किया? संभवत : यह प्रदर्शित करने के लिए कि विघटन पर बातचीत सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। भारत की ओर से कोई व्यवधान नहीं होगा कि सीमा रेखा पर शिखर सम्मेलन में भी कार्डों पर, संकेत अनुपस्थित नहीं थे। मोदी ने पुतिन से कहा- ''आज का युग युद्ध का युग नहीं है'' शी की ओर भी इशारा किया। यह देखते हुए कि 2014 और 2019 के बीच 18 बैठकों के बाद मोदी और शी के बीच घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन एलएसी ब्रश के बाद से कोई नहीं, फोटो सेशन के दौरान मोदी से शी की ओर हाथ बढ़ाने की उम्मीद करना अनुचित नहीं था। (यह वह था जिसने जून 2020 में प्रसिद्ध रूप से कहा था : ''कोई भी अंदर नहीं आया, न ही कोई भारतीय क्षेत्र के अंदर है'', चीनियों की खुशी के लिए) अपने 72 वें जन्मदिन से एक दिन पहले, मोदी को शी से हाथ मिलाते हुए नहीं देखा जा सकता था। चीन से जमीन गंवाने को लेकर विपक्ष उनके लिए ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। लेकिन यह जोखिम लेने लायक होता। कम से कम यथास्थिति तोड़ी जा सकती थी।

दुखद निहत्थे गलवान संघर्ष के बाद से विघटन प्रक्रिया के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है। 1993 और 1996 के सीमा प्रोटोकॉल और उसके बाद 2005, 2006 और 2012 के सीमा रक्षा सहयोग समझौतों का चीन और पीएलए द्वारा उल्लंघन किया गया है। नीति में बदलाव तब शुरू किया गया था जब शी, जो उपाध्यक्ष थे, 2013 में राष्ट्रपति बने थे। सीमा विवाद और 1988 में शुरू किए गए द्विपक्षीय संबंधों के तौर-तरीकों को चुमार, देपसांग और डोकलाम



में अशुभ संकेतकों से पहले 2020 में टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया था।

1988 में सुमदोरोंग चू के साथ 2020 के कई घुसपैठों की तुलना करना, जिसे हल करने में नौ साल लगे, स्पष्ट रूप से गलत है। यह एक अलग युग था जब भारत और चीन आर्थिक और सैन्य रूप से सह-बराबर थे। सुमदोरोंग चू में, सैन्य कमांडरों ने पूर्वी लद्दाख के विपरीत वांगडुंग में पीएलए घुसपैठ पर हावी होने वाली ऊंचाइयों पर कब्जा करने के लिए साहसिक पहल की, जहां भारतीय सेना को झपकी लेते हुए पकड़ा गया था। विवाद समाधान के परिणामस्वरूप आपसी खींचतान हुई, जिसके बाद भाजपा के तत्कालीन विपक्षी सांसद जसवंत सिंह ने टिप्पणी की : ''हम अपने क्षेत्र से क्यों हट रहे हैं।''

चीन ने अपनी 1959 की दावा लाइन को देपसांग से डेमचोक तक गंभीर प्रतिकूल परिस्थितियों में प्रख्यापित करने में कामयाबी हासिल की है। भारत की वर्तमान आत्म-प्रवृत्त दुविधा का विश्लेषण करना शिक्षाप्रद है। मध्य और पूर्वी क्षेत्रों के विपरीत, एलएसी पश्चिम की तुलना में मैकमोहन लाइन द्वारा बेहतर परिभाषित और अधिक व्यवस्थित है जहां एलएसी गंभीर रूप से लड़ी जाती है। पूर्व में, हमारी आगे की मुद्रा सुमदोरोंग चू में पीएलए घुसपैठ से शुरू हुई थी जहां रक्षा और पोस्ट मैकमोहन लाइन के करीब हैं।

पश्चिम में, मुख्य रूप से लेह को एलएसी के साथ मानव रहित विशाल क्षेत्रों के साथ बचाव किया गया था और बिखरे हुए आईटीबीपी और सेना चौकियों के साथ कवर किया गया था जहां से आईटीबीपी और सेना ने एलएसी के पीछे एक लाइन तक 65 गश्त बिंदुओं तक गश्त की थी। एलएसी को लेकर चीनियों की अपनी धारणा थी जो कभी सामने नहीं आई। अप्रैल 2020 में, एक आश्चर्यजनक स्वीप में, पीएलए ने आसानी से भारतीय वास्तविक नियंत्रण रेखा में अपनी 1959 की दावा लाइन के अनुरूप पदों पर कब्जा कर लिया। विशाल खुफिया विफलता राजनीतिक और परिचालन चूक से जटिल हो गई थी। 8 सितंबर को हॉट स्प्रिंग्स (पीपी 15) से अलग होने के बाद, जिसे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ''एक समस्या कम'' कहा, एलएसी के भारतीय पक्ष में गश्त के अधिकारों से रहित एक और बफर जोन स्थापित किया गया है। देपसांग में, एलएसी पीएलए के भारतीय हिस्से में 18 किमी ने पांच पेट्रोलिंग पॉइंट और डेमचोक में चार पेट्रोलिंग पॉइंट तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। चुशुल के काउंसलर कोंचोक स्टैनज़िन ने कहा : ''हमारे सैनिक पीपी 15 और पीपी 16 से वापस चले गए हैं, जो हमारे पास 50 साल से था, हमने सर्दियों के चरागाह खो दिए।'' चीनियों ने डेमचोक और दौलत बेग ओल्डी में दो भारतीय आक्रामक लॉन्च पैड को भी प्रभावी ढंग से अवरुद्ध कर दिया है-वस्तुत: क्षेत्र को 1000 वर्ग किमी डीएमजेड में बदल दिया है।

9 मई को, सीओएएस जनरल मनोज पांडे ने कहा : ''हमें अप्रैल 2020 तक यथास्थिति बहाल करनी होगी।'' कूटनीति को शी-मोदी स्तर पर बहाल करना होगा; उनकी 19वीं बैठक नवंबर में बाली जी20 शिखर सम्मेलन में हो सकती है। इस बीच, आगे सलामी स्लाइसिंग को रोकने के लिए लद्दाख में बीओपी स्थापित करने की योजना बनाई जानी चाहिए।

## आप की बात

### श्रद्धांजलि : गजोधर भैया

**जिनके** स्टेज पर आकर खड़े होने पर ही लोग मुस्कराने लगते थे और कार्यक्रम के दौरान तो पूरे समारोह स्थल का हर शख्स ठहाके लगाने लगता था ऐसे हमारे गजोधर भैया राजु श्रीवास्तव असमय महज 58वर्ष की उम्र में हमसे अलविदा हो चले गए ,पिछले 29 वर्षो से अपनी सहज और परफेक्ट कामेडी करते हुए स्टेज पर उस किरदार को जीवंत कर देने का हुनर राजू श्रीवास्तव में मानो जन्मजात रहा है किरदार के हर हावभाव उसकी बोलने की शैली यहां तक की उसकी शारीरिक बनावट और हर लहजे की मिमिक्री करते वक्त सामने बैठे दर्शक राजू श्रीवास्तव को भूलकर उस किरदार की झलक उनमें देखने लगते थे, मैंने भी राजू भाई के कई लाइव स्टेज प्रोग्राम देखें और उनसे दो बार मुलाकात भी की , अपने हर चाहने वालों से वे बहुत ही सहज होकर मिलते थे भोपाल में हमने सहारा मिलन समारोह में उनकी और महान गायक किशोर कुमार के सुपुत्र अमित कुमार की हास्य और संगीत की प्रस्तुति देखकर कार्यक्रम पश्चात उनसे मिले और बधाईयां दी तो उन्होने दोनों कलाकारों ने बड़े स्नेह से हमें गले से लगा कर धन्यवाद दिया वह मुलाकात हमेशा चिरस्मरणीय रहेगी।

– **संजय डागा**, हातोद

### समाचार चैनलों पर बकवास

**सुप्रीम** कोर्ट के माननीय न्यायाधीश महोदय ने टॉक शो और नफरती बोल वाली डिबेट पर तल्ख टिप्पणी की हो, भले ही इसके लिए एंकर की जिम्मेदारी मानी हो, साथ ही सरकार की मूकदर्शक भूमिका पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया हो, मगर लाख टके का सवाल है कि इनके कानों में जूं तक रेंगेगी संदेह हैं। चैनलों पर सब सोची समझी चाल के तहत यह नफरती बकवास चल रही है। ताकि राजनीतिक फायदा पहुंचाया जा सके । यह बात न्यायाधीश महोदय ने भी कहीं है। आज भी संदीप चौधरी, रवीश कुमार जैसे एंकर के कार्यक्रम देखना सुखद अनुभूति है क्योंकि ज्वलंत मुद्दों पर ही यह बातें करते हैं निष्पक्ष व पारदर्शी तरीकों से। नहीं लगता कि इतनी तल्ख टिप्पणी के बाद भी आंखें होने के बाद भी अंधे बने, कानों में शीशा घूलें, जिन्होंने अपने ईमान का सौदा कर दिया व आत्मा को मार दिया हो, वे अब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा संविधान की मूल भावना को आत्मसात कर निष्पक्ष पत्रकारिता के धर्म को अपनाएंगे! यक्ष प्रश्न है और कल भी रहेगा, क्योंकि सियासत व पत्रकारिता दूषित(स्वार्थी) हो चुकी है। अगर एंकरों (उनके मालिकों) का जमीर जागता है, तो यह लोकतंत्र व पत्रकारिता के हित में ही होगा।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** अक्षय खाचरोद, उज्जैन


### संक्रामक बीमारी से सावधान

**कोरोना** महामारी के बाद एक बार फिर देश में बीमारी के नाम पर दहशत है। इस समय पशुओं में लंपी नामक संक्रामक बीमारी का प्रकोप है जो त्वचा रोग होकर मवेशियों मक्खियों और मच्छरों की विशेष प्रजाति से फैलता है। लगभग 2 माह पूर्व शुरू हुई इस बीमारी में अब तक लाखों पशुओं को चपेट में ले लिया है। इससे बड़ी संख्या में पशु धन हानि हुई है। कई राज्यों में इसके प्रकोप से लाखों पशु पीड़ित हैं। इसकी रोकथाम में टीकाकरण के बावजूद इसका पसार तेजी से हो रहा है। पशु मालिकों में दूध के साथ ही जुझारू जानवरों की जान की भी चिंता बनी हुई है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में उसका प्रकोप नजर आया है। संक्रामक होने की वजह से कोरोना की तरह इस से भी सावधान रहने की जरूरत है भले ही यह बीमारी मानव को नुकसान ना पहुंचाएं फिर भी बीमारी के कीटाणु किसी भी तरह फायदेमंद नहीं है। अच्छा यही होगा कि पशु मालिक इससे सावधानी बरतें और लक्षण दिखते ही इसका इलाज करवाएं।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**शहरों** का पुनर्जीवन समय की आवश्यकता है। चुनाव-केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय जन-कल्याण पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**महामहिम** एलिजाबेथ द्वितीय की अपने कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता थी। वे अपना उदाहरण पेश करने में अतुलनीय थीं।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**यदि** हम संपूर्ण सामंजस्य से काम करें तो कोई ऐसी चीज नहीं जिसे प्राप्त न कर सकें।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# नारी सशक्तीकरण को समर्पित रही सदन की कार्यवाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानमंडल** के दोनों सदनों में मानसून सत्र का चौथा दिन महिला सदस्यों के नाम रहा। सदन के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी सत्र में कार्यवाही का एक दिन मातृशक्ति के लिए आरक्षित किया गया था। विधानसभा की कार्यवाही में महिला सदस्यों की चर्चा शुरू होने से पूर्व सरकार की ओर से पटल पर सारी अधिसूचनाएं ग्राम्यविकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने रखी। वहीं वहीं विधान परिषद में सदन का संचालन महिला अधिष्ठाता (अस्थायी) सरोजनी अग्रवाल ने किया और पीठासीन अधिकारी की कुर्सी पर भी महिला अधिकारी आसीन थी। सदन के अंदर चारों तरफ महिला कर्मियों की ही ड्यूटी पर तैनात किया गया था।

विधानसभा की कार्यवाही में महिला सदस्यों के भाग लेने से पूर्व विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब सदन के सत्र में पूरा दिन महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। आज की कार्यवाही नारी सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि उनकी इस पहल का नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव दोनों ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि 18वीं विधानसभा नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। महिलाएं कैसे आगे बढ़ें यह जानने के लिए उचित अवसर है। आज की सदन की कार्यवाही का संदेश पूरे देश में जाना चाहिए। इस मौके पर नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के सबसे बड़े विधानमंडल दल एक नया इतिहास बनाने की ओर अग्रसर है। आजादी के पचहत्तर साल बाद आधी आबादी की आवाज पच्चीस करोड़ जनता तक जायेगी। वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने महिला मुद्दे पर सरकार पर काफी सौम्य भाषा में हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज के इस विशेष मौके पर में दलगत राजनीति से ऊपर देखना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जहां नारी सुरक्षा की बात करती है वहीं यह देखने को मिल रहा है कि महिलाओं के ऊपर घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। कार्यवाही में महिला सदस्यों की चर्चा शुरू होने से पूर्व सरकार की ओर से पटल पर सारी अधिसूचनाएं ग्राम्यविकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने रखी। भाजपा की वरिष्ठ सदस्य पूर्वमंत्री अनुपमा जायसवाल ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि भारत में हमेशा से महिलाओं को मानसम्मान देने की दिशा देने में अग्रणी रहा। इस मामले सबसे पहले इसी प्रदेश से हुई है। इसी प्रदेश में पहली महिला राज्यपाल और पहली महिला मुख्यमंत्री हुई। इसके अलावा प्रधानमंत्री से लेकर महिला राष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पदों तक पर महिलाओं को अपने दायित्वों का निर्वाह किया। सपा की सदस्य डॉ रागिनी सोनकर इस दिन का पचहत्तर वर्षों से इंतजार हो रहा था। उन्होंने कहा कि आज भी महिलाओं को अभी बराबरी का हक नहीं मिल पाया है। आजादी से लेकर अब तक हरक्षेत्र में महिलाओं का योगदान कम नहीं रहा। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने चर्चा के दौरान महंगाई और किसानों का समस्याओं का उठाया। जवाब में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि कांग्रेस राज्यों की अपेक्षा यूपी में किसानों का काफी सहूलियते दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुझाव पर आज विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने अधिष्ठाता के रूप में सदन के संचालन के लिए सपा की सैय्यदा खातून, डा मंजू श्रीवास और अनुपमा जयसवाल को अवसर दिया। इससे पूर्व चर्चा में डा अर्चना पांडेय, पूजा पाल, सुरभि, अलका सिंह, गीता शास्त्री, जय देवी, केतकी सिंह, रजनी तिवारी, नीलम यादव, मन्जू त्यागी सहित दोनों पक्षों की सदस्यों ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। इससे पूर्व महिला सदस्य मीनाक्षी सिंह, विजमा यादव, पूजा पाल, डा रागिनी, नीलिमा कटियार सहित कई अन्य सदस्यों ने अपनी याचिकाएं प्रस्तुत की।

## बालिकाओं की केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त की जाए: अखिलेश



**लखनऊ।** विधानसभा के विशेष सत्र में नेताप्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नारी शक्ति ने आज़ादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। झांसी की रानी, बेगम हजरत महल, कस्तूरबा बाई, अहिल्याबाई होल्कर, अवंती बाई, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, झलकारी बाई सहीत कई नाम हैं। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा अब सदन में महिलाओं की संख्या बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि सदन में महिलाओं को इस तरह का अवसर दिया गया है यह काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विधानसभाध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि जब से आप इस पीठ पर आसीन हुए है तब से सदन में काफी बदलाव आए है। सदस्यों का टैबलेट के साथ लांबी में चाय काफी की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि आजादी से लेकर अब तक देश के नवनिर्माण में महिलाओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि महिलाओं के इतने मुद्दे है कि उन्हे सत्र के एक दिन की कार्यवाही में नहीं खत्म कर सकते है। अखिलेश ने कहा कि सरकार के दावो के बावजूद महिला अपराधों में कमी नहीं आ रही है। अपने भाषण के दौरान उन्होंने मुरादाबाद में महिला उत्पीड़न की एक घटना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब सरकार, समाज व विपक्ष एक साथ काम करता है तो घटनाओं को भी रोका जा सकता है। अखिलेश ने कहा कि इस विशेष सत्र में मैं यह प्रस्ताव रखता हूं कि प्रदेश में बालिकाओं की केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त की जाए। स्वतंत्र महिला पुलिस इकाई का गठन किया जाए। महिला सदस्यों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यवाही में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा छात्राओं को लैपटाप बाटे गए। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि पुलिस में महिलाओं की पृथक इकाई का गठन किया जाए। अखिलेश ने कहा कि नारी शक्ति ने आज़ादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। झांसी की रानी, बेगम हजरत महल, कस्तूरबा बाई, अहिल्याबाई होल्कर, अवंती बाई, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, झलकारी बाई सहीत कई नाम हैं।

### पिछली सरकारों की तुलना में कानून व्यवस्था बेहतरः खन्ना

**लखनऊ।** सपा विधायक डॉ. रागिनी के द्वारा उठाए गए अपराध के मामलों पर जवाब देते हुए संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पिछली सरकारों की तुलना में हमने बेहतर कानून व्यवस्था किया है। महिला अपराधों में कमी लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को किसी भी स्तर पर बख्शा नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घटना को बारीकी से देखा जाता है और दोषियों को सजा भी दी गई और दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी अधिकारियों को दोषी पाया गया है वहां उन्हें सजा दी गई और आगे भी दी जाती रहेगी।

### महंगाई ने महिलाओं को खून के आंसू रुला दिए हैं: आराधना

**लखनऊ।** सदन में कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि मैं महंगाई का मुद्दा उठा रही हूं। घर का बजट महिलाओं को संभालना होता है। तेल, गैस सब का दाम बढ़ गया है। अच्छी बात ये है कि जवाब महिलाएं दे रहीं हैं। उन्होंने मंगाई ने महिलाओं को खून के आंसू रूला दिया है। उन्होंने कहा कि मंहगाई पर कोई अंकुश नहीं है। स्थिति यह है कि घरेलू वस्तुओं जैसे दूध, घी, तेल के दाम आसमान छू रहे है। इस पर सरकार का नियंत्रण लगाना चाहिए।

### थानों में वसूली भाई बैठे हैं: डॉ. रागिनी

**लखनऊ।** सपा विधायक डॉ. रागिनी ने महिलाओं के साथ अपराधों के मुद्दे को उठाया। लखनऊ, गोरखपुर समेत कुछ अन्य जिलों की घटनाओं का जिक्र किया। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के जवाब के बाद डॉ. रागिनी ने कहा कि थानों में वसूली भाई बैठे हैं। क्या जिन थानों में लापरवाही की गई, उन अधिकारियों के खिलाफ सरकार कार्रवाई करेगी। इस पर खन्ना ने कहा कि जरूर कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं की मजबूती से ही देश की सम्पन्नता संभवः गुलाब देवी

● विधान परिषद में महिला सशक्तीकरण विषय पर चर्चा में महिला सदस्यों ने पुरजोर ढंग से रखी अपनी बात



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की पहल पर लिए गए निर्णय के तहत महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति भाजपा सरकार द्वारा किए गए प्रयासों एवं उपलब्धियों से सम्बन्धित 'महिला सशक्तीकरण' विषय पर विधान परिषद में भी चर्चा करवाकर महिला सदस्यों को बोलने का पूरा मौका दिया गया। इस दौरान सबसे विशेष बात यह रही कि सदन का संचालन महिला अधिष्ठाता (अस्थायी) सरोजनी अग्रवाल ने किया और पीठासीन अधिकारी की कुर्सी पर भी महिला अधिकारी आसीन थी। सदन के अंदर चारों तरफ महिला कर्मियों को ही ड्यूटी पर तैनात किया गया था। महिला सदस्यों ने उन्हें बोलने का मौका दिए जाने के लिए अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह को धन्यवाद दिया।

इस मौके पर अपनी बात रखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के चतुर्मुख विकास के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प होकर कार्य कर रही है। देश के पीएम मोदी व प्रदेश के सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयास किया था भी क्यों न करें क्योंकि विधाता ने अपने विधान में महिलाओं को पूर्ण रूप से शक्ति सम्पन्न बनाया। उन्होंने यदि शक्ति दी तो दुर्गा माता दी। अगर धन की शक्ति दी तो लक्ष्मी जी को दी। ज्ञान दिया तो सरस्वती माता को दी। पद्मयोग दिया तो गीता को दिया। इस जीवन की नैय्या पार करने की अगर कोई व्यवस्था की तो गऊ माता को दी। पवित्रता गंगा माता को दी। अन्न की व्यवस्था अन्नपूर्णा माता को दी। गुलाब देवी ने कहा कि हंस वाहिनी से लेकर सिंह वाहिनी तक का अधिकार माता को दिया। तो महिलाएं कहां कमजोर हैं? हमारी महिलाएं बहुत शक्तिशाली है लेकिन उनकी शक्ति को कोई समझे तो। अब उनकी शक्ति को समझना मजबूरी होगी क्योंकि महिलाएं अपने वास्तविक रूप में आ रही हैं कि वह कितनी शक्तिशाली हैं। उन्होंने कहा कि वह वही महिला है जिसने ब्रह्मांड के मालिक श्रीराम को जन्म दिया। यह वही महिला है जिसने कर्मयोगी श्रीकृष्ण को जन्म दिया। यह वह महिला जिसने चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, सरदार भगत सिंह, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, नरेंद्र मोदी और आदित्यनाथ योगी जैसे सपूतों को जन्म दिया।

गुलाब देवी ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि आज तक जितने भी महान व्यक्तित्व हुए हैं। जितनी भी महान हस्तियां हुई हैं। किसी न किसी रूप में महिलाओं का सहयोग उनके साथ रहा है। चाहे वह मां के रूप में हो, पत्नी के रूप में हो, बहन के रूप में हो या मित्र के रूप में हो। बिना महिला के आज तक कोई महान हस्ती बनी ही नहीं और न बन सकती है। कोई देश तभी ही सम्पन्न हो सकता है जब वहां वहां की महिलाएं मजबूत होंगी। उनके लिए पूर्ण रूप से सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक हर जगह उनको भागीदारी मिलेगी। यही सोचकर पीएम मोदी और सीएम योगी ने महिला सशक्तीकरण का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले महिलाओं की क्या स्थिति थी, सब से जानते थे। वह सोंचती थीं कि बाहर निकलने के बाद सुरक्षित घर आएंगी कि नहीं आएंगी। लेकिन आज के इस वातावरण में पूर्ण रूप से सुधार किया गया है। गांव में आंगनबाड़ी के माध्यम से महिलाओं का मनोबल बढ़ाया जा रहा है। सहायता समूह से उनकी आर्थिक स्थिति सपन्न की जा रही है। हर विभाग में उनकी नियुक्ति की जा रही है। उनको उनकी योग्यता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। सबसे बड़ा इसका उदाहरण यह है कि हमारे प्रदेश में राज्यपाल के पद पर आनंदीबेन पटेल और देश में राष्ट्रपति के पद पर द्रौपदी मुर्मू बैठी हुई हैं। उन्होंने प्रदेश की महिलाओं से आव्हान किया कि मानव जीवन में चरित्र से बड़ा कोई भय नहीं। जिसका चरित्र अच्छा है, धर्म उसकी रक्षा करेगा। धर्म जिसकी रक्षा करेगा, भगवान उसके साथ होगा। इसलिए महिलाओं के लिए हमेशा ही चरित्र पर ध्यान देना चाहिए अपनी कर्तव्यनिष्ठा पर ध्यान रखना चाहिए। अपने अंदर आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए। भगवान पर विश्वास बनाए रखना चाहिए, जो जगत नियंता है, अजर है, अमर है जो पवित्र है, जिसने पूरी सृष्टि की रचना की है।

## केन्द्र पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कालेज खोलने के लिए यूपी को देगा 1012 करोड़ का अनुदान

**लखनऊ।** एक जिला- एक उत्पाद योजना की तर्ज पर आम आदमी की पहुँच तक बेहतर चिकित्सा व्यवस्था की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट हर जनपद में एक मेडिकल कालेज खोलने की योजना के तहत पीपीपी मॉडल पर इनकी स्थापना के लिए केन्द्र 1012 करोड़ रुपए का अनुदान देगा। सरकार को यह अनुदान व्यवहार्यता अंतर वित्त पोषण (वीजीएफ) स्कीम के तहत प्राप्त होगा। अनुदान प्राप्त होने के बाद राज्य सरकार द्वारा प्राइवेट सेक्टर को लाने की दिशा में कदम उठाया जायेगा। इसमें निवेशकों को 33 साल के लिए लीज पर जिला अस्पताल व भूमि दी जाएगी। योगी सरकार 1.0 और 2.0 में सरकार की कोशिश चिकित्सा सेवाओं को बेहतर करने की है। इसको लेकर राज्य सरकार की तरफ से कई योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही स्ट्रक्चर स्ट्रेंथनिंग पर भी जोर दिया जा रहा है।

# इलाहाबाद विवि की बढ़ी फीस के खिलाफ सपा का हंगामा, सदन किया बाधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विधान परिषद की कार्यवाही



**इलाहाबाद** केंद्रीय विश्वविद्यालय की फीस में चार गुना बढ़ोत्तरी किए जाने का मामला समाजवादी पार्टी सदस्यों ने विधान परिषद में कार्यस्थगन प्रस्ताव के रूप में उठाया। सपा सदस्यों ने राज्य सरकार से फीस बढ़ोत्तरी को तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाने की मांग की। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य और सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। जिससे असंतुष्ट सपा सदस्यों ने जमकर हंगामा और नारेबाजी की तथा विरोध स्वरूप वेल में धरने पर बैठ गए। जिसके चलते सदन की कार्यवाही अव्यवस्थित हो गई और उसे आधा घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा। इस दौरान भाजपा की महिला विधायक समेत अन्य सदस्यों ने सपा विधायकों पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि वे महिलाओं का समय ले रहे हैं। सपा के सर्वश्री नरेश चन्द उत्तम, डॉ. मान सिंह यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य एवं लाल बिहारी यादव ने प्रदेश के इलाहाबाद विश्वविद्यालय की बढ़ाई गई फीस वापस लिए जाने की मांग करते हुए कार्यस्थगन की सूचना दी। वहीं नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इलाहाबाद विवि केन्द्रीय विद्यालय है और यह राज्य का विषय नहीं है।सपा सदस्य नरेश चन्द्र उत्तम ने कहा कि यूपी में वोट डबल इंजन की सरकार कह कर मांगे जाते हैं तो सरकार क्यों नहीं केन्द्र को फीस कम होने का प्रस्ताव भेजती। सदन अव्यवस्थित होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने दोपहर एक बजे तक सदन की कार्यवाही 1.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। मौर्य ने कहा कि यदि केन्द्रीय विवि की फीस का मामला है तो अपने सदस्यों से कहिए वे संसद में सवाल उठाएं। वहां जो हो रहा है उस पर हम नजर रखे हैं। कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है। शिक्षा के क्षेत्र में हमने जो कदम उठाए हैं, उससे कई तरह की गड़बड़ियां खत्म हुई हैं। इस पर सपा सदस्यों ने शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा की मांग की। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि इलाहाबाद विवि के विषय में परिषद में चर्चा नहीं हो सकती।

सपा सदस्य लाल बिहारी यादव, नरेश उत्तम, आशुतोष सिन्हा, स्वामी प्रसाद मौर्या, डॉ. मानसिंह यादव, मुकुल यादव, जासमीर अंसारी व शाहनवाज आलम अपनी बात न माने जाने पर वेल में चले गए और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। सदन की कार्यवाही दोबार प्रारंभ होने पर बसपा सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने प्रदेश में सरकारी सेवा की भर्तियों में आरक्षित वर्ग के साथ बड़े पैमाने पर अन्याय होने का मामला कार्यस्थगन के रूप में उठाया और अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षक दल के सदस्यों ने प्रयागराज स्थित इण्डियन गर्ल्स इंटर कालेज के तथाकथित प्रबंधक द्वारा भूमाफियाओं एवं नगर निगम के अधिकारियों की सांठ-गांठ से विद्यालय की भूमि को अवैध रूप से बेचे जाने के सम्बन्ध में सूचना दी। निर्दलीय समूह के सदस्यों ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों तथा अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाए जाने की मांग करते हुए कार्यस्थगन के रूप में मामला उठाया। नेता सदन ने इन तीनों मामलों में तथ्यों से सदन को अवगत कराया। जिसके बाद सभापति ने कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकृत करते हुए तीनों मामलों को कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

### तीन विधेयक ध्वनिमत से पारित

**विधान** परिषद सदन में बृहस्पतिवार को तीन विधेयकों को ध्वनिमत से पारित किया गया। विधानसभा से पहले ही पारित हो जिन विधेयकों को विधान परिषद में मंजूरी प्रदान की गई उनमें उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022, सामान्य भविष्य निधि (उ्प्र) नियमावली, 1985-नियम-12 (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2022 और इण्टरमीडिएट शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2022 शामिल हैं।

# किसान हित को प्राथमिकता दे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। इस दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती बीते तीन-चार दिनों से बीजेपी पर लगातार हमलावर नजर आ रही हैं। अब गुरुवार को एक बार फिर से बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट करके बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने गन्ना किसानों का बकाया, लंपी वायरल समेत कई मुद्दों पर बीजेपी सरकार को घेरा है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कृषि प्रधान होने के बावजूद खेती व किसान हित के प्रति सरकार द्वारा काफी कम ध्यान देना हमेशा से ही बड़ी चिंता का कारण रहा है, किन्तु अब उनके उपज की वाजिब कीमत नहीं मिलना, गन्ना किसानों का भारी बकाया व पशुधन की हानि आदि ग्रामीण भारत को त्रस्त कर रहे हैं। सरकार तुरंत ध्यान दे। अगले ट्वीट में मायावती ने कहा कि साथ ही गुजरात, राजस्थान, एमपी से लेकर यूपी तक में लम्पी बीमारी के कारण असंख्य घरेलू जानवरों की मौत ने गरीब ग्रामीण भारत को नये संकट में डाल रखा है। पशुधन आत्मनिर्भर ग्रामीण जीवन की रीढ़ है, इसलिए यूपी व अन्य राज्य सरकारें प्रभावित लोगों की समुचित आर्थिक मदद जरूर करें। मायावती ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार ने भी विधानसभा में स्वीकार किया है कि प्रदेश के गन्ना किसानों का भारी बकाया है,जिसके संबंध में सरकार को अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह निभाते हुए इन बकायों को यथाशीघ्र पूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए कड़ा कदम जरूर उठाना चाहिए।

# समाजवाद ही सभी समस्याओं के समाधान का रास्ता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सपा मुख्यालय में मनाई गई पूर्व सांसद मोहन सिंह की 9वीं पुण्यतिथि



**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर बृहस्पतिवार को वरिष्ठ समाजवादी नेता, पूर्व सांसद मोहन सिंह की 9वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने स्वर्गीय मोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी आन्दोलन को आगे बढ़ाने में मोहन सिंह ने सक्रिय योगदान किया था। उनके योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि समाजवाद ही सभी समस्याओं के समाधान का रास्ता है। समाजवादी सिद्धांतों के जरिए ही सभी वर्गों में खुशहाली और सम्पन्नता लायी जा सकती है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज में नफरत पैदा किया है। भाजपा लोगों को लड़ने का काम करती है। भाजपा राज में आम जनता की कोई सुनवाई नहीं है। गरीब और निर्दोषों को परेशान किया जा रहा है। पुलिस हिरासत में हत्याएं हो रही हैं। देश में पुलिस हिरासत में सबसे ज्यादा मौतें उत्तर प्रदेश में हो रही है। महिलाओं के साथ लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घिनौनी घटनाएं हो रही है। बच्चियों पर जुल्म की इंतिहा हो गयी है। भाजपा सरकार समानता के खिलाफहै। इस सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विद्वेष की भावना से काम करती है। भाजपा ने पांच साल की सरकार में विकास का कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया। भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए विकासकार्यों को बर्बाद कर दिया और जो विकास परियोजनाएं और निर्माण कार्य चल रहे थे उन कार्यों को भी बंद करा दिया है। जयप्रकाश नारायण केन्द्र को उजाड़ दिया गया। गोमती रिवरफ्रंट को तहस.नहस कर दिया गया। गोमती रिवरफ्रंट को पूरा नहीं किया गया। एशिया के सबसे बड़े जनेश्वर मिश्र पार्क को भी बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया गया है। इस अवसर पर स्वर्गीय मोहन सिंह के परिवार से उनके दामाद टीएन सिंह, नाती प्रशांत कुमार सिंह सहित राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, अरविन्द कुमार सिंह एवं संजय लाठर के अतिरिक्त गजाला लारी पूर्व विधायक एवं रमेश प्रजापति, विकास यादव, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। धर्मवीर डबास, लल्लन यादव, डिलीप डे, मनीष सिंह, इकबाल खां, श्रीराम पटेल, जगदीश यादव, प्रभात सिंह पटेल, रवि अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, मनोज यादव, अज्जू इशहाक आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मुख्तार सरीखों को सजा होना अब स्वाभाविक: बृजलाल

● पूर्व डीजीपी ने कहा कि योगी राज में गवाह टूटने वाले नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के पूर्व डीजीपी भाजपा के राज्यसभासदस्य बृजलाल ने कहा है कि योगी राज में गवाह टूटने वाले नहीं हैं और मुख्तार सरीखे माफियाओं पर चल रहे मुकदमों में सजा होना अब स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि उनके परिजनों का भी वही हाल होना है। उनकी अपराध से कमाई गई 500 करोड़ से अधिक की सम्पत्तियों को या तो कुर्क कर दिया गया या फिर उन पर बुलडोजर चला दिया गया है।

पूर्व डीजीपी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े माफिया सरगना मुख्तार अंसारी को पहली बार उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा 7 साल की सजा दी गई। यह मामला 19 वर्ष पुराना 23 अप्रैल 2003 का है। मुख्तार लखनऊ जेल में बंद था, उसके बहुत से गुर्गे जेल में बिना तलाशी दिए उससे मिलना चाहते थे। तेजतर्रार जेलर एसके अवस्थी ने जेल मैनुएल के अनुसार ही तलाशी देने के बाद ही मिलने का आदेश दिया। मुख्तार का पारा चढ़ गया, उसने एक गुर्गे का रिवाल्वर लेकर जेलर अवस्थी पर तान दिया और धमकी दिया कि अपने को बड़ा ऊंचा समझने लगे हो, जेल से बाहर निकलो, जान से मरवा दूंगा। इसी का मुकदमा जेलर द्वारा लिखवाया गया था। यह मुकदमा जिला स्तरीय न्यायालय से छूट गया। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा उच्च न्यायालय में अपील की गयी जिस पर मुख्तार को सात साल की सजा हुई। बृजलाल ने कहा कि मुख्तार की यह धमकी पहली नहीं थी। 1999 में भी यह इसी लखनऊ जेल में बंद था। जेल अधीक्षक रमाकान्त तिवारी इसकी मनमानी नहीं चलने दे रहे थे। एक दिन वह इसी प्रकार की धमकी रमाकान्त तिवारी को दे दिया। जेल अधीक्षक ने इसे मुंहतोड़ जवाब दिया। मुख्तार ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दिया कि जेल से बाहर निकलो, गोली मरवा दूंगा। 4 फरवरी 1999 को जेल अधीक्षक रमाकान्त तिवारी अपनी जीप से राजभवन लखनऊ के सामने से गुज़रे। मुख्तार के शूटर उनकी जीप का पीछा कर रहे थे। वह राजभवन के 200 मीटर दूर डीएसओ चौराहे पर पहुंचे ही थे कि मुख्तार के एक दर्जन गुर्गों ने उन्हें गोली मारकर छलनी कर दिया। उनका ड्राइवर राकेश कुमार सिंह भी मारा गया। 8 दिसंबर 2003 को मुख्तार इस सनसनीखेज दोहरे हत्या कांड से भी बरी हो गया। इसके आतंक के कारण गवाह टूट गए और मुख्तार के साथ सभी गुर्गे भी बरी हो गए। पूर्व डीजीपी ने कहा कि मुख्तार का पूरा कुनबा ही आपराधिक छवि का है। मुख्तार पर हत्या, अपहरण, लूट, डकैती, गैंगेस्टर एक्टर आदि के करीब 60 मुकदमे कायम है जिसमें 19 मामले अभी भी न्यायालय में चल रहे हैं। इसके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी पर 8, पत्नी अफशा अंसारी पर 6, पुत्र अब्बास अंसारी पर 7 और छोटे पुत्र उमर अंसारी पर 5 मुकदमे कायम है। उन्होंने कहा कि जब योगी आदित्यनाथ 2017 में मुख्यमंत्री बने तो मुख्तार के लिए जेल आशियाना नहीं रह गया। उसने पंजाब में अपने ऊपर एक फर्जी मुकदमा लिखवाकर पंजाब के जेल में पहुंच गया। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के सहयोग से, पंजाब जेल उसका आशियाना बन गया।

उत्तर प्रदेश की न्यायालयों से कई बार उसे यूपी के मुकदमों के लिए पेश होने के लिए लिखा गया परंतु पंजाब सरकार उसे यूपी न भेजने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी। योगी सरकार सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा जीत कर उसे यूपी वापस लायी और वह बाँदा जेल में बंद है।

कोतवाली ले जाकर घंटो तक की पूछताछ

# 4 घंटे तक एंटी करप्शन टीम के सवालों में उलझा रहा घूस खोर बाबू!



● एंटी करप्शन टीम ने कृषि विभाग के वरिष्ठ लिपिक को रिश्वत लेते पकड़ा

●खाद-बीज का लाइसेंस बनवाने के नाम पर लाभार्थी से ली थी रिश्वत

●शिकायतकर्ता नीरज अवस्थी ने दोबारा रूपये मांगने पर कर दी थी शिकायत

●शहर कोतवाली इलाके के प्रेमनगर स्थित मोहल्ले में है कृषि विभाग का कार्यालय

संवाददाता। सीतापुर

**योगी सरकार** प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों को भले ही कड़े निर्देश दे रही हो ,लेकिन भ्रष्टाचार की जंग अभी भी सरकारी अमले में बुरी तरह लगी हुई है। सरकारी बाबू घूस लेने का कोई न कोई जुगाड़ बना ही लेते है। सीतापुर के कृषि विभाग में तैनात एक बाबू खाद बीज का लाइसेंस बनवाने के नाम पर घूस लेने में तो कामयाब हो गए, लेकिन उन्हें यह जरा भी अंदाजा नहीं था कि यह शायद उनके गले की फांस बनने वाली है। गुरूवार को सीतापुर के प्रेमनगर स्थित खादबीज भंडार में तैनात वरिष्ठ सहायक दिलीप सिंह को एंटी करप्शन टीम ने जैसे ही 8 हजार रूपये घूस लेते हुए रंगे हाथों पकडा उसके होश फाक्ता हो गए। एंटी करप्शन टीम की यह कार्रवाई शिकायतकर्ता नीरज अवस्थी की शिकायत पर की गई। शिकायतकर्ता नीरज अवस्थी संदना के कन्नपुर गांव के निवासी है, जिन्होंने बताया कि खाद बीज का लाइसेंस बनवाने के लिए बाबू दिलीप सिंह को 5 हजार रूपये दिए थे उसके बाद वह फिर से 8 हजार रूपये की मांग की थी, इसीलिए 17 सितम्बर को वह भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखऊ में शिकायत की उसके बाद यह कार्रवाई हुई है। सीतापुर गुरूवार को पहुंची विजिलेंस की टीम ने शिकायतकर्ता के साथ खाद बीज भंडार पहुंचकर वरिष्ठ सहायक दिलीप सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। विजिलेंस की टीम के साथ कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची थी जहां से बाबू दिलीप सिंह को उठा लायी और कोतवाली में करीब 4 घंटे पूंछताछ व लिखा पढ़ी चलती रही। टीम में लखनऊ इकाई के प्रभारी संजय कुमार सिंह, निरीक्षक राकेश सिंह, नंदकिशोर, राजेश प्रताप सिंह, मुख्य आरक्षी अभिषेक त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विजिलेंस टीम के अधिकारी नरूल उदा खां ने बताया कि आरोपी को 23 सितम्बर को लखनऊ न्यायालय पीसी कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की हुईं बैठक, मंडल के गठन पर हुईं चर्चा

**बछरावां ( रायबरेली )** । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक बुधवार की रात कस्बे के एक विद्यालय में पूर्व शासकीय अधिवक्ता विजय बहादुर एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए व्यापारियों ने कोतवाल जगदीश यादव को सम्मानित किया । बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागर द्वारा पिछली कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई जिस में उपस्थित संरक्षक मंडल व पदाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किया गया पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार संगठन को चलाने के लिए गतिशील तथा संगठन की आय पर चर्चा की गई सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन का संचालन हेतु समस्त पदाधिकारी प्रति माह लेवी के रूप में धन इकट्ठा करेंगे बैठक में युवा व्यापार मंडल के गठन पर भी चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मुजीब अहमद महामंत्री पद के लिए राहुल सोनी एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए अरुण विश्वकर्मा का चयन किया गया ।

## क्विक न्यूज

### ग्रामीणों का प्रदर्शन लाया रंग, गांव की हुई सफाई

**सीतापुर।** कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों का गांव में धरना देकर प्रदर्शन करना रंग लाया। खंड विकास अधिकारी सकरन रामलगन वर्मा को ऑफिस छोड़ कर सांडा गांव तक जाना पड़ा, बीडीओ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गांव की नालियों की सफाई कराई जाएगी, जलभराव वाले स्थानों पर तत्काल सड़क ऊंची कराने का काम शुरू किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद तीन दिनों से धरना दे रहे ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। बता दें कि सकरन क्षेत्र की उक्त ग्राम पंचायत में एक साल से अधिक समय से कोई सफाई कर्मी की तैनाती नही है, गांव में भीषण जलभराव और कीचड़ की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। इसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार ब्लाक मुख्यालय पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई सुनवाई नही हुई है, इससे नाराज ग्रामीणों ने गांव में ही कीचड़ सने मुख्य मार्ग पर अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। अनिश्चितकालीन धरने में रामानुज दीक्षित, दिनेश, संतोष, सरवन, महानंद, शिवराज, मनोज, उमेश, सुनीत, अशोक, सोनू, राम मिश्रा, नत्थाराम, सुरेश, राम सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल रहे। धरना दे रहे ग्रामीणों को मनाने पहुंचे खंड विकास अधिकारी सकरन रामलगन वर्मा ने पायनियर को जानकारी दी।

### मार्ग दुर्घटनाओं में कुल चार घायल

**ऊंचाहार।** बृहस्पतिवार की दोपहर हुई दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में कुल चार लोग घायल हुए हैं। राहगीरों द्वारा घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां एक की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया है।

पहली घटना में सांवापुर नेवादा निवासी नीरज 28 वर्ष पुत्र छोटेलाल पड़ोसी गांव गंज गंगौली निवासी विजय कुमार के साथ बाइक से जमुनापुर चौराहा की ओर जा रहा था ,तभी कानपुर उन्नाव राजमार्ग पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज सवैया धनी के पास सामने से आ रहे दौलतपुर गांव निवासी विजय कुमार की बाइक से आमने सामने से टक्कर हो गई। जिसमें तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने नीरज व विजय को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया।जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद नीरज कुमार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं तीसरे घायल विजय कुमार निवासी दौलतपुर को उनके परिजन एनटीपीसी अस्पताल ले गए हैं। जहां उसका उपचार चल रहा है।दूसरी घटना सवैया तिराहा स्थित सैनी ढाबा के सामने की है। जहां छिपिया गांव निवासी दीपक सिंह 32 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह बाइक की सर्विस कराने ऊंचाहार आया हुआ था और दोपहर बाद वापस घर लौटते समय सैनिक ढाबा के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दीपक सिंह घायल हो गए,राहगीरों द्वारा उन्हें सीएचसी ले जाया गया है।सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आए थे। जिसमें नीरज की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### स्कूली छात्रा का अज्ञात बोलेरो सवार बदमाशों ने अपहरण का किया असफल प्रयास

**खीरों (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के श्री सरस्वती इंटर कालेज खीरों की कक्षा -6 की एक छात्रा का अज्ञात बोलेरो सवार बदमाशों ने बुधवार को सुबह विद्यालय आते समय रास्ते में अपहरण करने का असफल प्रयास किया। विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों को घटना की जानकारी देने पर विद्यालय में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष खीरों देवेन्द्र कुमार अवस्थी ने पीड़िता से मामले की जानकारी ली। खीरों पुलिस मामले की जांच कर रही है। तिवारिनखेड़ा मजरे खजुहा निवासी अंकिता पासवान पुत्री हरीलाल पासवान ने बताया कि मैं श्री सरस्वती इंटर कालेज की कक्षा-6 की छात्रा हूं। मैं बुधवार को सुबह पैदल विद्यालय आ रही थी। मैं जैसे ही खीरों पाहो मार्ग पर स्थित परसपुर गांव के आगे एक महुआ की बाग के पास पहुंची थी । इसी दौरान पाहो की ओर से आ रही एक बोलेरो मेरे बगल में रूकी और उस पर सवार अज्ञात लोगों ने मुझे पकड़कर जबरन बोलेरो में बैठाने का प्रयास किया। लेकिन मैंने अपना हांथ छुड़ाकर शोर मचाया और वहां से भागी। तभी अज्ञात बोलेरो सवार बोलेरो लेकर भाग गए । मैंने विद्यालय पहुंचकर सारी बात शिक्षकों को बताई। शिक्षकों की सूचना पर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी पुलिसबल के साथ विद्यालय पहुंचे और पीड़िता से मामले की जानकारी ली। इसी दौरान उन्होंने शिक्षकों व छात्रों को बच्चा चोरी जैसी झूठी अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। प्राथमिक जांच में यह मिला है कि बोलेरो किसी अन्य कारण से बाग के पास रुकी थी। जिससे छात्रा भयभीत हो गई है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# वनक्षेत्राधिकारी अभय मल्ल का हुआ विदाई समारोह



संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**आदर्श पत्रकार** एकता एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय तहसील के सभागार कक्ष में संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य ने वन क्षेत्राधिकारी की भावभीनी विदाई समारोह तथा उपजिलाधिकारी के सम्मान समारोह का आयोजन किया। बताते चलें कि लंबे समय से लहरपुर क्षेत्र में वन विभाग की ओर से सेवा प्रदान कर रहे वन क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मल्ल का तबादला पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी के रेंज शारदा नगर में हुआ है। उन्होंने जिस प्रकार अपने मृदुभाषी व सौम्य व्यवहार के चलते पिछले करीब 3 वर्ष के कार्यकाल में लोगों के दिलों में जगह बनाई, वही वन कार्यालय को खंडहर बने नहर विभाग के गेस्ट हाउस में स्थापित कर जनपद समेत आसपास के जनपदों में एक मिसाल कायम की है जो तारीफके साथ साथ देखने योग्य है। वन क्षेत्राधिकारी को फूल मालाओं से लादकर स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। वही आईजीआरएस निस्तारण के लिए लहरपुर तहसील को जिले में पहला स्थान तथा प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त होने पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में संस्था में पांच पत्रकारों क्रमशरू वरिष्ठ पत्रकार पंकज शुक्ला, अविनाश दीक्षित, धर्मेंद्र पांडेय, शिवम अवस्थी, निर्मल पांडेय, को फूल मालाएं पहनाकर सम्मिलित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, भाजपा नेता वीरेंद्र पुरी, इंडियन आयल डीलर दिलीप शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष रामें बाजपेई, हरीश रस्तोगी गोलू, रईस अहमद, संरक्षक रियाज अहमद, रमाकांत शुक्ला, सुधाकर मिश्रा, सपा नेता सलाउद्दीन गौरी, शाह फैसल शोएब, हाजी कमालुद्दीन, एचएमएच प्रबंधक सलाउद्दीन, शोभित मिश्रा, हसीन अंसारी, मयंक टंडन, प्रधान जीतू गोस्वामी, राकेश सिंह, मौलाना सिराज, पत्रकार इरफान अहमद, जियाउल हक, गोविंद गोपाल सिंह, अमित शुक्ला, अभिनव त्रिवेदी एहतेशाम बेग, देशप्रीत सिंह, आकाश सिंह, राम मोहन राजपूत सहित संस्था से जुड़े पदाधिकारी व सम्मानित पत्रकार मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन व व्यवस्थापक आईटी सेल प्रभारी हाशिम अंसारी रहे। अंत में संस्था के अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# सैकड़ों शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**शिक्षक संगठन** के बैनर से परहेज करते हुए जनपद के सैकड़ो शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर अपनी सामूहिक उपस्थिति दर्ज कराते हुए पदोन्नति की मांग पर बी.एस.ए. को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व परसेण्डी ब्लॉक के शिक्षक राजीव गौड़ कर रहे थे। ज्ञातव्य है कि जनपद में विगत कई वर्षो से शिक्षकों की पदोन्नतियाँ नही हुई है। नतीजतन हजारों विद्यालय प्रधानाध्यापक विहीन होकर सहायक शिक्षकों के भरासे चल रहे है। प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप् में शिक्षकों को कई साल से प्रधानाध्यापक पद का पूरा कार्य बिना किसी अतिरिक्त वेतन या लाभ के करना पड़ रहा है। कमी मिलने पर यह सहायक शिक्षक प्रधानाध्यापक पद के सापेक्ष दण्ड के भोगी बना दिये जाते हैं परन्तु लाभ के नाम पर सिर्फ उत्पीड़न का दंश झेलने का मजबूर है। इसी एक मांग को लेकर जनपद के सैकड़ो शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने बी.एस.ए. कार्यालय पर सामूहिक रूप् से उपस्थित होकर बीएसएस को सम्बोधित ज्ञापवन सौंपा है। जिस पर लगभग 250-300 शिक्षकों ने अपने हस्ताक्षर किये है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद सीतापुर में परिषदीय शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया विगत कई वर्षों से लंबित है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजीव गौड़, सेरेन्द्र गुप्ता,, खुश्तर रहमान खाँ, बिसम्बर सिंह, जितेंद्र सिंह, अभय तिवारी, सुनील बागपत, सुधीर यादव, कुलदीप बाजपाई, आदर्श गौर, आदर्श पांडे, सूर्य नारायण, अनिल मिश्र, संजीव रावत, देवर्षि प्रताप सिंह, श्रवण त्रिवेदी, विवेक मिश्रा, आदित्य मिश्रा, स्मृति अवस्थी, पूजा सक्सेना आदि के नाम प्रमुख हैं।

# स्कूल में बच्चों से धुलवाए जा रहे बर्तन

संवाददाता। बेहजम खीरी

**ब्लॉक** क्षेत्र में शिक्षा विभाग अधिकारियों की उदासीनता व खाऊ कमाऊ नीति के चलते क्षेत्र में उच्च ,प्राथमिक विद्यालय मे मिड डे मील योजना धरा सही होती नजर आ रही हैं जबकि सरकार के द्वारा शिक्षा विभाग को करोड़ों रुपया नौनिहालों के सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने पीने बैठने खेलने कूदने तक की सारी सुविधाओं के लिए खर्च किया जा रहा है।

लेकिन भ्रष्टाचारियों ने धरातल पर योजना को पूर्ण रूप से सफल बनाने के बजाय धरा शाही करते नजर आ रहे हैं। फिर भी विद्यालयों के अध्ययनरत नौनिहाल बच्चों से विद्यालय में रसोइयों की जगह पर बच्चों से सब्जी काटना बर्तन धोना झाड़ू पोछा फर्श की सफाई आदि विद्यालय में कराए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते जिले में हड़कंप मच गया वायरल वीडियो बेहजम ब्लॉक के पिपरी कला प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है यहां पर तैनात प्रधानाध्यापक मुस्ताक अली के द्वारा बच्चों से रसोइयों की जगह पर बच्चों से सारे कार्य कराए जा रहे है । जबकि इस विद्यालय में 252 बच्चों के सापेक्ष में दो रसोईया जुग्धा देवी , व रेखा देवी तैनात है फिर भी प्रधानाध्यापक के द्वारा बच्चों के हाथों में किताबों पेन की जगह पर चाकू व सब्जी झाड़ू पोछा लगवाने का कार्य किया जा रहा है। इस विद्यालय में बच्चों के बैठने व पढ़ाई की जगह पर विद्यालय के बच्चो से कार्य कराए जाने का वीडियो वायरल होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी कांत पांडे ने एक तुगलकी फरमान जारी कर दिया जिसमें क्षेत्रीय पत्रकारों को विद्यालय प्रांगण में घुसने से प्रतिबंध लगा दिया गया सर्कुलर जारी करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्रीय पत्रकारों सहित जिले के पत्रकारों में रोष व्याप्त हुआ जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने को घिरता हुआ देख बैकफुट पर आते हुए अपने दिए गए आदेश पर स्पष्टीकरण देते मजबूर हुए। बेहजम खीरी प्राथमिक विद्यालय पिपरी कला में जो बच्चों को बैठने के लिए सरकार ने समुचित व्यवस्था की है।

# सेवा पखवाड़ा के चलते गोष्ठी आयोजित



**मोहम्मदी-खीरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवाठ्ठपखवाड़ा के अन्तर्गत मोहम्मदी विकास खण्ड सभागार मे ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में जल ही जीवन विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया ने विषय पर विस्तार से संबोधित किया उनके अतिरिक्त पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राम मोहन रस्तोगी , राजापुर मंडल अध्यक्ष रामभरोसे वर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला कार्यसमिति सदस्य विजय सिंह ,मंडल अध्यक्ष अद्वैत सिंह ,नगर उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता जी,सुशील वर्मा,सहित अन्य पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को जिले के 3556 आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का आगाज हुआ। आंगनवाड़ी केंद्र ज्ञानपुर विकासखंड फूलबेहड़ में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। डीएम ने बालक-बालिका की वृद्धि निगरानी ,पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में उनके अभिभावकों को जागरूक किया। उन्होंने कार्यकत्री को निर्देश दिए कि सभी जीरो से 05 वर्ष तक के पंजीकृत बच्चों का प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाए एवं उनको शासन द्वारा प्रदत्त सभी योजनाओं से लाभान्वित करें। डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के 3556 आंगनबाड़ी केंद्रों व फूलबेहड़ ब्लॉक के सभी 230 आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता सभी विभागों के सहयोग से उत्सव के माहौल में आयोजित हुई, जिसमें बच्चों के अभिभावकों को उनके पोषण स्वास्थ्य वृद्धि निगरानी स्वच्छता टीकाकरण आदि के विषय में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूक किया। कार्यक्रम में डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव, एमओआईसी फूलबेहड़ डॉ अमितेश दत्त द्विवेदी, सीडीपीओ फूलबेहड़ डॉ पूजा त्रिपाठी, बीपीएम विकास श्रीवास्तव, मुख्य सेविका संजय कुमारी, ग्राम प्रधान जसवंत कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सरोजिनी गुप्ता, शशि वर्मा, निशा गुप्ता व विनीता वर्मा उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## कांग्रेस अध्यक्ष...

अधिसूचना जारी होने के बाद अब नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 24 से 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। अब लगभग यह तय हो गया है कि 22 साल बाद कांग्रेस का अध्यक्ष चुनाव के जरिए तय होगा। वर्ष 2000 में सोनिया गांधी और जितेंद्र प्रसाद के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें प्रसाद को करारी शिकस्त मिली थी। इससे पहले, 1997 में सीताराम केसरी, शरद पवार और राजेश पायलट के बीच अध्यक्ष पद को लेकर मुकाबला हुआ था, जिसमें केसरी जीते थे। फिलहाल अशोक गहलोत और थरूर के रूप में दो उम्मीदवारों के होने की संभावना बनने के बीच, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने गहलोत का खुलकर समर्थन किया और थरूर पर तंज कसे। गौरव बल्लभ ने कहा कि एक तरफ अशोक गहलोत हैं जिनके पास केंद्रीय मंत्री, तीन बार मुख्यमंत्री, पांच बार सांसद, पांच बार विधायक होने का अनुभव है और उन्होंने मोदी-शाह को सीधे मुकाबले में हराया। उनका 45 सालों का बेदाग राजनीतिक करियर है।

## 15 राज्यों...

सलाहकार अजित डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, एनआईए के महानिदेशक दिनकर गुप्ता समेत शीर्ष अधिकारी इस उच्च स्तरीय बैठक में शामिल हुए। इस बीच पीएफआई ने एनआईए की अगुवाई में कई एजेंसियों द्वारा उसके कार्यालयों, नेताओं के घरों और अन्य परिसरों में छापेमारी के विरोध में 23 सितंबर को केरल में हड़ताल का आह्वान किया है। पीएफआई के प्रदेश महासचिव ए अब्दुल सत्तार ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नियंत्रण वाली फासीवादी सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके असहमति की आवाज को दबाने के प्रयास के खिलाफ राज्य में 23 सितंबर को हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक हड़ताल की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने हालांकि इस प्रस्तावित हड़ताल को अनावश्यक बताया और राज्य सरकार से इसके खिलाफ कड़ी कार्वाई करने का आग्रह किया। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख के. सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि पीएफआई द्वारा पूर्व में आहूत सभी हड़तालों में दंगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के प्राधिकारियों को लोगों के जीवन और संपत्ति की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। पीएफआई के खिलाफ कार्वाई की पृष्ठभूमि में कई मुस्लिम संगठनों ने समुदाय के युवाओं से बृहस्पतिवार को धीरज से काम लेने की अपील की।

## लग सकता...

का हाथ काटना, अन्य धर्मों को मानने वाले संगठनों से जुड़े लोगों की निर्मम हत्याएं, विस्फोटकों का संग्रह, प्रमुख लोगों और स्थानों को निशाना बनाना, इस्लामिक स्टेट को समर्थन और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से नागरिकों के मन में आतंकवाद का एक प्रभाव पड़ा है। अधिकारियों के मुताबिक, एनआईए ने पीएफआई के खिलाफ पहले की गई जांच के तहत 45 लोगों को दोषी ठहराया है। इन मामलों के संबंध में कुल 355 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। पिछले साल, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी उच्चतम न्यायालय के समक्ष कहा था कि केंद्र सरकार पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया में है, जिसे पहले ही झारखंड सहित कई राज्यों में अवैध घोषित किया जा चुका है। मेहता ने यह भी कहा था कि पीएफआई के कई पदाधिकारी स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) से जुड़े पाए गए हैं, जो पहले से ही एक प्रतिबंधित संगठन है। पीएफआई को कथित तौर पर खाड़ी देशों में स्थित अपने हमदर्दों, ज्यादातर भारतीय, से धन प्राप्त होता है।

## भागवत पहली...

घिरे पोपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के लगभग दर्जनभर राज्यों में फैले कार्यालयों पर छापे मारे गए और 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। संघ प्रमुख पिछले कई हफ्तों से सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए मुस्लिम बुद्धिजीवियों के साथ बैठकें आयोजित कर रहे हैं। डॉ. इलियासी के साथ मुलाकात में भागवत के साथ डॉ. कृष्ण गोपाल, इंद्रेश कुमार, रामलाल और कृष कुमार भी मौजूद थे। संघ के एक अधिकारी ने बताया कि यह पहला मौका है जब सरसंघचालक ने किसी मदरसे का दौरा किया है। संघ पदाधिकारी के अनुसार, मदरसे के दौरे पर भागवत ने वहां के बच्चों से बातें कीं और उन्हें कुरान पढ़ते हुए सुना। उन्होंने बताया कि बच्चों ने वंदे मातरम और जय हिन्द के नारे भी लगाए। ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी ने मदरसे के बच्चों से बातचीत के दौरान भागवत को राष्ट्रपिता बताया। उन्होंने बताया कि हालांकि, भागवत ने तत्काल टोका और कहा कि देश में एक ही राष्ट्रपिता हैं और बाकी सभी भारत की संतानें हैं। ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन भारत में इमामों का प्रतिनिधि संगठन है और दुनिया में इमामों का सबसे बड़ा सगठन होने का दावा करता है। डॉ. इलियासी और भागवत के बीच मस्जिद में करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। इसी मस्जिद में ऑल इडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन का दफ्तर और इलियासी का आवास भी है। इलिसासी ने कहा कि भागवत उनके न्योते पर मस्जिद और मदरसे का दौरा करने आए हैं। उन्होंने एजेंसी से बातचीत में कहा कि वह राष्ट्रपिता हैं। हमने देश को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। संघ प्रमुख की बातों से सहमति जताते हुए इलियासी ने कहा कि भागवत के इस दौरे से संदेश जाना चाहिए कि भारत को मजबूत बनाने के लक्ष्य से हम सभी मिलकर काम करना चाहते हैं। हम सभी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। हमारा डीएनए समान है, सिर्फ हमारा धर्म और इबादत के तौर-तरीके अलग-अलग हैं। दौरे के बाद एक बयान में आरएसएस के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि सरसंघचालक जीवन के सभी तबकों/हिस्सों से आने वाले लोगों से मिलते हैं। यह सामान्य संवाद प्रक्रिया का हिस्सा है। ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. उमर अहमद इलियासी द्वारा भागवत को राष्ट्रपिता कहे जाने पर विभिन्न क्षेत्रों से कड़ी प्रतिक्रिया आई है।

## फोर्टिस के...

खिलाफ 3,600 करोड़ रुपये की मध्यस्थता राशि जीती थी और इसे प्राप्त करने के लिए उसने फोर्टिस-आईएचएच शेयर सौदे को चुनौती दी है। आईएचएच-फोर्टिस सौदा दाइची और सिंह भाइयों के बीच अदालती लड़ाई के कारण अटका हुआ है। गौरतलब है कि 2018 में जब कुछ भारतीयों ने फोर्टिस हेल्थकेयर के अपने शेयर मलेशिया की कंपनी आईएचएच को बेचे, उसके बाद दाइची अदालत पहुंच गई। इस जापानी कंपनी का आरोप है कि फोर्टिस के पूर्व प्रोमोटर्स ने उसे आश्वासन दिया था कि भारतीय अस्पताल चेन में उनके शेयर से न्यायाधिकरण द्वारा तय की गई मध्यस्थता राशि का भुगतान हो जाएगा। फोर्टिस हेल्थकेयर ने एक बयान में कहा कि हम समझते हैं कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष सुनवाई कुछ निर्देशों के साथ पूरी हो गई है और स्वत: संज्ञान के साथ शुरू की गई अवमानना की कार्रवाई समाप्त हो गई है। हम उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करेंगे और भविष्य के कदम को लेकर कानूनी सलाह लेंगें।

## जयशंकर ने...

समुदाय को निशाना बनाकर हुई हिंसा की घटनाओं के बीच नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में हिंसा को लेकर भारतीय उच्चायोग के बयान का हवाला देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भारतीय उच्चायोग ब्रिटेन के संपर्क में है।

## बाइडन ने...

उन्हें संयुक्त राष्ट्र चार्टर की रक्षा करनी चाहिए और वीटो से बचना चाहिए। बाइडन ने कहा कि वीटो सिर्फ विशेष अथवा विषम परिस्थितियों में ही होना चाहिए, ताकि परिषद की विश्वसनीयता और उसका प्रभाव बना रहे। उन्होंने कहा, यही कारण है कि अमेरिका सुरक्षा परिषद में स्थाई और अस्थाई, दोनों तरह के सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर जोर देता है। इनमें वे देश भी शामिल हैं, जिनकी स्थाई सदस्यता की मांग का हम लंबे समय से समर्थन करते आ रहे हैं।

## पंजाब सरकार...

साथ बैठक कर पार्टी की रणनीति तय की। बैठक के बाद मान ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि विधानसभा का सत्र 27 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सत्र में बिजली आपूर्ति और पराली जलाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। बाद में मान ने एक बयान में कहा कि राज्य सरकार लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों और राज्यों के संघीय अधिकारों की रक्षा के लिए राज्यपाल के मनमाने और अलोकतांत्रिक फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। मुख्यमंत्री ने भाजपा के ऑपरेशन लोटस का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा। मान ने कहा कि विडंबना यह है कि इस तरह की अलोकतांत्रिक कार्वाई की सबसे बड़ी शिकार कांग्रेस खुद भाजपा के साथ खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा इस भयावह कदम को लेकर एक साथ खड़े हैं, जिसका उद्देश्य लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को गिराना है। दूसरी ओर, आप के विधायकों ने पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का फैसला वापस लिए जाने के विरोध में बृहस्पतिवार को मार्च निकाला। विधायकों के हाथ में लोकतंत्र की हत्या बंद करो तथा ऑपरेशन लोटस मुर्दाबाद जैसे नारे वाली तख्तियां थीं।

## भाजपा का...

सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों को मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने से रोकने के लिए पुलिस ने अवरोधक लगाए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जब अवरोधक पार करने का प्रयास किया तो, पुलिस ने उनपर पानी की बौछार कर रोक दिया।

## संविधान पीठ...

प्रसारण कर सकता है और बाद में वह अपने सर्वर के जरिए कार्यवाही का सीधा प्रसारण कर सकता है। लोग अपने मोबाइल फोन, लैपटॉप और कम्प्यूटर पर बिना किसी बाधा के उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही देख सकेंगे।

## भारतीय नौसेना...

एवं कल्याण संघ (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष कला हरि कुमार ने पारंपरिक ढंग से इन पोतों का नामकरण किया और इस अवसर पर मौजूद लोगों ने बंगाल की खाड़ी में पोतों के जलावतरण का तालियां बजाकर स्वागत किया। एडमिरल कुमार ने अपने संबोधन में कहा, भारतीय नौसेना के दो जटिल और अहम पोतों के जलावतरण के ऐतिहासिक मौके पर यहां होना गर्व का विषय है। एक बार नौसेना में शामिल होने के बाद ये स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसेल (डीएसवी) आईएनएस निपुण और आईएनएस निस्तार के नाम से जाने जाएंगे। उन्होंने कहा, निस्तार और निपुण न केवल गहरे समुद्र के हमारे अभियानों में एक नए युग का सूत्रपात करेंगे बल्कि एक विश्वसनीय बल के रूप में भारतीय नौसेना का स्तर भी ऊंचा करेंगे। इसके अलावा ये पोत हिंद महासागर में पनडुब्बी बचाव अभियानों में भी सबसे आगे बढ़कर हिस्सा ले सकेंगे।

दशहरा रैली

# उद्धव गुट को बीएमसी के फैसले वाली याचिका में संशोधन की अनुमति

**भाषा।** मुंबई

**बंबई उच्च न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले, शिवसेना के गुट को मुंबई के प्रतिष्ठित शिवाजी पार्क में अपनी वार्षिक दशहरा रैली आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार करने वाले बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के फैसले को चुनौती देने वाली अपनी याचिका में संशोधन करने की अनुमति दी। न्यायमूर्ति आरडी धानुका और न्यायमूर्ति कमल खाता की खंडपीठ ने कहा कि वह शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करेगी। अदालत ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट की याचिका के विरोध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धड़े से संबंधित विधायक सदा सर्वंकर की याचिका पर भी सुनवाई करेगी।

ठाकरे धड़े की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अस्पी चिनॉय ने अदालत को बताया कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने बृहस्पतिवार की सुबह एक आदेश जारी किया है जिसमें पांच अक्टूबर को रैली करने की अनुमति के अनुरोध वाले उनके आवेदन को खारिज कर दिया गया है। चिनॉय ने कहा, बीएमसी ने अपने आदेश में केवल इतना कहा है कि वे संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति के कारण आवेदन को खारिज कर रहे हैं क्योंकि दूसरे धड़े (शिंदे के पक्ष) ने भी इसके लिए आवेदन किया है। इसके बाद उन्होंने बीएमसी के फैसले को चुनौती देने के लिए अपनी याचिका में संशोधन का अनुरोध किया।

बीएमसी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मिलिंद साठे ने इसका विरोध किया और कहा कि याचिका अनावश्यक है क्योंकि इसमें केवल बीएमसी से उनके आवेदन पर निर्णय लेने का अनुरोध किया गया था और ऐसा किया गया है। पीठ ने हालांकि कहा कि याचिका में अदालत से अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। अदालत ने कहा, हमारी समझ से यह एक व्यापक अर्जी है। इसलिए हम याचिकाकर्ता को इसमें संशोधन की अनुमति देते हैं। ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने अपनी याचिका में कहा था कि पार्टी उच्च न्यायालय का रुख करने के लिए विवश हुई क्योंकि बीएमसी ने रैली के लिए अनुमति से संबंधित अगस्त में दिए गए उनके आवेदनों पर फैसला नहीं किया है।

सर्वंकर ने अपनी याचिका में दावा किया कि अगर उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर कोई आदेश जारी किया तो इससे वास्तविक शिवसेना का प्रतिनिधि कौन , के मुद्दे पर जारी विवाद में अड़चन आएगी। मुंबई के दादर से विधायक सर्वंकर ने अपनी याचिका में कहा कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट से हैं जो शिवसेना के मुख्य नेता हैं। उन्होंने दावा किया कि ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना द्वारा दायर याचिका गुमराह करने वाली और (तथ्यों को) भ्रामक तरीके से पेश करने वाली है क्योंकि वे वास्तविक शिवसेना राजनीतिक पार्टी से संबंध नहीं रखते हैं।

याचिका में कहा गया है, अब तक विवाद बना हुआ है कि शिवसेना का वास्तविक प्रतिनिधि कौन है और यह मुद्दा भारत निर्वाचन आयोग एवं उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। याचिका में कहा गया है कि नई याचिका के जरिए याचिकाकर्ता (ठाकरे नीत शिवसेना) असली शिवसेना पर दावा करने की कोशिश कर रहे हैं। शिवसेना ने अपनी याचिका में कहा कि पार्टी 1966 से हर साल शिवाजी पार्क में दशहरा रैली का आयोजन कर रही है और बीएमसी ने हमेशा इसकी अनुमति दी है। कोविड-19 महामारी के कारण सिर्फ 2020 और 2021 में रैली आयोजित नहीं की जा सकी थी। याचिका के अनुसार, 2016 में राज्य सरकार ने शिवाजी पार्क में केवल खेल गतिविधियों की ही अनुमति दी थी। उस समय राज्य सरकार ने गैर-खेल गतिविधियों के लिए वर्ष में कुछ दिन निर्धारित किए थे और उनमें दशहरा रैली भी शामिल थी। इस साल जून में शिवसेना में एकनाथ शिंदे गुट के विद्रोह के बाद ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई। महा विकास आघाड़ी गठबंधन में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल थीं। बाद में शिंदे ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट दोनों ने शिवाजी पार्क में अपनी-अपनी दशहरा रैलियों को आयोजित करने की अनुमति मांगी है। बीएमसी ने बृहस्पतिवार को दोनों धड़ों को रैली की अनुमति नहीं दी। दोनों गुटों ने विकल्प के तौर पर मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के एमएमआरडीए मैदान में रैली करने की अनुमति के लिए भी आवेदन किया था। पिछले हफ्ते शिंदे गुट को बीकेसी में रैली के आयोजन को मंजूरी मिली थी।

# खनिज सम्पदा की लूट करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्यपाल बर्खास्त करें: मरांडी

**दुमका (झारखण्ड)।** झारखंड विधानसभा में मुख्य विपक्षी भाजपा विधायक दल के नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी ने राज्यपाल रमेश बैस से प्रदेश की खनिज संपदा की लूट करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बर्खास्त करने की मांग की। बाबूलाल मरांडी ने बृहस्पतिवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य के साहिबगंज जिले में पिछले दिनों हुए अवैध खनन के मामले में ईडी ने अदालत में जो आरोप-पत्र दाखिल किया है, उसमें मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के संरक्षण में एक हजार करोड़ रुपए का अवैध खनन होने की बात सामने आई है।

अब इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है कि विधायक प्रतिनिधि अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रहे थे। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि एक प्रकार से साहिबगंज का मुख्यमंत्री बन बैठे थे। बाबूलाल ने कहा, अब यह नहीं कहा जा सकता कि इस कारोबार में मुख्यमंत्री की संलिप्तता नहीं है। मुख्यमंत्री में नैतिकता बची होती तो इस मामले के कारण वे स्वयं त्यागपत्र दे देते, लेकिन वे त्यागपत्र देंगे नहीं। मुख्यमंत्री क्षमा के योग्य नहीं हैं। मरांडी ने कहा, ऐसी स्थिति में राज्यपाल को चाहिए कि वह ऐसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री को वह तत्काल बर्खास्त कर दें।

भाजपा नेता ने कहा कि पूरे संथाल परगना प्रमंडल में जोड़ता हूं तो पत्थर, कोयला, बालू मिलाकर अवैध खनन के माध्यम से पांच हजार करोड़ रुपए से कम की चोरी नहीं हुई है। मैंने एक-डेढ़ साल पहले झारखण्ड और बिहार के मुख्यमंत्रियों को अवैध खनन के मामले को लेकर पत्र लिखा था। बिहार के मुख्यमंत्री को पत्र इसलिए लिखा था कि अवैध खनन कर माल बिहार भी ले जाया जाता था। अगर उस समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवैध कारोबार को रोका होता तो इतनी बड़ी सम्पत्ति की चोरी नहीं होती। जिस अवैध कारोबार की बात को मैं उठा रहा था, वह सच साबित हुआ। जो रुपए झारखण्ड सरकार के खजाने में जाने चाहिए थे, वे हेमंत सोरेन और उनके दलालों की तिजोरी में गए, इसलिए ईडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी पूछताछ की जानी चाहिए। इस बारे में पूछे जाने पर फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा अथवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# कांग्रेस, राकांपा से हाथ मिलाने से पहले इस्तीफा क्यों नहीं दिया: फडणवीस का उद्धव पर पलटवार

**भाषा।** नागपुर (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की सलाह पर पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को पूछा कि क्या उनके विधायकों ने भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद इस्तीफा दिया था और नए सिरे से चुनावों का सामना किया था ? दरअसल, उद्धव ठाकरे ने कहा था कि भाजपा और शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट को इस्तीफा दे देना चाहिए और एक महीने के भीतर नगरपालिका तथा विधानसभा चुनावों का सामना करना चाहिए। फडणवीस ने यहां हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि क्या ठाकरे के विधायकों ने 2019 विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा से गठबंधन तोड़ने तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस से हाथ मिलाने के बाद इस्तीफा दिया था और नए सिरे से चुनावों का सामना किया था ?

महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते के पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 20 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह एजेंसी द्वारा की गई समन्वित कार्वाई है और अब इस पर बात करना उचित नहीं होगा। गौरतलब है कि ठाकरे ने बुधवार को उपनगर गोरेगांव में अपने धड़े के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा था और कहा था, मैं अमित शाह को चुनौती देता हूं कि अगर हिम्मत है तो एक महीने के भीतर बीएमसी (बृहन्मुंबई महा नगरपालिका) और राज्य विधानसभा के चुनाव कराएं।

इस पर पलटवार करते हुए फडणवीस ने कहा कि ठाकरे का भाषण उनकी हताशा को दिखाता है। उन्होंने कहा, हम वैध रूप से निर्वाचित हुए थे। हमारे साथ गठबंधन में जीत दर्ज करने वाले वह और उनकी पार्टी ने कांग्रेस, राकांपा से हाथ मिलाने से पहले इस्तीफा क्यों नहीं दिया? आपको फिर से निर्वाचित होने तथा फिर कांग्रेस-राकांपा के साथ गठबंधन करने की हिम्मत दिखानी चाहिए थी। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिवसेना के ठाकरे गुट, कांग्रेस और राकांपा ने पिछले कई वर्षों में उनका राजनीतिक करियर खत्म करने की कोशिश की लेकिन नाकाम हो गए।

## छत्तीसगढ़: नक्सलियों के दो सहयोगी गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में पुलिस ने नक्सलियों के दो कथित सहयोगियों को विस्फोटक ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार के यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को विस्फोटक ले जाने के आरोप में नक्सलियों के दो सहयोगियों-हेमला संतोष (23) और बाबूराव कारम (31) को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस को बुधवार को आवापल्ली क्षेत्र में विस्फोटक का अवैध परिवहन किए जाने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद एक दल ने वाहनों की तलाशी शुरू की। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने तालपेरू पेट्रोल पंप के करीब एक मोटर साइकिल को रोका तो उस पर सवार लोगों ने भागने की कोशिश की। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस दल ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया और उनके थैले की तलाशी ली, जिसमें से लाल रंग का पांच मीटर लंबा कार्डेक्स तार, जिलेटीन की पांच छड़ें और डेटोनटर बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कहा कि अज्ञात नकस्ली ने उन्हें विस्फोटक सामग्री दी थी और वे पेगड़ापल्ली गांव के पास सक्रिय नक्सलियों को यह सामग्री पहुंचाने जा रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।



नई दिल्ली में एनसीसी डीजी गुरबीर पाल सिंह यूएनडब्लूईपी के प्रतिनिधि विश्व पाराजुली से रक्षामंत्री के सामने हाथ मिलाते हुए।

## पवार ने बयान देने से पहले ममता से संभवत: बात की होगी: सौगत रॉय

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के नेता सौगत रॉय ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने कांग्रेस के साथ मतभेद भुलाने को लेकर बयान देने से पहले संभवत: पश्चिम बंगाल की मुख्मयंत्री ममता बनर्जी से बात की होगी। पवार ने बुधवार को कहा था कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी राष्ट्रीय हित में कांग्रेस से अपने मतभेद भुलाने और 2024 के आम चुनाव से पहले साथ मिलकर विपक्षी दलों का एक गठबंधन बनाने को तैयार हैं। रॉय ने कहा, यह एक अच्छा बयान है। शरद पवार देश के एक वरिष्ठ नेता हैं और मुझे नहीं लगता कि उन्होंने हमारी पार्टी प्रमुख (ममता बनर्जी) से बात किए बिना यह बयान दिया होगा। पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता सुखेन्दु शेखर रॉय ने हालांकि पवार के बयान पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। राय ने कहा, शरद पवार के बयान पर मैं कैसे कोई टिप्पणी कर सकता हूं।



भारत जोड़ों यात्रा के दौरान राहुल गांधी से मुलाकात करते लोग

# भाजपा ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में 340 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए, सर्वाधिक उप्र में

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने इस साल संपन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के प्रचार अभियान में 340 करोड़ रुपए खर्च किए जबकि कांग्रेस ने इन राज्यों में 194 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए।निर्वाचन आयोग को इन दोनों दलों द्वारा किए गए खर्च संबंधी सौंपे गए। ब्योरे में यह जानकारी सामने आई है। आयोग ने इन जानकारियों को सार्वजनिक किया है।भाजपा की ओर से दिए गए ब्योरे के मुताबिक उसने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब विधानसभा चुनावों में प्रचार अभियान पर 340 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए।इसके मुताबिक, भाजपा ने अपने उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 221 करोड़ रुपए खर्च किए जबकि मणिपुर में 23 करोड़, उत्तराखंड में 43.67 करोड़, पंजाब में 36 करोड़ से अधिक और गोवा में 19 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए।

### विदेशी पोत कोचीन तट के पास भारतीय नौका से टकराया

**कोझकोडाकोच्चि (केरल)।** कोचीन के समुद्र तट के पास बृहस्पतिवार सुबह एक विदेशी पोत मछली पकड़ने वाली एक नौका से टकरा गया जिसमें कुछ मछुआरे मामूली रूप से घायल हो गए। पास के बेपुर में तटीय थाने के अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह करीब 5:30 बजे की है। 17 अल मरीन नौका 17 सितंबर को यहां से अरब सागर के लिए निकली थी जिस पर चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। इनमें 11 उत्तर भारतीय और दो तमिल नागरिक थे।

## ओडिशा ने राज्य में नकली दवाओं की आपूर्ति से निपटने में बिहार की मदद मांगी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने बिहार से नकली दवाओं की आपूर्ति रोकने के लिए राज्य की मदद मांगी है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ओडिशा के औषधि नियंत्रक कार्यालय के अधिकारियों ने कटक और भुवनेश्वर में हाल में छापे मारकर उच्च रक्तचाप के उपचार में इस्तेमाल नकली दवाओं की बड़ी खेप जब्त की थी। इस मामले में भुवनेश्वर-कटक के पुलिस आयुक्त ने नकली दवाओं की आपूर्ति और बिक्री में कथित रूप से शामिल रहने के मामले में पूजा एंटरप्राइजेज के मालिक संजय जलाल तथा वीआर एजेंसीज के संचालक राहुल स्याल को गिरफ्तार किया।
ओडिशा के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सचिव ने बिहार के स्वास्थ्य विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा, बालाजी ड्रग प्वाइंट, जेल प्रेस रोड, गया (बिहार) नामक कंपनी ने ओडिशा में कथित दवाओं की आपूर्ति की।

# शराब बुरी चीज नही, यहां तक डॉक्टर और अधिकारी भी पीते है : आप नेता

**अहमदाबाद।** गुजरात के आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के एक उम्मीदवार ने बुधवार को यह दावा करके विवाद खड़ा कर दिया कि शराब पीना बुरी चीज नहीं है और पूरी दुनिया में लोग शराब पीते हैं जबकि केवल गुजरात में ही इस पर रोक है। उन्होंने कहा, यहां तक बड़े डॉक्टर, आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी शराब पीते हैं। हालांकि, वे लोगों को इसकी लत से बचने से आगाह करते हैं।

आप नेता जगमाल वाला द्वारा बुधवार शाम को की गई इस टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात को बदनाम करने और शराब की खपत को बढ़ावा देने के लिए उनसे माफी मांगने की मांग की। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले की सोमनाथ विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार घोषित किए गए जगमाल ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। इस साल के अंत में राज्य में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।

जगमाल ने कहा, दुनिया में 196 देश हैं, जिनमें 800 करोड़ लोगों रहते हैं। इन सभी 196 देशों में शराब पीने की आजादी है। अकेले भारत की आबादी 130-140 करोड़ है, और पूरे देश में शराब पीने की आजादी है। उन्होंने कहा, केवल 6.5 करोड़ की आबादी वाले गुजरात में शराब प्रतिबंधित है। यह साबित करता है कि शराब खराब नहीं है। बड़े डॉक्टर, आईएएस और आईपीएस अधिकारी शराब का सेवन करते हैं।

हालांकि, आप नेता ने आगाह किया कि शराब का अत्याधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता यग्नेश दवे ने जगमाल की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि जगमाल वाला को अपनी टिप्पणी से राज्य को बदनाम करने के लिए गुजरात से माफी मांगनी चाहिए।

# दुर्गा पूजा पर रोक लगाने वाली पश्चिम बंगाल सरकार यूनेस्को के सम्मान का श्रेय ले रही है: लेखी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन पर रोक लगाने वाली पश्चिम बंगाल सरकार इस त्योहार को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने का श्रेय ले रही है। यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए लेखी ने पश्चिम बंगाल सरकार के इस रवैए को विचित्र करार दिया। संस्कृति मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) को एक प्रस्ताव भेजकर गुजरात के गरबा नृत्य को भी मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किए जाने का अनुरोध किया है। इस माह की शुरुआत में बनर्जी ने कोलकाता में दुर्गा पूजा को यूनेस्को की इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने की खुशी में एक रैली की अगुवाई की थी।

लेखी ने तंज किया, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बहुत व्यस्त होंगी। उनके सलाहकार उन्हें जो सलाह दे रहे हैं उन पर प्रश्न उठता है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को यूनेस्को की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव संस्कृति मंत्रालय ने 2019 में भेजा था, जिसे दिसंबर 2021 में स्वीकार किया गया। लेखी ने कहा कि दूर्गा पूजा को इस सूची में शामिल किया जाना पूरे देश के लिए गर्व की बात है लेकिन इस पर राजनीति सही नहीं है। देश की सभी परंपराओं की एक सुर में सराहना की जानी चाहिए और दुर्गा पूजा पूर्वी भारत में जिस प्रकार से महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार से यह दक्षिणी और पश्चिम भारत में भी महत्वपूर्ण है। लेखी 24 अक्टूबर को कोलकाता जाएंगी जहां वह दुर्गा पूर्जा उत्सव से जुड़े 30 कलाकारों, मूर्तिकारों व पंडाल निर्माताओं को सम्मानित भी करेंगी।

# कांग्रेस प्रवक्ता वल्लभ ने किया गहलोत का समर्थन, थरूर को लिया निशाने पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस अध्यक्ष पद** के चुनाव में अशोक गहलोत और शशि थरूर के बीच मुकाबले की बढ़ती संभावना के बीच पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री का खुलकर समर्थन किया। साथ ही, उन्होंने थरूर को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि थरूर ने सोनिया गांधी के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उन्हें पत्र लिखकर उनके (वल्लभ) जैसे कार्यकर्ताओं को कष्ट पहुंचाया है और ऐसे में वह निष्कलंक राजनीतिक जीवन वाले गहलोत का चयन करेंगे। उन्होंने बतौर कार्यकर्ता अपनी राय जाहिर करते हुए ट्वीट किया, करोड़ों कार्यकर्ताओं की तरह मेरी पहली इच्छा तो यह है कि राहुल गांधी कांग्रेस और देश को अपना नेतृत्व दें।

वल्लभ ने कहा, एक तरफ कार्यकर्ताओं व ज़मीन से जुड़े हुए अशोक गहलोत हैं, जिन्हें 3 बार केंद्रीय मंत्री, 3 बार मुख्यमंत्री, 5 बार सांसद, 5 बार विधायक रहने का अनुभव है, जिन्होंने सीधी टक्कर में मोदी-शाह को पटखनी दी है, जिनका 45 वर्ष का निष्कलंक राजनीतिक जीवन है। उन्होंने कहा, वहीं दूसरी तरफ़, शशि थरूर हैं,जिनका पिछले 8 वर्षों में पार्टी के लिए एक ही प्रमुख योगदान है कि उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को उस समय चिट्ठियां भेजीं जब वह अस्पताल में भर्ती थीं। इस कृत्य ने मेरे जैसे पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं को पीड़ा पहुंचाई। चयन बहुत सरल और स्पष्ट है।

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी हो गई। अधिसूचना जारी होने से एक दिन पहले बुधवार को, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर के चुनावी समर में उतरने का स्पष्ट संकेत देने के बाद यह संभावना प्रबल हो गई है कि 22 साल बाद, देश की सबसे पुरानी पार्टी का प्रमुख चुनाव के जरिए चुना जाएगा। गहलोत ने कहा कि वह पार्टी का फैसला मानेंगे, लेकिन उससे पहले राहुल गांधी को अध्यक्ष बनने के लिए मनाने का एक आखिरी प्रयास करेंगे। दूसरी तरफ, पहले से ही चुनाव लड़ने का संकेत दे रहे लोकसभा सदस्य थरूर ने बुधवार को कांग्रेस के मुख्यालय में पहुंचकर पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री से मुलाकात की और नामांकन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल की। कुछ अन्य नेताओं के भी चुनावी मैदान में उतरने की संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता।



नई दिल्ली में राजू श्रीवास्तव के अन्तिम संस्कार का तिलांजलि देते हुए उनका पुत्र आयुष्मान श्रीवास्तव साथ में अन्य परिजन।

# भारत का यूएनएससी का स्थाई सदस्य नहीं होना सही नहीं है

**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने कहा कि भारत का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य नहीं होना केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि इस वैश्विक निकाय के लिए भी सही नहीं है तथा इसमें सुधार बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। जयशंकर से पूछा गया था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने में कितना वक्त लगेगा ? उन्होंने कहा कि वह भारत को स्थाई सदस्यता दिलाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार को कहा, जब मैं कहता हूं कि मैं इस पर काम कर रहा हूं तो इसका मतलब है कि मैं इसे लेकर गंभीर हूं। जयशंकर कोलंबिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स के राज सेंटर में कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तथा नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, स्वभाविक रूप ए यह बहुत कठिन काम है क्योंकि अंत में आप अगर आप कहेंगे कि हमारी वैश्विक व्यवस्था की परिभाषा क्या है। वैश्विक व्यवस्था की परिभाषा को लेकर पांच स्थाई सदस्य बहुत महत्वपूण हैं इसलिए हम जो मांग कर रहे हैं, वह बहुत ही मौलिक, बहुत गहरे बदलाव से जुड़ा है। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं तथा इन देशों किसी भी प्रस्ताव पर वीटो करने का अधिकार प्राप्त है। समसामयिक वैश्विक वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है। इस बीच, विदेश मंत्री ने कहा कि हम मानते हैं कि बदलाव काफी समय से अपेक्षित है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र 80 वर्ष पहले की स्थितियों के परिणामस्वरूप बनी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा, यह दुनिया की सबसे घनी आबादी वाला देश होगा। उन्होंने कहा, ऐसे देश का अहम वैश्विक परिषदों का हिस्सा न होना जाहिर तौर पर न केवल हमारे लिए बल्कि वैश्विक परिषद के लिए भी अच्छा नहीं है। गौरतलब है कि भारत के पास अभी सुरक्षा परिषद के गैर स्थाई सदस्य के तौर पर दो साल का कार्यकाल है। उसका कार्यकाल दिसंबर में समाप्त हो जाएगा।



## अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत रिश्तों की वकालत की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत रिश्तों की वकालत करते हुए इस दिशा में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के योगदान को रेखांकित किया है। अमेरिकी कैपिटल (संसद परिसर) में बुधवार को आयोजित भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोह में पश्चिम वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर जो मैनचिन ने अपने भारत दौरे को याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की महानता को प्रत्यक्ष रूप से देखा और महसूस किया। मैनचिन ने कहा, अगर भारतीय समुदाय के लोग पश्चिम वर्जीनिया में अपनी सेवाएं देने नहीं आते तो क्षेत्र के अधिकतर ग्रामीण हिस्से में आज स्वास्थ्य देखभाल सुविधा उस तरह उपलब्ध नहीं होती जैसी आज है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। अमेरिकन एसोसिशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडियन ओरिजिन (एएपीआई) ने अमेरिकन हिंदू कोएलिशन और फेडरेशन ऑफ इंडिया एंड इंडियन डायसपोरा स्टडीज के साथ मिलकर इस समारोह का आयोजन किया था।

## आतंकवाद एक वैश्विक संकट, आतंकी पनाहगाहों को खत्म किया जाना चाहिए : इब्सा

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**भारत और इब्सा** (भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका) समूह के अन्य सदस्यों ने कहा है कि आतंकवाद एक वैश्विक संकट है, जिसका मुकाबला किया जाना चाहिए और दुनिया के हर हिस्से में आतंकवादियों की पनाहगाहों को समाप्त किया जाना चाहिए। इन देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन को शीघ्र स्वीकृत करने के संयुक्त प्रयास को बढ़ाने के अपने संकल्प को भी दोहराया। इब्सा कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समूह के रूप में उभरा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (इब्सा) के त्रिपक्षीय मंत्री स्तरीय आयोग की दसवीं बैठक की मेजबानी की। इल दौरान उन्होंने इब्सा की प्रक्रिया की समीक्षा की और इसके कार्यों को सराहा। ब्राजील के विदेश मंत्री कार्लोस फ्रांका और दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जोए फाहला भी बैठक में शामिल हुए। त्रिपक्षीय मंत्री स्तरीय आयोग की दसवीं बैठक के बाद इब्सा की ओर से जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, मंत्रियों ने दुनियाभर में हो रहे आतंकवादी हमलों की निंदा की। उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और कृत्यों की निंदा की, फिर चाहे ए कहीं भी और किसी के भी द्वारा किए गए हों। बयान के मुताबिक, मंत्रियों ने सहमति व्यक्त की कि आतंकवाद एक वैश्विक संकट है, जिससे लड़ा जाना चाहिए और दुनिया के हर हिस्से में मौजूद आतंकवादी पनाहगाहों को समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी एकजुटता और संकल्प की पुष्टि की।

केंद्र सरकार के सामने
दिल्ली क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6)(ए) और **अग्रांते इंफ्रा लिमिटेड** के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में डीटीजे-704, 7वीं मंजिल डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला नई दिल्ली 110025 आईएन, याचिकाकर्ता।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है। कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली राज्य से " उत्तर प्रदेश राज्य" में बदलने में सक्षम बनाने के लिए 09 सितंबर 2022 को साधारण आम बैठक आयोजित की ।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों को वितरित कर सकता है या भेज सकता है। पंजीकृत पते के विरोध का आधार डीटीजे-704, 7वीं मंजिल डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला नई दिल्ली 110025 में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी की एक प्रति के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर:

**आवेदक के लिए और उसकी ओर से**
**निदेशक: अरविंदर सिंह**
**डिन: 00112063**

**दिनांक: 23.09.2022**
**स्थान: नई दिल्ली**

## महिला न्यायाधीश से माफी मांगने को तैयार हूं: इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के सामने पेश हुए और एक महिला न्यायाधीश के खिलाफ की गई अपनी विवादित टिप्पणी के लिए माफी मांगने की इच्छा जताई, जिसके बाद उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। अदालत द्वारा महिला न्यायाधीश के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी करने के लिए 69 वर्षीय खान को अवमानना की कार्यवाही में आधिकारिक तौर पर अभ्यारोपित किए जाने की संभावना थी। खान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच अदालत में पेश हुए। खान की ओर से अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश ज़ेबा चौधरी से माफी मांगने की इच्छा व्यक्त करने के बाद, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही स्थगित कर दी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनल्लाह की अगुवाई वाली बड़ी पीठ कर रही थी।

## जेलेंस्की ने रूस से देश का एक-एक हिस्सा वापस लेने का किया संकल्प

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने विश्व समुदाय से रूस को उसके आक्रमण के लिए दंडित करने का आग्रह किया, साथ ही उन्होंने अपने देश का एक-एक हिस्सा रूसी कब्जे से वापस लेने का संकल्प जताया। गौरतलब है कि रूस ने अपनी कार्वाई बढ़ाने का फैसला किया है। यूक्रेन के साथ करीब सात माह से जारी युद्ध में मिले झटकों के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने करीब तीन लाख आरक्षित सैनिकों की आंशिक तैनाती की बुधवार को घोषणा की थी। साथ ही रूस की संप्रभुता के लिए इसे आवश्यक बताते हुए उन्होंने आरोप लगाया था कि पश्चिमी देश उनके देश (रूस) को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कुछ समय बाद ही संयुक्त राष्ट्र महासभा में जेलेंस्की ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि यह घोषणा इस बात का सबूत है कि रूस युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करने को तैयार नहीं है। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीत उनके देश की ही होगी। राष्ट्रपति ने कहा, हम देश के हर हिस्से में एक बार फिर यूक्रेन का झंडा फहराएंगे। हम हथियारों के दम पर यह कर सकते हैं, लेकिन हमें अभी कुछ समय लगेगा। जेलेंस्की ने इस संबंध में कोई विस्तृत चर्चा नहीं की। हालांकि, इस बात पर जोर दिया कि रूस की बातचीत की कोई भी पहल केवल चीजें लटकाने का बहाना है और रूस की कार्वाई उसके इरादे स्पष्ट करती है। वे वार्ता की बात करते हैं और अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की घोषणा करते हैं। वे वार्ता की बात करते हैं, लेकिन यूक्रेन नियंत्रित क्षेत्रों में छद्म जनमत संग्रह की घोषणा करते हैं।

## मैक्सिको की राजधानी में 6.8 की तीव्रता के भूकंप के झटके, एक महिला की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राजधानी में 6.8 की तीव्रता के भूकंप से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और इस दौरान एक महिला की मौत भी हो गई। भूकंप के झटके बुधवार देर रात एक बजे महसूस किए गए। पश्चिमी व मध्य मैक्सिको में तीन दिन पहले आए 7.6 तीव्रता के भूकंप में दो लोगों की जान चली गई थी। भूकंप का केंद्र पश्चिमी मिचोआकन में प्रशांत तट के पास दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में करीब 24.1 किलोमीटर की गहराई पर था। सोमवार को आए भूकंप का केंद्र भी मिचोआकन में था। मिचोआकन की स्थानीय सरकार ने कहा कि भूकंप के झटके राज्यभर में महसूस किए गए। उरुवां में एक इमारत के क्षतिग्रस्त होने और मिचोआकन व ग्युरेरो को तट से जोड़ने वाले राजमार्ग पर भूस्खलन भी हुआ। किसी तरह के जानमाल की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। मैक्सिको के राष्ट्रपति एंद्रेस मैनुएल लोपेज़ ओब्रादोर ने ट्वीट कर बताया कि यह सोमवार को आए भूकंप के बाद के झटके थे।

## हिन्दुओं के प्रति नफरत का माहौल बन रहा है: अमेरिकी संगठन

**भाषा।** वाशिंगटन

**एक अमेरिकी** संगठन ने अमेरिका और दुनिया के कई हिस्सों में हिंदू समुदाय के लोगों पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि इस समुदाय के लोगों के प्रति नफरत का माहौल बन रहा है। वैज्ञानिक शोध संस्था नेटवर्क कॉन्टेजियन रिसर्च इंस्टीट्यूट के सह संस्थापक तथा मुख्य विज्ञान अधिकारी जोएल फिनकेलस्टीन ने यह बात कही।

केंद्र सरकार के सामने
दिल्ली क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6)(ए) और **अग्रांते रियल्टी लिमिटेड** के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में डीटीजे-704, 7वीं मंजिल डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला नई दिल्ली 110025 आईएन, याचिकाकर्ता।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है। कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली राज्य से " उत्तर प्रदेश राज्य" में बदलने में सक्षम बनाने के लिए 09 सितंबर 2022 को साधारण आम बैठक आयोजित की ।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों को वितरित कर सकता है या भेज सकता है। पंजीकृत पते के विरोध का आधार डीटीजे-704, 7वीं मंजिल डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला नई दिल्ली 110025 में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी की एक प्रति के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर:

**आवेदक के लिए और उसकी ओर से**
**निदेशक: गुरमीत सिंह कलसी**
**डिन: 01137469**

**दिनांक: 23.09.2022**
**स्थान: नई दिल्ली**

केंद्र सरकार के सामने
दिल्ली क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6)(ए) और **अग्रांते लेशर् प्राइवेट लिमिटेड** के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में डीटीजे-704, 7वीं मंजिल डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला नई दिल्ली 110025 आईएन, याचिकाकर्ता।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है। कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली राज्य से " उत्तर प्रदेश राज्य" में बदलने में सक्षम बनाने के लिए 09 सितंबर 2022 को साधारण आम बैठक आयोजित की ।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों को वितरित कर सकता है या भेज सकता है। पंजीकृत पते के विरोध का आधार डीटीजे-704, 7वीं मंजिल डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला नई दिल्ली 110025 में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी की एक प्रति के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर:

**आवेदक के लिए और उसकी ओर से**
**निदेशक: अरविंदर सिंह**
**डिन: 00112063**

**दिनांक: 23.09.2022**
**स्थान: नई दिल्ली**

# बाजार में दूसरे दिन गिरावट

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 337 अंक से अधिक टूटकर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में 90 पैसे की गिरावट के साथ इसके 80.96 पर पहुंचने से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख तथा अन्य केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर बढ़ाए जाने की संभावना के बीच उभरते बाजारों में बिकवाली तेज रही। इससे शेयर बाजार, मुद्रा बाजार तथा निवेश के अन्य उत्पादों पर भी असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 337.06 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,119.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 624 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 88.55 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,629.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड सबसे ज्यादा 2.80 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी लि. बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, मारुति, आईटीसी और डॉ. रेड्डीज शामिल हैं। इनमें 2.73 प्रतिशत तक की तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व उम्मीद के विपरीत अधिक आक्रामक हुआ है और उसने नीतिगत दर साल के अंत तक बढ़ाकर 4.4 प्रतिशत करने का संकेत दिया है। इससे मौद्रिक नीति को लेकर इस साल होने वाली अगली दो बैठकों में ब्याज दर में 1.25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। इसके साथ अमेरिकी-डॉलर सूचकांक 111 से ऊपर चला गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 80 से ऊपर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, भारतीय शेयर बाजार सीमित गिरावट के साथ अपनी मजबूती को बनाए रखने में कामयाब रहा। लेकिन अगर रुपए में गिरावट जारी रही, बाजार विदेशी निवेशकों के लिए अल्पकाल में कम आकर्षक होगा। उसका असर बाजार पर पड़ेगा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, वैश्विक स्तर पर मंदी की आशंका से आईटी, धातु तथा औषधि जैसे वैश्विक स्तर पर जुड़े शेयरों पर कुछ समय के लिए दबाव रह सकता है।

**● अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने से सेंसेक्स 337 अंक और टूटा**



## डिजिटल भुगतान को लोकप्रिय बनाने में भारत की सफलता ने आशंकाओं को दूर किया: सीतारमण

*पुणे*/केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली के सफल क्रियान्वयन ने इस बारे में संदेह करने वालों को गलत साबित किया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को मोदी शासन के 20 वर्ष कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, लॉकडाउन के दौरान एक बटन दबाने भर से लोगों के बैंक खातों में राशि पहुंच गई। यदि वे बैंक नहीं जा सके या इसे बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी तो बैंक मित्रों ने गांव जाकर उन्हें उनका पैसा दिया।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Devinder Kaur is the owner of Entire Third floor, with roof rights of Property bearing No. WZ-47-B/1, built on Plot No. 203-A, Khasra No. 29, Village Nanagli Jalab, colony known as Krishna Puri, Gali No. 1, New Delhi vide a POA documents dated 04.06.2004. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph: 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

## ईडी ने चंडीगढ़ के रियल्टी समूह की 147 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के एक मामले में चंडीगढ़ के एक रियल एस्टेट समूह की 147 करोड़ रुपए से अधिक की परिसंपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई परिसंपत्तियों में गुप्ता बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड (जीबीपीपीएल), इसके निदेशक सतीश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, उनके सहयोगी अनुपम गुप्ता और नवराज मित्तल के वाणिज्यिक स्थल, आवास, कृषि भूमि और बैंक खाते शामिल हैं।

केंद्र सरकार के सामने
दिल्ली क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6)(ए) और **अग्रांते डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड** के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में डीटीजे-704, 7वीं मंजिल डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला नई दिल्ली 110025 आईएन, याचिकाकर्ता।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है। कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली राज्य से " उत्तर प्रदेश राज्य" में बदलने में सक्षम बनाने के लिए 09 सितंबर 2022 को साधारण आम बैठक आयोजित की ।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों को वितरित कर सकता है या भेज सकता है। पंजीकृत पते के विरोध का आधार डीटीजे-704, 7वीं मंजिल डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला नई दिल्ली 110025 में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी की एक प्रति के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर:

**आवेदक के लिए और उसकी ओर से**
**निदेशक: गुरनाम सिंह**
**डिन: 02128421**

**दिनांक: 23.09.2022**
**स्थान: नई दिल्ली**

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता,
**उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी**
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eehal-ujs-uk@nic.in

पत्रांक : 2496/निविदा/245 दिनांक : 21.09.2022

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा शाखा हल्द्वानी के अन्तर्गत निम्न कार्यो के लिये क्रम सं0 1 व 2 हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में D एवं उच्चतर श्रेणी (विद्युत / यांत्रिक), क्रम सं0 3 व 4 हेतु D एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों तथा क्रम सं0 5, 6 व 7 हेतु अनुभवी फर्मो से दिनांक 07.10.2022 के अपरान्ह 3.00 बजे तक टैण्डर बाक्स के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 24/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल फिल्टर प्लान्ट नं0 1 में क्लेरीफायर की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 7200.00 | 60 दिन |
| 02 | 25/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल फिल्टर प्लान्ट नं0 4 में क्लेरीफायर की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 6500.00 | 60 दिन |
| 03 | 26/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल फिल्टर प्लान्ट से निर्मला कान्वेंट स्कूल तक पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 5500.00 | 60 दिन |
| 04 | 27/2022-23 | हल्द्वानी नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत बसन्त विहार फेज-1 मुखानी में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु नई पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य। | Rs.1000.00+ 180.00 (GST 18%) = 1180.00 | ₹ 10800.00 | 60 दिन |
| 05 | 28/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत ब्यूरा स्थित 450 कि0ली0 क्षमता के ओवर हैड टैंक के वर्टिकल पाईप की लीकेज मरम्मत कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 5550.00 | 60 दिन |
| 06 | 29/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत हाईडिल गेट स्थित 1250 कि0ली0 क्षमता के ओवर हैड टैंक के वर्टिकल पाईप की लीकेज मरम्मत कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 6900.00 | 60 दिन |
| 07 | 30/2022-23 | हल्द्वानी काठगोदाम नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल स्थित 650 कि0ली0 क्षमता के ओवर हैड टैंक के वर्टिकल पाईप की लीकेज मरम्मत कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 6100.00 | 60 दिन |

शर्तें :-
1. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम/निविदा संख्या अंकित करना अनिवार्य है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, तिकोनिया हल्द्वानी से दिनांक 23.09.2022 से 06.10.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5.00 बजे तक क्रय की जा सकती है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मांगे जाने पर रू0 100.00 अतिरिक्त देय होगा।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीय बैंक/पोस्ट ऑफिस में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंकगारन्टी/एन.एस.सी के रूप में संलग्न करनी होगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. उक्त किसी भी तिथियों को अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
5. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी को एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
6. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी तथा संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में भी किया जाएगा।
7. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, रू0 1.00 के हस्ताक्षरयुक्त रसीदी टिकट के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाताओं को प्रमुख सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश संख्या 6447/111-(2)/11-20 (सा0)/11 देहरादून दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी (Additional Performance Security) जोकि NSE/FDR/TDR/KVP के रूप में अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी के नाम बन्धक होगी, अनुबन्ध से पूर्व विभाग में जमा की जानी होगी।
9. ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
10. निविदा प्रपत्र के फार्म- 'जे' में कार्य के सम्मुख दरें शब्दों एवं अंकों में दी जानी होगी, दी गयी दरों में करों (जी0एस0टी) का स्पष्ट उल्लेख करना होगा, अन्यथा यह माना जायेगा कि दरें कर रहित दी गई है, जिस पर जी0एस0टी0 विभाग द्वारा अतिरिक्त देय होगा।
11. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी। जो कभी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

"जल संचय-जीवन संचय" अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 2774/ई-निविदा/2022-23 दिनांक: 22.09.2022

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं:-

| निविदा क्र.सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रु.में) | निविदा का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चकराता | शेडिया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 88400.00 | ₹4000 +GST | 06 माह |
| 2 | चकराता | चातरा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 106800.00 | ₹4000 +GST | 06 माह |
| 3 | चकराता | हनोल पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 55900.00 | ₹2000 +GST | 06 माह |
| 4 | चकराता | सिजला पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 83950.00 | ₹3000 +GST | 06 माह |
| 5 | चकराता | इन्द्रोली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 51186.00 | ₹2000 +GST | 06 माह |
| 6 | चकराता | कन्धार पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 128800.00 | ₹4000 +GST | 06 माह |
| 7 | चकराता | त्युना मंगताड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 85300.00 | ₹3000 +GST | 06 माह |
| 8 | चकराता | पुरताड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 110500.00 | ₹4000 +GST | 06 माह |
| 9 | चकराता | कुन्ना पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 111500.00 | ₹4000 +GST | 06 माह |
| 10 | चकराता | गोरक्षा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 84150.00 | ₹3000 +GST | 06 माह |
| 11 | चकराता | सुजऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 99550.00 | ₹4000 +GST | 06 माह |
| 12 | चकराता | वुल्हाड पयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 101200.00 | ₹4000 +GST | 06 माह |
| 13 | चकराता | वागनी पेयजल योजना में स्रात संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 112800.00 | ₹4000 +GST | 06 माह |
| 14 | चकराता | महरावाना पेयजल याजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 126700.00 | ₹4000 +GST | 06 माह |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं:

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि | 27.09.2022 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 28.09.2022 at 11:00 Hrs |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | 06.10.2022 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि | 11.10.2022 at 11:00 Hrs |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि | 17.10.2022 up to 17:00 Hrs |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज) | 18.10.2022 up to 17:00 Hrs |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 19.10.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | सूचना पृथक से दी जायेगी |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"

के.सी. पैन्युली
अधिशासी अभियन्ता

# आस्था के जरिए कुम्हारों को रोजगार दे रही योगी सरकार

**दीये बना दीपोत्सव की तैयारी में जुटे कुम्हार बोले-सरकार हमारे घरों में भी त्योहारों को कर रही है गुलजार**

**दीपोत्सव में बनाए गए दीयों की आय से कई महीने रोटी की होती है व्यवस्था**

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या







**योगी** सरकार के आस्था का केंद्र दीपोत्सव कुम्हारों को रोजगार देने का भी अवसर उपलब्ध करा रहा है। बाहर से आने वाले दीपों के साथ स्थानीय कुम्हारों को भी दीये बनाने का काम मिला है। कुम्हारों की मानें तो दीपोत्सव के कारण दिवाली का त्योहार आर्थिक रूप से भी उनके घरों में रौनक लेकर आता है। दीपोत्सव में सरयू घाट पर जलते उनके दीप जहां भगवान राम के चरणों में श्रद्धा निवेदित करते हैंए वहीं यह दीप अपने घर पर प्रज्ज्वलित कर वे मां लक्ष्मी से सुखमय जीवन की कामना भी करते हैं। माटी कला बोर्ड के गठन से भी सरकार मिट्टी का कार्य करने वाले कुम्हारों को बढ़ावा दे रही है।

### 40 कुम्हारों के घर बनाए गए साढ़े छह लाख दीये

दीपोत्सव के मद्देनजर 40 कुम्हारों के घर से साढ़े छह लाख दीये तैयार कर लिए गए हैं। इन्हें 15 दिन में बनाया गया है। अभी दीये इनके घर पर ही रखे गए हैं। 27 सितंबर से इन दीयों को एकत्र किया जाएगा। साथ ही इन कुम्हारों को जल्द ही और दीये बनाने का ऑर्डर मिलने की संभावना है। कुम्हारों ने बताया कि दीयों के इन ऑर्डर को कम समय में ही तैयार किया गया है।

### बढ़ जाती है आय

जयसिंहपुर के कुम्हार रामनवमी कहते हैं कि उनके बनाए दीयों में सोंधी खुशबू भी है। यह दीये शुद्ध मिट्टी से बने होते हैं। दीपोत्सव में हमारे बनाए दीयों से भी सार्थकता सिद्ध होती है। अयोध्या के बने दीये शुद्ध हैं। रामनवमी को दीपोत्सव के लिए 20 हजार दीये बनाने हैं। आम तौर पर महीने में ढाई हजार व वर्ष भर में वे 25 हजार दीये तैयार करते हैं। महीने में 5 से 7 हजार व वर्ष भर में 50.60 हजार रुपये कमा लेते हैंए पर कार्तिक मास में दीपोत्सव के मद्देनजर मासिक आय 10 से 15 हजार के करीब हो जाती है। इस मास में योगी सरकार हमारे लिए अधिक खुशियां ले आती हैं।

### हमारी दिवाली को उजियारा करती है योगी सरकार

पुष्पा देवी को 10 हजार दीप बनाने का कार्य मिला है। वे कहती हैं कि इसके लिए कुछ महिलाओं को साथ जोड़ा है। दीपोत्सव से हम सभी के घर में प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। हमारी सूनी दिवाली को उजियारा करने में दीपोत्सव का बड़ा योगदान है। एक साथ 10 हजार दीपों की बिक्री से होने वाली आय के कारण घर में काफी खुशियां आ जाती हैं। सरकार यह दीपोत्सव हमेशा करती रहे।

### बच्चे फोड़ पाते हैं पटाखे

कुम्हार आशा देवी भी दीपोत्सव के मद्देनजर दीप बनाने में व्यस्त हैं। इन्हें 8 से 10 हजार दीये तैयार करने हैं। इससे उनकी आय काफी हद तक हो जाती है। इससे मिठाइयांए पटाखे व जरूरत की चीजें खरीदकर खुशनुमा दिवाली मनाती हैं। वहीं इन पैसों के कारण बच्चे भी पटाखे फोड़ पाते हैं। यह सब योगी सरकार की देन है।

### 'बाबूए सरकार हमें काम भी तो दे रही है'

कुम्हार बबलू प्रजापति के मुताबिक उन्हें 15 हजार दीये बनाने का ऑर्डर मिला है। और दीये बनाने का ऑर्डर मिलने की संभावना है। इस बार पिछले साल के मुकाबले ज्यादा दीये बनाने का ऑर्डर मिला है। मिट्टी के दीए बनाने वालीं रेनू देवी भी सरकार के आस्था के साथ रोजगार से जोड़ने की इस पहल की काफी सराहना करती हैं। वे कहती हैं कि सरकार ने मिट्टीए कुम्हारए दीपोत्सव को संस्कृति से जोड़कर अनुपम बना दिया। जयसिंह पुर गांव के ही विनोद कुमार कहते हैं कि इससे हमारी आजीविका भी रास्ते पर आती है। बाबूए हमें काम भी मिल रहा है।

# बारिश से हुए हादसों में दस की गई जान

भाषा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के इटावा, फिरोजाबाद और बलरामपुर जिलों में वर्षाजनित हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। इटावा के जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चंद्र पुरा गांव में 21।22 सितंबर की रात को लगातार बारिश के बीच एक मकान की दीवार ढह जाने से मलबे में दबकर एक ही परिवार के चार भाई बहनों सिंकू (10), अभि (आठ), सोनू (सात) और आरती (5) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में बच्चों की दादी चांदनी देवी (70) और पांच वर्षीय भाई घायल हो गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कपिल देव सिंह ने बताया कि 21।22 सितंबर की रात इकदिल थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 पर कृपालपुर गांव के निकट पेट्रोल पंप की चहारदीवारी उसके सहारे बनी झोपड़ी पर गिर गई। उसके मलबे में दबकर 65 वर्षीय राम सनेही और उनकी पत्नी रेशमा देबी (62) की मौत हो गई। इस बीच, चकरनगर थाना क्षेत्र के अंदावा के बंगलन गांव में लगातार हो रही बरसात के चलते एक घर की दीवार ढह जाने से वहां सो रहे जबर सिंह (35) नामक व्यक्ति की मलबे में दबकर मौत हो गई। फिरोजाबाद से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक जिलाधिकारी रवि रंजन ने बताया कि शिकोहाबाद के बंशीनगर निवासी सुनील कुमार के छह वर्षीय पुत्र शिवम की बुधवार रात मकान धराशाई होने से मलबे दबकर मौत हो गई। इस घटना में परिवार के आठ सदस्य भी घायल हुए हैं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक अन्य घटना में एका थाना क्षेत्र के नगला गवे में 57 वर्षीय इसहाक अली की ढही दीवार के मलबे में दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है। फिरोजाबाद जिले में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक जलभराव से लोगों का आवागमन भी बाधित हुआ है। बलरामपुर जिले से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक पचपेड़वा थाना क्षेत्र के बरगदवा सैफ गांव में बृहस्पतिवार को बारिश के बीच गिरी बिजली की चपेट में आ जाने से अशरफ (13) की मौत हो गई जबकि उसका 12 वर्षीय चचेरा भाई झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सरयू नदी में नहाते समय दो किशोर डूबे

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के खरीद गांव में सरयू नदी में स्नान करते समय दो किशोर डूब गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से लगातार तलाशी में जुटी हुई है। इस दौरान अभी तक किशोरों का कोई पता नहीं लगा। अनुमान है कि तेज बहाव के चलते दोनों काफी दूर निकल गए। सिकंदरपुर थाना प्रभारी योगेश यादव ने बताया कि जिले के सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के खरीद गांव के अवनीश कुमार (17) एवं किशन कुमार (15) बृहस्पतिवार की दोपहर अपने दो साथियों के साथ सरयू नदी में स्थित खरीद घाट पर स्नान कर रहे थे और इसी दौरान सभी युवक डूब गए। उन्होंने बताया कि दो युवक तो निकल आए, लेकिन अवनीश कुमार एवं किशन कुमार का पता नही चल सका।घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस गोताखोरो की सहायता से युवकों की तलाश में जुटी हुई है।

## कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, अमेठी से यही सीखा है मैंने



**अमेठी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बृहस्पतिवार को कहा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है एक ना एक दिन उन्हें जीत जरूर मिलती है, अमेठी से मैंने यही सीखा है। स्मृति ईरानी ने वीडियो कांफ्रेस के जरिए रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा, जिन छात्र छात्राओं का आज इस रोजगार मेले में चयन नहीं हुआ है, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है, उन्हें अपनी कोशिश जारी रखनी चाहिए कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती है। अमेठी से मैंने यही सीखा है। ईरानी ने कहां कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद देश के इतिहास में पहली बार कौशल विकास के लिए मंत्रालय बनाया। उन्होंने कहा कि यह मंत्रालय अकेले काम नहीं करेगा, बल्कि दूसरे मंत्रालय भी इसके साथ मिलकर काम करेंगे जिसका नतीजा है कि आज अमेठी के नवोदय विद्यालय में छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ इस रोजगार मेले में देखी गई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद

**न्यायालय ने मात्र 10 दिनों में सुनाया फैसला**

**प्रयागराज।** अपर सत्र न्यायाधीश ध्विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने भूपेंद्र सिंह उर्फ भोनू निवासी किरांव थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज को नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास ;जो अभियुक्त के शेष प्राकृतिक जीवन कॉल तक के लिए कारावास द्धऔर बीस हजार अर्थदंड से दंडित किया अर्थदंड की राशि पीडिता को उसके चिकित्सीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा उसके पुनर्वास हेतु प्रदान की जाएगीध। न्यायालय द्वारा लोक मामले में12 सितंबर को आरोपित किया गया तथा अभियोजन द्वारा साक्षी गणों को साक्ष्य हेतु प्रस्तुत किया गया दिनांक 20 सितंबर 2022 को बहस सुनी गई तथा 21 सितंबर 2022 को न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोष सिद्ध किया गया आज 22 सितंबर 2022 को न्यायालय द्वारा अभियुक्त को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए आजीवन कारावास जो कि उसकी शेष प्राकृतिक जीवन तक के लियेरहेगा तथा बीस हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया इस प्रकार न्यायालय ने मात्र 10 दिनों में उपरोक्त मामले का निस्तारण किया वादिनी मुकदमा के अनुसार वह 10 अगस्त 2022 को अपने मायके अंतर्गत थाना कोतवाली नगर आई थी दिनांक 12 अगस्त 2022 को समय 7रू30 शाम उसकी 6 वर्षीय पुत्री उसके भाई की पुत्री के साथ दावत खाने गई थी दावत खाकर वापस आते समय रास्ते में उसकी पुत्री पीडिता को एक आदमी खेत में बहला.फुसलाकर ले गयाध् जब मेरी भतीजी रोते हुए घर आई और बताया तब हम लोग उसको खोजना शुरू किया तब पीड़िता को उक्त आदमी खेत में लेकर लेटा था मेरी पुत्री पीड़िता रो रही थी उसने बताया की इस व्यक्ति ने उसके पेशाब के रास्ते में उंगली डाल दी जिससे उसे दर्द हो रहा है पीड़िता के पेशाब के रास्ते में खून आ रहा था इस बीच गांव के कुछ लोग एकत्र हो गए और उस व्यक्ति से पूछा तो उसने अपना नाम भूपेंद्र सिंह निवासी किरांव थाना मऊआइमा बताया अभियोजन की तरफ से पीड़िताए उसकी मांए चश्मदीद साक्षीए डॉक्टरए प्रधानाचार्य एविवेचकए तथा रेडियोलॉजिस्ट को साक्ष्य हेतु प्रस्तुत किया गया जिन्होंने उपस्थित होकर घटना के बारे में स्पष्ट साक्ष्य दिया अभियुक्त द्वारा अपने बचाव में उम्र के बाबत एक प्रार्थना पत्र टी सी लगाकर नाबालिक घोषित किए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया न्यायालय द्वारा उक्त टीसी को जांच उपरांत फर्जी पाए जाने पर उक्त प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया और अभियुक्त को बालिग माना। न्यायालय ने यह पाया कि दौरान विवेचना विवेचक द्वारा विवेचना में लापरवाही बरती गई है जो कतई क्षम्य नहीं है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत छात्र छात्राओं ने निकाली जल यात्रा



**बांदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जिलाधिकारी श्री अनुराग पटेल ने अशोक लाट तिराहे से केन नदी तक विभिन्न विद्यालयों के छात्रध्छात्राओं की जल यात्रा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा रैली में बच्चों के साथ जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण इस जल यात्रा में पैदल चलकर केन नदी तट तक गये। इस जल यात्रा रैली का उद्देश्य जल को बचाने तथा जल संरक्षित करना है। यह जल यात्रा रैली जिलाधिकारी के नेतृत्व में अशोक लाट तिराहे से संकट मोचन मंदिरए जेल रोड चैराहा होते हुए केन नदी तक आयोजित की गयी। रैली में छात्रध्छात्राओं द्वारा जल संरक्षण व संचयन हेतु संदेश प्रदान करने के लिए जल ही जीवन हैए जल है तो कल हैए जल बचाओ.कल बचाओए पानी की रक्षा है.देश की सुरक्षा आदि स्लोगन के द्वारा जल को संचयनध्बचाने के लिए लोंगो को प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने केन नदी के तट पर जल यात्रा रैली के समापन पर उपस्थित समाजसेवियोंए विभिन्न विद्यालय के छात्रध्छात्राओं एवं अध्यापकों तथा गणमान्य लोंगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण एवं वर्षा जल की एक.एक बूंद को एकत्र करना बहुत महत्वपूर्ण है। बुन्देलखण्ड में जल संरक्षण की बहुत बडी आवश्यकता है तथा जल ही जीवन की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए जल संचयन करना बहुत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जल संचयन एवं जल के बचाव हेतु लोंगो में जन.जागरूकता लाने हेतु इस जल यात्रा रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के 1725 जूनियर एवं प्राथमिक विद्यालयों तथा 200 इण्टर कॉलेज के छात्रध्छात्राओं द्वारा जल यात्रा का आयोजन कर लोंगो को जल बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षा जल के संचयन हेतु हम सभी लोंगो को नदियोंए पोखरोंए तालाबों को संरक्षित करते हुए वर्षा के जल को एकत्र करना हैए जिससे कि भूगर्भ जल का स्तर बढे और आने वाले समय में जल संकट से बचाव हो सके।

### हवालात से दो आरोपी हुए फरार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र मे बृहस्पतिवार को चोसाना पुलिस चौकी की हवालात से दो आरोपी भाग गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस ने डकैती की योजना बनाने के आरोप में गुफरान और रहीस नामक बदमाशो को बुधवार रात पकड़ कर चोसाना पुलिस चौकी की हवालात मे बंद किया था, लेकिन वे दोनो पुलिस कांस्टेबल योगेंद्र की लापरवाही से भाग निकले। उन्होंने बताया कि इस मामले मे दोनो फरार बदमाशों और लापरवाही के आरोपी सिपाही योगेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। उन्होने बताया कि योगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें जगह-जगह दबिश दे रही है।

### काव्य गोष्ठी का आयोजन

**गोंडा।** हिंदी पखवाड़ा 14 से 29 सितम्बर के तहत आदर्श रेलवे जंक्शन गोंडा के संयुक्त कार्यालय के सभागार में क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार की अध्यक्षता में हास्य सम्राट स्व0 जी0पी0 श्रीवास्तव की जयंती एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। काव्य गोष्ठी में साहित्यकार डा0 सूर्यपाल सिंह, शिवाकांत मिश्र 'विद्रोही', विनय कुमार शुक्ल 'अक्षत', सुरेंद्र कुमार 'झंझट', उमेश सोनी, परीक्षित तिवारी 'प्रेम गोंडवी' एवं कवियत्री श्रीमती नीता सिंह आदि ने हास्य सम्राट स्व0 जी0पी0 श्रीवास्तव के जीवन वृत्त व हिंदी साहित्य में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही अपनी रचनाओं से श्रोतागणों को मंत्रमुग्ध किया।

### सुर्खियों में आए अंशुमन और स्पर्श

**नोएडा।** नेटफ्लिक्स के जामताड़ा, सबका नंबर आएगा, और भी ट्विस्ट और बड़े घोटालों के साथ एक बार फिर जल्द दस्तक देने वाला है। 23 सितंबर को यह शो नए सीजन के साथ लौट रहा है। दूसरा सीजन सत्ता की हलचल पर केंद्रित होगाए क्योंकि इसमें नए खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। अत्याचारियों और पीड़ितों के बीच संघर्ष पहले से भी कहीं ज्यादा गहराने वाला है। स?पर्श श्रीवास?तव और अंशुमन पुष?कर ने पहले सीजन में पर्दे पर ?यार और नफरत के अपने अनूठे खट्टे.मीठे संबंधों को साकार किया था और दर्शकों ने इन दोनों के बेहतरीन अभिनय का आनंद उठाया। दोनों के बीच परदे पर कजिन भाइयों वाला यह रिश्ताए परदे के बाहर भी बखूबी नजर आता है।

### ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स का नाच, गाना, हंगामा 2 अक्टूबर को

**वाराणसी।** ज़ी टीवी ने एक फन एपिसोड 'नाच, गाना, हंगामा एंड गेम्स नाइट' होस्ट करके ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के सालाना जलसे की शुरुआत की और हमें कहना होगा कि यह वाकई सितारों से सजी एक शानदार शाम थी!शूटिंग के दौरान हर कुटुंब ने नाच, गाना, हंगामा एंड गेम्स नाइट में मेगा प्राइज़ जीतने के लिए अपना बेस्ट प्रदर्शन किया। हालांकि इस मौके पर ऋषि यानी रोहित सुचंती का भाग्य यकीनन उनका साथ नहीं दे रहा था और वो अपनी लेडी लक लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे) को बहुत मिस कर रहे थे क्योंकि वो सारे गेम्स में हार रहे थे। रोहित ने शूटिंग के दौरान यह तक कह दिया, 'चूंकि आज यहां लक्ष्मी नहीं है, मेरा भाग्य साथ नहीं दे रहा।

### इलेक्ट्रिक सिटी बस के एसी में गैस भरते समय धमाका, मैकेनिक की मौत-दो घायल

**बरेली** । बरेली शहर में संचालित इलेक्ट्रिक सिटी बस मे बृहस्पतिवार की दोपहर एयर कंडीशनर (एसी) मे गैस भरते समय धमाका हो गया। इस घटना मे एक मैकेनिक की मौत हो गई तथा दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिलाधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने घटना की जांच के आदेश दिए है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम भी अपने स्तर पर जांच कराएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रिक बस का एयर कंडीशनर काम नही कर रहा था और उसमें नाइट्रोजन गैस डाली जा रही थी, लेकिन इसी दौरान कम्प्रेसर फट गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में विजय कुमार (32 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य एसी मैकेनिक नरेंद्र और सर्विस इंजीनियर बबलू गंभीर रूप से घायल हो गए।

## किसान असलम कर रहे आय बढ़ाने की मंशा को फलीभूत

आलोक निगम। बाँदा



**बुंदेलखंड** के प्रगतिशील किसान बकरी पालन के जरिए भूमिहीन गरीब किसानों की आय बढ़ाने की मंशा को किसान असलम फलीभूत कर रहे हैं। बुंदेलखंड जैविक कृषि फार्म में सिरोही नस्ल की एक सौ से ज्यादा बकरियां पाल रहे हैं बकरियां गरीबों का आय का जरिया बन रही है। बुंदेलखंड के 200 से ज्यादा गरीब किसानों को तरक्की की राह दिखा चुके हैं जो बकरी पालन का बेहतर आय ले रहे हैं कृषि विश्वविद्यालय से लेकर नई दिल्ली कृषि अनुसंधान केंद्र तक से उन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए कई पुरस्कार मिल चुके हैं। असलम इस समय बुंदेलखंड में दैवीय आपदा और गरीबी की मार झेल रहे किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। आपको बताते चलें कि बड़ोखर खुर्द ब्लाक के कनेरा लालपुर गांव में प्रगतिशील किसान मोहम्मद असलम प्राकृतिक खेती के साथ मछलीए बकरी और मुर्गी पालन भी कर रहे हैं जैविक व एकीकृत खेती के जरिये अपने लगभग 20 बीघा के कृषि फार्म में वह हैद्य प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए की आय ले रहे हैं कृषि प्रौद्योगिकविश्वविद्यालय से लेकर नई दिल्ली कृषि अनुसंधान केंद्र तक से इन्हें उत्कृष्ट कार्यपुरस्कार मिल चुका हैद्य असलम इस समय बुंदेलखंड में दैवीय आपदा व गरीबी की मार झेल रहे किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं चित्रकूट जनपद के दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान और केंद्र गनीवा फार्म में बकरी पालन का अध्ययन किया और उनके प्रयासों की काफी सराहना की जा रही हैद्य साथ ही कई बकरियां खरीद कर चित्रकूट जनपद में वितरित कराया उनके कृषि फॉर्म में चित्रकूट बांदा हमीरपुर महोबा ललितपुर जालौन से किसान बकरी पालन के टिप्स लेने आ रहे हैं। सिरोही नस्ल की बकरियों से फायदे बांदा प्रगतिशील किसान मोहम्मद असलम कहते हैं कि सिरोहीए बरबरीए गुजैनीए बुंदेलखंडीएनस्ल की बकरी बुंदेलखंड के किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी हैद्य मोहम्मद असलम ने बताया की बांदा गुजैनी मानिकपुर मैं ट्रेनिंग सेंटर बने हैं करीब छोटे किसान इस कार्य को 10 बकरी 1बकरा से शुरू करता है कार्य को शुरू करने में एक किसान की लागत ?55000 आती है और 15 महीने में डेढ़ लाख रुपए मुनाफा होता है इसमें दूध और बच्चों के हिसाब से आय का आकलन होता है एक बकरी में 15 महीने में 15000 का प्रॉफिट होता है लगभग 200 किसान डेढ़ डेढ़ लाख रुपया कमा रहे हैं।

## पीएफआई के पक्ष में आए सपा सांसद बर्क, पूछा- आखिर जुर्म क्या है

**संभल।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के ठिकानों पर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) की छापेमारी और उसके पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के अभियान के बीच संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद शफीक-उर-रहमान बर्क ने पीएफआई की हिमायत करते हुए कहा कि इस संगठन के लोगों का जुर्म क्या है। बर्क ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में पीएफआई के खिलाफ जारी कार्वाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर उसका जुर्म क्या है और देश की तमाम संस्थाओं की तरह पीएफआई भी एक संस्था है, जैसे दूसरी संस्थाएं अपने कार्यक्रम चलाती हैं, वैसे ही पीएफआई भी अपने कार्यक्रम संचालित करता है। उन्होंने कहा कि यह संस्था देश के मुसलमानों की समस्याओं से लड़ रही है। आखिर उसके लोगों को क्यों गिरफ्तार किया जा रहा है। गौरतलब है कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश में हुई हिंसा के मामले में पीएफआई का नाम आया था। एनआईए-पीएफआई के वित्तपोषण को लेकर केरल, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु समेत कई राज्यों में छापेमारी कर रही है। इस दौरान अनेक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## बर्दाश्त नहीं की जायेंगी आपराधिक गतिविधियां

**कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखना पहली प्रथमिकताः शिल्पा**

हेमंत पाठक। गोंडा



**जिले** में कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुश्री शिल्पा वर्मा को कौड़िया थाने की कमान सौंपी है। पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुश्री शिल्पा वर्मा ने पायनियर से खास बातचीत के दौरान दो टूक शब्दों कहा कि थानाक्षेत्र में अपराधियों को खुलेआम घूमने नहीं दिया जायेगा, उन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए उन्हें उनके सही ठिकाने पर पहुंचाने का काम होगा। साथ ही कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रभावी प्रयास होंगे। पूरी निष्ठा व टीम भावना के तहत थानाक्षेत्र में अपराध का ग्राफ कम करने का कार्य किया जायेगा। थानाक्षेत्र में आगामी पड़ने वाले त्यौहारों को शांतिपूर्वक व सकुशल सम्पन्न कराया जायेगा। साथ ही शासन की मंशानुसार महिला संबंधी मामलों में प्राथमिकता से त्वरित कार्यवाही होगी। थाने पर आने वाले सभी फरियादियों की हर छोटी से छोटी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निराकरण कराया जायेगा। थानाक्षेत्र में पैदल गस्त व रात्रि गस्त बढ़ाते हुए अपराधियों की धड़पकड़ में तेजी लाई जायेगी। उन्होंने बताया कि वे 2018 बैच की पीपीएस आफीसर हैं और कासगंज जिले की मूल निवासी हैं। बी0एस-सी0 (स्नातक) करने के उपरान्त अपनी लगन व कठोर परिश्रम के दम पर इस मुकाम पर पहुंची हैं। पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया कि सामान्य व्यापारिक परिवार से हैं।

**मादक पदार्थों समेत शातिर अपराधी गिरफ्तारः** गोंडा। करनैलगंज पुलिस ने एक शातिर अपराधी को मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पासिन पुरवा कादीपुर निवासी पवन पासी हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसे घेर कर पकड़ लिया। उसके पास से अवैध मादक पदार्थ भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार कर्ता टीम में एसआई अजय कुमार सिंह, आरक्षी आलोक यादव व अवनीश यादव शामिल रहे।

**चोरी के माल सहित 03 चोर गिरफ्तारः**गोंडा। थाना परसपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान 03 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के सामान भी बरामद किये है।यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। इसीक्रम में थाना परसपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान तीन शातिर चोरों मनोज गोस्वामी, संदीप नाई व हिमांशु लोनिया को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 अदद गैस चूल्हा, 02 अदद कढ़ाई, 01 अदद कुकर, 01 अदद छनौटा व 02 अदद डोल्ची बरामद किया है। उक्त अभियुक्तों ने होटल दिव्या प्रकाश में चोरी की थी। जिसके संबंध में थाना परसपुर में अभियोग पंजीकृत था।

# बुमराह को लेकर असमंजस बरकरार, दूसरा टी-20 आज

## ● डेथ ओवरों की गेंदबाजी भारत के लिए चिंता का सबब

**भाषा।** नागपुर

**पहले मैच** में बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला जीवंत रखने के लिए शुक्रवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगी लेकिन स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर अब भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बुमराह ने इंग्लैंड दौरे के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। वह पीठ दर्द के कारण एशिया कप में नहीं खेले थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए उन्हें टीम में चुना गया लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें मोहाली में पहले मैच में अंतिम एकादश में नहीं रखा। इससे यह आशंका पैदा हो गई क्या वह अभी पूरी तरह से फिट है या नहीं। भारतीय टीम अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर चिंतित है जिसमें ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शामिल है। उन्होंने जो पिछले 14 ओवर किए हैं उनमें 150 रन लुटाए हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार डेथ ओवरों में नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19वें ओवर में गेंद संभाली लेकिन इन तीन ओवरों में उन्होंने 49 रन लुटाए। ऐसी परिस्थितियों में भारत के लिए बुमराह का फिट होना बेहद जरूरी हो गया है। भारत को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप से पहले अभी पांच मैच खेलने हैं और इन मैचों में उसे अपनी सभी कमजोरियों को दूर करना होगा। भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। एशिया कप से पहले जहां भारत के लिए शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों का रवैया परेशानी का सबब बना हुआ था वहीं अब गेंदबाजी उसके लिए चिंता का विषय बन गया है क्योंकि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भारतीय गेंदबाजों की कमजोरी खुलकर सामने आई है। किसी भी तरह की परिस्थिति में भारत के मुख्य स्पिनर रहे यूज़वेंद्र चहल में पहले की तरह मारक क्षमता नहीं दिख रही है। पिछले कुछ मैचों में वह काफी महंगे साबित हुए हैं। उन्हें उन विकेटों पर भी अच्छा प्रदर्शन करने का तरीका ढूंढना होगा जो कि स्पिनरों के मददगार नहीं होते हैं। रविंद्र जडेजा के चोटिल होने के कारण टीम में लिए गए ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने हालांकि पिछले मैच में तीन विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की। पिछले मैच में भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा और उसने तीन आसान कैच टपकाए। इसके लिए पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी टीम की आलोचना की थी। बल्लेबाजी में आक्रमक रवैए का फायदा मिल रहा है। पिछले मैच में इसी अंदाज में बल्लेबाजी करके राहुल, हार्दिक और सूर्यकुमार ने रन बटोर कर स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया था जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली जल्दी आउट हो गए थे। टीम में फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक को पिछले मैच में ज्यादा मौका नहीं मिला और उन्हें यहां अधिक मौका दिया जा सकता है ताकि विश्व कप के लिए विकल्प खुले रहें। दूसरी तरफ आस्ट्रेलिया हर विभाग में सुगठित नजर आ रहा है जबकि उसकी टीम में वॉर्नर, स्टार्क, स्टोइनिस और मार्श जैसे खिलाड़ी नहीं है। वॉर्नर की अनुपस्थिति में पारी का आगाज करने के लिए भेजे गए कैमरन ग्रीन ने अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई।


पिच को तैयार करते स्टेडियम कर्मी

### बुमराह तैयार, चिंता की कोई बात नहीः सूर्यकुमार



**नागपुर।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओ को खारिज करते हुए कहा कि चिंता की कोई बात नही है और यह तेज गेंदबाज पीठ की चोट से उबर कर मैदान पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय में अंतिम एकादश का हिस्सा नही थे। चोट से वापसी कर रहे इस गेंदबाज को टीम प्रबंधन ने थोड़ा और समय देने का फैसला किया था। बुमराह इंग्लैड दौरे के बाद से भारतीय टीम का हिस्सा नही है। दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले सूर्यकुमार से ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में जब बुमराह की फिटनेस और टी20 टीम में उमेश यादव को लेकर योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे किसी खिलाड़ी पर टीम की योजना को लेकर कोई जानकारी नही है। यह मेरा विभाग नही है।

### कार्तिक और पंत दोनों भारत की टी20 विश्व कप अंतिम एकादश में देखना चाहते हैं पोंटिंग

**दुबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत इतने काबिल बल्लेबाज है कि एक साथ टी20 विश्व कप की टीम में जगह बना सकते है। आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक मे पोंटिग ने लिखा , भारतीय क्रिकेट हलकों में लंबे समय से यह बहस हो रही है कि टीम मे विकेटकीपर बल्लेबाज कौन होगा। कार्तिक शानदार फिनिशर है तो पंत की प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नही है। भारत ने दोनों को टीम में रखा है और पोंटिग का मानना है कि यह सही फैसला है। उन्होने कहा , मेरा मानना है कि दोनो भारतीय टीम मे जगह के हकदार है। इससे कोई फर्क नही पड़ता कि दोनों विकेटकीपर है। उनकी बल्लेबाजी इतनी दमदार है। पंत मध्यक्रम में और कार्तिक फिनिशर के तौर पर काफी खतरनाक हो सकते हैं। पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी और भारत के जसप्रीत बुमराह का मुकाबला होने पर पोंटिग का मानना है कि अनुभव के मामले में बुमराह का पलड़ा भारी है।

# आईओए संविधान में संशोधन के लिए पूर्व न्यायाधीश नागेश्वर राव को कोर्ट ने दी जिम्मेदारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के संविधान में संशोधन और निर्वाचक मंडल तैयार करने के लिए गुरुवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव को नियुक्त किया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश राव देश में ओलंपिक के भविष्य को लेकर निष्पक्ष और विकास परक रवैया सुनिश्चित करेंगे। न्यायालय ने न्यायमूर्ति राव से कहा कि वह संविधान में संशोधन और 15 दिसंबर 2022 तक चुनाव कराने के लिए खाका तैयार करें। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही आईओए के मौजूदा महासचिव राजीव मेहता और उपाध्यक्ष आदिल सुमरिवाला को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) की 27 सितंबर को होने वाली बैठक में भाग लेने की अनुमति भी प्रदान की। पीठ ने कहा, युवा मामले और खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव न्यायमूर्ति राव को तमाम व्यवस्था सुलभ कराएंगे जिस की प्रतिपूर्ति आईओए करेगा। पीठ में न्यायमूर्ति हिमा कोहली भी शामिल थी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने आठ सितंबर को आईओए को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि वह शासन से जुड़े अपने मुद्दों को सुलझाए और दिसंबर तक चुनाव संपन्न करें। इनमें विफल होने पर विश्व संस्था भारत पर प्रतिबंध लगा देगी। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की स्विजरलैंड के लुसाने में हुई बैठक में नरिन्दर बत्रा के भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पद से हटने के बाद किसी कार्यवाहक या अंतरिम अध्यक्ष को मान्यता नहीं देने का फैसला भी किया गया था। उसने कहा था कि वह किसी भी विषय पर बात करने के लिए महासचिव राजीव मेहता से संपर्क करेगा।

### जम्मू कश्मीर में तीन दिवसीय साइकिल प्रतियोगिता शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई नए स्थलों से गुजरने वाली साइकिल प्रतियोगिता कश्मीर साइक्लोथॉन को मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में भारत और नेपाल के लगभग 60 साइकिल चालक भाग ले रहे हैं। इसे यहां रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ क्लब से हरी झंडी दिखाई गई।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच के टिकट खरीदने को लेकर अफरा-तफरी, चार घायल

**हैदराबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां 25 सितंबर को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकट खरीदने को लेकर जिमखाना मैदान पर गुरुवार को अफरा-तफरी का माहौल बन गया जिसमे चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि धक्का-मुक्की होने के कारण कुछ लोग असहज महसूस करने लगे जिनमे कुछ महिलाएं भी शामिल थी। घायलो मे दो महिलाएं शामिल थी जिनकी स्थिति अब अच्छी है। उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

### भारत में आईपीएल खेलने का अनुभव काम आया : टिम डेविड

**नागपुर।** सिंगापुर मे जन्मे आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टिम डेविड ने बृहस्पतिवार को कहा कि आईपीएल के दौरान भारतीय हालात में खेलने के अनुभव से उन्हे पहले टी20 मैच मे दबाव मे संयम बनाए रखने मे मदद मिली। डेविड ने पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए आईपीएल मे पदार्पण किया था। इसके बाद उन्हे मुंबई इंडियंस ने खरीद लिया जिसके लिए इस साल उन्होने आठ मैच खेले।

### कपूर ने बढ़त बनाई, संधू चौथे पायदान पर

**लिंकोऊ।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर यांगडर टीपीसी चैम्पियनशिप के पहले दिन गुरुवार को यहां आठ अंडर 64 के शानदार कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। कपूर ने एक ईगल और आठ बर्डी लगाए। उन्होंने इस दौरान दो बोगी भी किए। कोविड-19 के कारण तीन साल तक स्थगित होने के बाद एशियाई टूर पर इस टूर्नामेंट की वापसी हुई है। एशियाई टूर पर चार बार के विजेता कपूर के पास दो शॉट की बढ़त है। अजितेश संधू ने यहां पांच अंडर 67 का कार्ड खेला और वह संयुक्त चौथे स्थान पर है।

### निशानेबाजी जूनियर विश्व चैम्पियनशिप : भारत की झोली खाली

**ओसिएक (क्रोएशिया)।** भारतीय जूनियर ट्रैप टीम यहां आईएसएसएफ विश्व शॉटगन चैम्पियनशिप में पदक नही जीत सकी। जूनियर पुरूष वर्ग मे शपथ भारद्वाज और महिला वर्ग मे भव्या त्रिपाठी ने सात भारतीय निशानेबाजों मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शपथ दो दिन क्वालीफाइंग दौर के 111 के स्कोर के साथ 15वें और भव्या 103 स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रही। जूनियर पुरूष ट्रैप के आर्य वंश त्यागी और शारदुल विहान क्रमशः 32वें और 37वें स्थान पर रहे। जूनियर महिला वर्ग मे सबीरा हैरिस 19वें, प्रीति रजक 22वें और आद्या त्रिपाठी 32वें स्थान पर रही।

### विश्व कप में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहते हैं: ललित

**बेंगलुरू।** भारतीय हॉकी टीम के फॉरवर्ड ललित उपाध्याय ने कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाले विश्वकप में घरेलू परिस्थितियो का फायदा उठाकर पिछले 48 वर्षो से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म करना चाहती है। भारत अगले साल 13 से 29 जनवरी के बीच भुवनेश्वर और राउरकेला मे पुरूष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2018 में खेला गया था और तब भारत क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से।-2 से हारकर बाहर हो गया था।

# अगले साल से अपने पुराने प्रारूप में लौटेगा आईपीएल : गांगुली

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के सत्र से कोविड-19 से पहले के अपने मूल प्रारूप में वापसी करेगा, जिसमें टीमें अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान पर मैच खेलती थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस संबंध में बोर्ड से मान्यता प्राप्त इकाइयों को अवगत करा दिया है। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी फैलने के कारण आईपीएल कुछ स्थानों पर ही आयोजित किया गया। वर्ष 2020 में इसका आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के तीन स्थानों दुबई, शारजाह और अबुधाबी में खाली स्टेडियमों में किया गया था। वर्ष 2021 में इस टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन चार स्थानों दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और चेन्नई में किया गया। लेकिन अब महामारी नियंत्रण में है और इसलिए यह लीग घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान के पुराने प्रारूप में खेली जाएगी। गांगुली ने राज्य इकाइयों को भेजे गए संदेश में कहा, आईपीएल को अगले साल से घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान पर मैच खेलने के प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। सभी 10 टीमें अपने घरेलू मैच अपने तय स्थल पर खेलेंगी। बीसीसीआई 2020 के बाद पहली बार अपना पूर्ण घरेलू सत्र का आयोजन कर रहा है जिसमें टीमें घरेलू और विरोधी टीम के मैदान के पुराने प्रारूप में खेल रही हैं। बीसीसीआई इसके अलावा अगले साल के शुरू में बहु प्रतीक्षित महिला आईपीएल का आयोजन करने की भी योजना बना रहा है। पीटीआई ने पिछले महीने रिपोर्ट दी थी कि महिला आईपीएल का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के बाद मार्च में किया जा सकता है। गांगुली ने 20 सितंबर को भेजे गए संदेश में कहा, बीसीसीआई अभी बहुप्रतीक्षित महिला आईपीएल के आयोजन पर काम कर रहा है। इसका पहला सत्र अगले साल के शुरू में आयोजित किया जा सकता है। महिला आईपीएल के अलावा बीसीसीआई लड़कियों के अंडर-15 एक दिवसीय टूर्नामेंट को भी आयोजित करने जा रहा है।



### आईसीसी अध्यक्ष पद मेरे हाथ में नही

**कोलकाता।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने आईसीसी का अध्यक्ष बनने की अटकलों पर विराम लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आईसीसी अध्यक्ष पद उनके हाथ में नही है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने जुलाई मे अगला अध्यक्ष नवंबर महीने मे चुनने को मंजूरी दी थी। बर्मिंघम मे हुई बैठक के बाद यह तय किया गया कि ग्रेग बार्कले का कार्यकाल इस साल खत्म होने के बाद चुनाव सामान्य बहुमत से कराए जाएंगे और अगले अध्यक्ष का कार्यकाल एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2024 के बीच होगा। उसके बाद से गांगुली के नाम की अटकले लगाई जा रही है। उनसे इस बारे मे पूछने पर उन्होने कहा , आईसीसी अध्यक्ष पद मेरे हाथ मे नही है। आईसीसी बोर्ड ने तय किया है कि अब अध्यक्ष के चुनाव के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत नही है। नए सुझाव के तहत उम्मीदवार को 51 प्रतिशत मतों की जरूरत है। भारतीय टीम पिछले कुछ अर्से से फॉर्म मे नही है और गांगुली ने स्वीकार किया कि बड़े टूर्नामेंटो मे अच्छा प्रदर्शन नही कर पाना चिंता का विषय है।

### बीसीसीआई की एजीएम 18 अक्टूबर को, आईसीसी में भारत के प्रतिनिधि का चयन

**मुंबई।** बीसीसीआई ने 18 अक्टूबर को मुंबई मे आमसभा की सालाना बैठक कराने की पुष्टि की है। बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा भेजी गई सूचना मे यह जानकारी दी गई है। बैठक मे बोर्ड के पदाधिकारियों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के चुनाव पर भी बात की जाएगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद मे भारत के प्रतिनिधि का चयन भी होगा। फिलहाल दो उम्मीदवार दौड़ मे है जिनमे 77 वर्षीय पूर्व दिग्गज प्रशासक एन श्रीनिवासन और बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगुली शामिल है। बैठक के एजेंडे मे 29 बिंदु है। भारतीय क्रिकेटर संघ से शीर्ष परिषद मे दो प्रतिनिधियों (एक महिला और एक पुरूष) का चयन होगा।

### गांगुली, कोहली ने बीसीसीआई सचिव जय शाह को जन्मदिन पर बधाई दी


**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बोर्ड के सचिव जय शाह को गुरुवार को उनके 34वें जन्मदिन पर बधाई दी। कई पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरो ने भी 2019 से बोर्ड के सचिव पद पर काबिज शाह को सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी। गांगुली ने ट्विटर पर लिखा, जय शाह को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। ईश्वर उन्हे खुशियों और सफलताओ से भरी स्वस्थ और लंबी उम्र दे। कोहली ने ट्वीट किया, जय शाह आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। शाह को पिछले साल एशियाई क्रिकेट परिषद का भी अध्यक्ष चुना गया था। हरभजन सिंह, शिखर धवन और सूर्यकुमार यादव तथा महिला क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मिताली राज ने भी शाह को जन्मदिन पर बधाई दी।

# हरमनप्रीत और रेणुका चमकी

## ● भारत ने 23 साल बाद इंग्लैंड में वनडे श्रृंखला जीती

**भाषा।** कैंटरबरी

**कप्तान हरमनप्रीत** कौर की नाबाद 143 रन की आकर्षक शतकीय पारी और रेणुका सिंह के चार विकेट की मदद से भारत ने दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 88 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-। से अजेय बढ़त हासिल की। भारतीय महिला टीम ने इस तरह से इंग्लैंड की धरती पर 1999 के बाद पहली बार एकदिवसीय श्रृंखला जीती। उसने 23 साल पहले इंग्लैंड को 2-। से हराया था। हरमनप्रीत ने अपनी शतकीय पारी में 111 गेंदों का सामना करके 18 चौके और चार छक्के लगाए। यह उनका वनडे क्रिकेट में पांचवा और इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा शतक है। उनके अलावा हरलीन देओल ने 58 और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 40 रन का योगदान दिया जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 333 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह भारतीय महिला टीम का वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। उसने इससे पहले 2017 में आयरलैंड के खिलाफ पोटचेफ्स्ट्रूम में दो विकेट पर 358 रन बनाए थे। हरमनप्रीत की शानदार बल्लेबाजी के बाद मध्यम गति के गेंदबाज रेणुका सिंह ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया तथा 57 रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने इंग्लैंड को 44.2 ओवर में 245 रन पर आउट कर दिया। उसकी तरफ से डैनी वाइट ने सर्वाधिक 65 रन बनाए। भारत इस तरह से दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शानदार विदाई देने में सफल रहा जो अपनी आखिरी वनडे श्रृंखला खेल रही हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार को लॉर्डस में होने वाला तीसरा मैच झूलन का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आखिरी मैच होगा और भारतीय टीम उसमें जीत दर्ज करके क्लीन स्वीप के साथ अपनी इस स्टार खिलाड़ी को विदाई देना चाहेगी। भारत इससे पहले टी20 श्रृंखला।-2 से हार गया था लेकिन वनडे में वह शानदार वापसी करने में सफल रहा और इसका श्रेय कप्तान हरमनप्रीत को जाता है जिन्होंने लगातार मैचों में शानदार पारियां खेली। हरमनप्रीत ने पहले मैच में नाबाद 74 रन बनाए थे जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (आठ) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिसके बाद मंधाना और भाटिया (26) ने पारी संवारने का अच्छा प्रयास किया। इन दोनों के आउट होने के बाद हरमनप्रीत और हरलीन ने चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी। हरमनप्रीत ने इसके बाद पूजा वस्त्राकर (18) के साथ 50 रन और दीप्ति शर्मा (नाबाद 15) के साथ 71 रन की दो उपयोगी साझेदारी की।



### झूलन गोस्वामी को लॉर्ड्स में शानदार विदाई देने को तैयार है भारतः हरमनप्रीत

**कैंटरबरी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि इंग्लैड के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतने के बाद अब उनकी टीम अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शनिवार को लॉर्ड्स मे होने वाले तीसरे वनडे में शानदार विदाई देने के लिए तैयार है। इंग्लैड के वर्तमान दौरे के बाद 39 वर्षीय झूलन गोस्वामी अपने दो दशक तक चले करियर को अलविदा कह देंगी तथा हरमनप्रीत का मानना है कि श्रृंखला मे क्लीन स्वीप करना उनके लिए शानदार विदाई होगी। भारत ने दूसरे वनडे मे इंग्लैड को 88 रन से हराकर 23 साल बाद उसकी धरती पर एकदिवसीय श्रृंखला जीती। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, लॉर्ड्स मे होने वाला आखिरी मैच हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद झूलन संन्यास ले लेंगी और हम बिना किसी दबाव के इस मैच का आनंद लेना चाहते है।


# लावेर कप में युगल में साथ खेलेंगे फेडरर और नडाल



**भाषा।** लंदन

रोजर फेडरर और रफेल नडाल लावेर कप में शुक्रवार को युगल मुकाबला साथ खेलेंगे और यह फेडरर के सुनहरे कैरियर का आखिरी मैच भी होगा। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन फेडरर और लंबे समय से कोर्ट पर उनके प्रतिद्वंद्वी रहे 22 ग्रैंडस्लैम विजेता नडाल टीम यूरोप के लिए टीम विश्व के फ्रांसिस टियाफो और जैक सॉक के खिलाफ खेलेंगे। फेडरर की प्रबंधन कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। एकल मैचों में कैस्पर रूड का सामना सॉक से, स्टेफानोस सिटसिपास का सामना डिएगो श्वार्त्जमैन से और एंडी मे की टक्कर एलेक्स डि मिनाउर से होगी।

### सानिल शेट्टी उलटफेर से बचे, मिश्रित युगल में शीर्ष वरीय बाहर



**सूरत।** पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन और तीसरी वरीयता प्राप्त सानिल शेट्टी उलटफेर का शिकार होने से बच गए जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त जी साथियान और दूसरी वरीयता प्राप्त अचंत शरत कमल अपने अपने मैच जीतकर 36वें राष्ट्रीय खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा में तीसरे दौर में पहुंच गए। स्थानीय मिश्रित युगल टीम मानव ठक्कर और फिलजाह फातिमा कादरी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त महाराष्ट्र के सानिल शेट्टी और आर टेनिसन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पुरूष एकल में शेट्टी उत्तर प्रदेश के दिव्यांश श्रीवास्तव से हार से बच गए। उन्होंने करीबी मुकाबले में 11-5, 7-11, 9 -11, 77-8, 11-9, 7-11, 11-9 से जीत दर्ज की। साथियान ने हरियाणा के वेसले डो रोसेरियो को हराया जबकि शरत ने महाराष्ट्र के रविंद्र कोटियान पर जीत दर्ज की। मानव ठक्कर ने उत्तर प्रदेश के सार्थ मिश्रा को हराया जबकि हरमीत देसाई ने तेलंगाना के मोहम्मद अली को मात दी।

# भारत ए ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड ए को सात विकेट से हराया

**भाषा।** चेन्नई

**मध्यम तेज** गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और कुलदीप सेन की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ए ने बृहस्पतिवार को पहले अनधिकृत वनडे मैच में न्यूजीलैंड ए को सात विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर न्यूजीलैंड ए टीम सौ रन के भीतर सिमटने की कगार पर थी लेकिन माइकल रिप्पोन ने 104 गेंद में 61 और जो वॉकर ने 49 गेंद में 36 रन बनाकर टीम को 40 . 2 ओवर में 167 रन तक पहुंचाया। भारत ए के लिए ठाकुर ने 32 रन देकर चार और सेन ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। भारतीय टीम ने 31 . 5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान संजू सैमसन ने तीन छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 31 और रजत पाटीदार ने 41 गेंद में 45 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ ने 41 और राहुल त्रिपाठी ने 31 रन का योगदान दिया। इससे पहले ठाकुर ने पिच से मिल रही गति और उछाल का पूरा फायदा उठाकर तीसरे ओवर में चाड बोवेस (10) को आउट किया। अगले ओवर में उन्होंने डेव क्लीवेर (चार) को पवेलियन भेजा। सेन ने जो कार्टर (एक) और रचिन रविंद्र (10) को पवेलियन भेजकर कीवी पारी की कमर तोड़ दी। अगले ओवर में सेन ने टॉम ब्रूस को खाता खोले बिना रवाना किया। कप्तान रॉबर्ट ओडोनेल और सीन सोलिया ने मिलकर स्कोर को 51 रन तक पहुंचाया। सोलिया को ऋषि धवन ने आउट किया। ओडोनेल ने 39 गेंद में 21 रन बनाए।


कुलदीप सेन

### इंद्रजीत के शतक से दक्षिण क्षेत्र ने बढत बनाई

**कोयंबटूर।** बाबा इंद्रजीत के शतक और कृष्णप्पा गौतम के 43 रन की मदद से दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन पश्चिम क्षेत्र पर पहली पारी में बढत बना ली। इंद्रजीत ने 125 गेंद मे 118 रन बनाए। उनके अलावा मनीष पांडे ने 48 और गौतम ने 55 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। पश्चिम क्षेत्र के पहली पारी के 270 रन के जवाब में दक्षिण क्षेत्र ने दूसरे दिन सात विकेट पर 318 रन बना लिए थे। एक समय दक्षिण क्षेत्र का स्कोर छह विकेट पर 243 रन था लेकिन हरफनमौला गौतम और टी रवि तेजा (26) ने सातवें विकेट के लिए सिर्फ 16.2 ओवर में 63 रन जोड़े। फाइनल मैच पांच दिन का है लिहाजा अभी इस बढत को काफी नही कहा जा सकता और नियमित बल्लेबाजो मे सिर्फ तेजा ही क्रीज पर है। आर साइ किशोर उनके साथ है जिन्होंने गेंदबाजी में 86 रन देकर पांच विकेट लिए थे। इंद्रजीत ने हनुमा विहारी (25) के साथ 61 रन की साझेदारी की। उन्होंने अपना 13वां प्रथम श्रेणी शतक 14 चौकों की मदद से पूरा किया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए पांडे के साथ 105 रन जोड़े।

### सिर की चोट के लिए मैच के दौरान कठोर टेप के इस्तेमाल से मेरा ध्यान भटका : बजरंग पूनिया



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे अमेरिका के जॉन माइकल दियाकोमिहालिस के खिलाफ मुकाबले के दौरान सिर की चोट के लिए चिकित्सकों के द्वार इस्तेमाल किए गए कठोर टेप से नाराज है। बजरंग ने गुरुवार को कहा कि इस टेप के इस्तेमाल के बाद उन्हे अपने मुकाबले पर ध्यान बनाए रखने में परेशानी हुई। विश्व कप मे अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश मे लगे बजरंग को बेलग्रेड मे अपने शुरुआती मुकाबले के पहले ही मिनट मे क्यूबा के एलेजांद्रो एनरिक व्लादेस टोबियर के खिलाफ सिर मे चोट के कारण खून निकलने लगा था। वहां मौजूद चिकित्सकों ने उनकी चोट के ऊपर कठोर टेप लगाया था, जिसका उपयोग वास्तव मे घुटने और टखने को स्थिर करने के लिए किया जाता है। आमतौर पर टेनिस और बास्केटबॉल खिलाड़ी ऐसे टेप का इस्तेमाल करते है। बजरंग ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार मे कहा, भगवान जाने उन्होंने ऐसा क्यों किया? मुझे इससे काफी परेशानी हुई हुई क्योंकि टेप मे मेरे सिर के बाल फंस गए थे। उन्होंने जख्म पर रूई का इस्तेमाल किए बिना टेप चिपका दिया। टेप हटाने के लिए मुझे एक स्थान से अपने बालो को काटना पड़ा। इसे हटाने मे 20 मिनट से अधिक का समय लग गया। उन्होने कहा, अमेरिकी पहलवान के खिलाफ रणनीति बनाने की जगह मै और मेरी टीम टेप से निजात पाने मे व्यस्त रहे। दो मुकाबलो के बीच मेरे पास 20-25 मिनट का समय था और यह सारा समय टेप हटाने मे निकल गया।

### लियस बेयर कपः एरिगैसी, प्रज्ञानानंद क्वार्टर में



**न्यूयॉर्क।** भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानानंद ने प्रारंभिक चरण में क्रमशः दूसरे और चौथे स्थान पर रहकर जूलियस बेयर जेनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन प्रारंभिक चरण में 34 अंक लेकर पहले स्थान पर रहे जबकि दूसरे स्थान पर रहे एरिगैसी के 25 अंक थे। अमेरिका के हैंस नीमन ने 24 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट के पहले दिन तीन जीत से शानदार शुरुआत करने वाले प्रज्ञानानंद ने 23 अंक हासिल किए। उन्होंने पांच बाजियां जीती, आठ बाजियां ड्रॉ खेली जबकि दो बाजियो में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कार्लसन ने आखिर में शानदार फॉर्म दिखाई और पांच बाजियां जीती। उन्होंने कुल 10 बाजियो में जीत हासिल की। एरिगैसी के लिए आखिरी दिन अच्छा नही रहा।